
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 231
फरीदाबाद, बुधवार, 30 सितंबर, 2020
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



ऑनलाइन क्लासेस के बीच बच्चों की आंखों की ऐसे करें केयर
सेहत -12

**कोरोना मीटर**

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 33,423,249 |
| मौतें | 1,003,008 |
| ठीक | 23,197,023 |
| **भारत** | |
| कुल | 61,70,426 |
| मौतें | 96,573 |
| ठीक | 51,20,833 |

स्रोत: www.covid19india.org

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 36.07°C
न्यूनतम 26.02°C

## क्विक न्यूज

आज का मैच
IPL राजस्थान रॉयल्स vs कोलकाता नाइटराइडर्स

### सनराइजर्स हैदराबाद के चार विकेट पर 162 रन



**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 162 रन बनाए। सनराइजर्स के लिए जॉनी बेयरस्टॉ ने 53 और कप्तान डेविड वार्नर ने 45 रन बनाए।

● विस्तृत खबर पेज-11

### नए मुख्य सचिव संग होंगे नियमित गृह सचिव नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा की मुख्य सचिव केशनी आनंद अरोड़ा बुधवार को सेवानिवृत हो जाएंगी। उनकी जगह गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयवर्धन को नई जिम्मेदारी मिलनी तय मानी जा रही है। यही नहीं नए मुख्य सचिव के साथ नियमित गृह सचिव की नियुक्ति भी संभावना जताई जा रही है। अलबत्ता अफसरशाही में मुख्य सचिव व गृह सचिव की नियुक्ति को लेकर लॉबिंग तेज हो गई है।

### 'सच्चाई से परे है एमनेस्टी इंटरनेशनल का बयान'

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एमनेस्टी इंटरनेशनल के उस बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, अतिरंजित और सच्चाई से परे बताया जिसमें उसने कहा है कि उसे लगातार निशाना बनाया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि मानवीय कार्यों और सत्ता से दो ट्रक बात करने के बारे में दिए गए सुंदर बयान और कुछ नहीं, बल्कि संस्था की उन गतिविधियों से सभी का ध्यान भटकाने का तरीका है, जो भारतीय कानून का सरासर उल्लंघन करते हैं।

### उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू कोरोना पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू रूटीन टेस्ट में कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्हें होम क्वारेंटाइन किया है। उनकी पत्नी उषा नायडू की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट निगेटिव आई है। वह फिलहाल सेल्फ आइसोलेशन में हैं।

लॉकडाउन में लाखों के रोजगार छिने, लाखों उद्योग प्रभावित रहे लेकिन अंबानी मुनाफा कमा रहे थे

# मुकेश अंबानी : पिछले 6 महीनों से हर घंटे 90 करोड़ की कमाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भले** ही लॉकडाउन ने देश की अर्थव्यवस्था को बेपटरी कर दिया था। लाखों के रोजगार छिन गए हैं। लाखों उद्योग प्रभावित हुए। कई बंद होने के कगार पर हैं, लेकिन इस बीच मुकेश अंबानी करोड़ों रुपये कमा रहे थे। मंगलवार को आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट-2020 का नौवां एडिशन जारी किया गया, जिसके मुताबिक मुकेश अंबानी पिछले 6 महीने से हर घंटे 90 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। यह जानकारी हुरुन इंडिया और आईआईएफएल वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड ने अपनी रिपोर्ट में दी है। 31 अगस्त 2020 तक 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की संपत्ति वाले भारत के सबसे धनी लोग इस लिस्ट में शामिल होते हैं।



| रैंक | बिजनेसमैन | नेटवर्थ (करोड़ में) | कंपनी |
|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश अंबानी | 6,58,400 | रिलायंस इंडस्ट्रीज |
| 2 | हिंदुजा ब्रदर्स | 1,43,700 | हिन्दुजा |
| 3 | शिव नाडर एंड फैमिली | 1,41,700 | एचसीएल |
| 4 | गौतम अडानी एंड फैमिली | 1,40,200 | अडानी |
| 5 | अजीज प्रेमजी | 1,14,400 | विप्रो |
| 6 | साइरस एस. पूनावाला | 94,300 | सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया |
| 7 | राधाकिशन दमानी एंड फैमिली | 87,200 | एवेन्यू सुपरमार्ट्स |
| 8 | उदय कोटक | 87,000 | कोटक महिंद्रा बैंक |
| 9 | दिलीप संघवी | 84,000 | सन फार्मा |
| 10 | साइरस पालोनजी | 76,000 | शापूरजी पालोनजी |
| 10 | शापूरजी पालोनजी | 76,000 | शापूरजी पालोनजी |

### राधाकिशन दमानी को मिली जगह

एवेन्यू सुपरमार्ट्स के संस्थापक राधाकिशन दमानी को हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2020 में सातवें स्थान पर जगह मिली है। टॉप 10 की सूची में अन्य नामों में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के साइरस एस पूनावाला, कोटक महिंद्रा बैंक के उदय कोटक, सन फार्मा के दिलीप सांघवी और शापूरजी पालोनजी मिस्त्री ग्रुप के साइरस पालोनजी मिस्त्री और शापूरजी पालोनजी मिस्त्री शामिल हैं।

### हिंदुजा ब्रदर्स दूसरे पायदान पर

लंदन स्थित हिंदुजा बंधुओं (एसपी हिंदुजा, अपने तीन भाइयों के साथ) ने 1,43,700 करोड़ की संपत्ति के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। इनकी कुल संपत्ति 1,43,700 करोड़ बताई गई है। लिस्ट में तीसरे स्थान पर 1,41,700 करोड़ की संपत्ति के साथ एचसीएल के संस्थापक शिव नाडर हैं। उसके बाद चौथे स्थान पर गौतम अडानी और परिवार और पांचवें स्थान पर अजीम प्रेमजी हैं।

इस लिस्ट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी लगातार 9वें साल टॉप पोजीशन पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मुकेश अंबानी की कुल आय 6,58,400 करोड़ रुपये है। पिछले 12 महीनों में उनकी कुल संपत्ति में 73 फीसद की बढ़ोतरी हुई है। 2020 के एडिशन में 828 भारतीय शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 63 साल के अंबानी ने लॉकडाउन के दौरान यानी मार्च से अगस्त तक के बीच में हर घंटे 90 करोड़ रुपये के हिसाब से कमाई की है। वर्तमान में अंबानी एशिया का सबसे अमीर व्यक्ति और दुनिया के चौथे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

# आर्थिक स्थिति में सुधार की गति को लेकर चिंता गहराई

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस संक्रमण के मामलों में लगातार वृद्धि और देश में लगाए गए कड़े लॉकडाउन का प्रभाव जारी रहने से अर्थव्यवस्था पर दबाव बना हुआ, जिससे आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता गहरा गई है। डन एंड ब्राडस्ट्रीट अर्थव्यवस्था के अनुमान पर जारी रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक स्थिति में सुधार की गति धीमी बनी हुई है।

डन एंड ब्राडस्ट्रीट के वैश्विक मुख्य अर्थशास्त्री अरुण सिंह ने कहा कि संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब लगता है कि सुधार की गति धीमी रहेगी। ऐसे में यदि वृद्धि की अंग्रेजी के वी शब्द के आकार की तरह नीचे आने के बाद तेजी से ऊपर भी जाती है, तब भी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का स्तर काफी अहम होगा। ऋण वृद्धि उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जैसा कि सोचा गया था। सिंह ने कहा इसके अलावा लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए ऋण गारंटी योजना सरकार की तरफ से पेश की गई है, इसमें भी कर्ज का उठाव जितना इस समय है उससे अधिक मजबूत रहने की उम्मीद की गई थी। विभिन्न अनुमानों के मुताबिक भारत की कोरोना वायरस से जूझती अर्थव्यवस्था को चालू वित्त वर्ष के दौरान बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ सकता है।

वायुसेना प्रमुख भदौरिया ने कहा, पूर्वी लद्दाख में सुरक्षा परिदृश्य असहज

# न युद्ध, न शांति की स्थिति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**वायुसेना** प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर लंबे समय से चल रहे गतिरोध के संदर्भ में कहा कि हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज है जहां न युद्ध, न शांति की स्थिति है। एयर चीफ मार्शल भदौरिया ने एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वायुसेना ने स्थिति पर तेजी के साथ प्रतिक्रिया दी है और वह क्षेत्र में किसी भी दुस्साहस का जवाब देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हमारी उत्तरी सीमा पर मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य असहज है, जहां न युद्ध, न शांति की स्थिति है। जैसा कि आप अवगत हैं, हमारे सुरक्षाबल किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना अगले दो दशकों में करीब 450 विमान और हेलीकॉप्टर बेड़े में शामिल करने पर विचार कर रही है। इसके अलावा इस अवधि में 200-300 विमानों का उन्नयन करेगी। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि विगत में हासिल किए गए सी-17 ग्लोबमास्टर विमान, चिनूक और अपाचे हेलीकॉप्टरों के साथ हाल ही में वायुसेना में शामिल राफेल लड़ाकू विमानों ने वायुसेना की सामरिक और रणनीतिक क्षमता में खासी बढ़ोतरी की है। उन्होंने भारतीय एरोस्पेस उद्योग से जुड़े एक सम्मेलन में कहा कि भविष्य में होने वाले किसी भी संघर्ष में वायुशक्ति हमारी जीत में अहम कारक रहेगी। इसलिए यह जरूरी है कि वायुसेना अपने दुश्मनों के खिलाफ प्रौद्योगिकी में बढ़त हासिल करे और उसे बरकरार रखे।

फ्रांस में निर्मित पांच बहुउद्देशीय राफेल लड़ाकू विमानों को 10 सितंबर को वायुसेना में औपचारिक रूप से शामिल किया गया। विमानों का यह बेड़ा पिछले कुछ हफ्तों से पूर्वी लद्दाख में उड़ानें भर रहा है। भारतीय वायुसेना ने पहले ही सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर और मिराज 2000 जैसे अपने सभी प्रमुख लड़ाकू विमानों को पूर्वी लद्दाख में प्रमुख सीमावर्ती अड्डों और वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगे अन्य स्थानों पर तैनात किए हैं। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि हल्के लड़ाकू विमान तेजस की दो स्क्वाड्रन और सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों में कुछ स्वदेशी हथियारों को बेहद कम समय में लगाया जाना देश के स्वदेशी सैन्य उपकरण बनाने की क्षमता को दर्शाता है।



### पांचवीं पीढ़ी के विमानों के स्वदेशी विकास का भी किया समर्थन

वायुसेना प्रमुख ने पांचवीं पीढ़ी के विमानों के स्वदेशी विकास का भी जोरदार समर्थन किया। भदौरिया ने हल्के लड़ाकू विमान तेजस के विकास से जुड़े सभी पक्षों को बधाई देते हुए कहा कि हम पांचवीं पीढ़ी के विमानों के स्वदेशी विकास का पूरा समर्थन करते हैं। हमें छठी पीढ़ी की प्रौद्योगिकी के साथ पांचवीं पीढ़ी के विमान के लिए एकल बिंदु एजेंडा की आवश्यकता है। उन्होंने अपने हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली नेत्र के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की सराहना की और इसे एक शानदार उपलब्धि बताया। भदौरिया ने डीआरडीओ और रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों से कहा कि वे प्रमुख परियोजनाओं में निजी क्षेत्र को शामिल करें और उनके साथ अपने जैसा बर्ताव करें। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हम 450 विमानों के ऑर्डर पर गौर कर रहे हैं। इसमें हेलीकॉप्टरों का बेड़ा भी शामिल होगा।

### भारत ने चीन को दिया करारा जवाब

भारत ने मंगलवार को चीन को करारा जवाब देते हुए कहा कि उसने 1959 में एकतरफा रूप से परिभाषित तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को कभी स्वीकार नहीं किया है और चीनी पक्ष सहित सभी इस बारे में जानते हैं। मंत्रालय ने उम्मीद व्यक्त की कि पड़ोसी देश तथाकथित सीमा की अपुष्ट एकतरफा व्याख्या करने से बचेगा। चीन के इस नजरिये को नई दिल्ली ने खारिज किया कि बीजिंग एलएसी की अवधारणा पर 1959 के अपने रुख को मानता है। पूर्वी लद्दाख में लगभग पांच महीने से चले आ रहे गतिरोध के बीच चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग एलएसी की अवधारणा के बारे में 1959 के अपने रुख को मानता है। चीन के बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने मुद्दे पर मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा, भारत ने कभी भी 1959 में एकतरफा रूप से परिभाषित तथाकथित वास्तविक नियंत्रण रेखा को स्वीकार नहीं किया है। यही स्थिति बरकरार रही है और चीनी पक्ष सहित सभी इस बारे में जानते हैं।

### पत्नी से पिटाई के आरोपी एडीजी पुरुषोत्तम शर्मा सस्पेंड

**भोपाल।** पत्नी की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद एमपी के एडिशनल डायरेक्टर जनरल पुरुषोत्तम शर्मा पर राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। राज्य के गृह विभाग की ओर से एडीजी को सस्पेंड कर दिया गया है। गृह विभाग की ओर से वायरल वीडियो में पत्नी की पिटाई को लेकर स्पष्टीकरण असंतोषजनक रहने के बाद कार्रवाई की गई है।

### मिजोरम: 30 स्वचालित राइफल और 8000 कारतूस बरामद

**आइजोल।** मिजोरम के मामित जिले में सीमा सुरक्षाबल (बीएसफ) ने भारत-बांग्लादेश सीमा के पास बड़ी संख्या में हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किया है और तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

बीएसफ के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार रात में पश्चिमी फैलेंग तहसील में दक्षिणी फुलदेंगसी गांव के पास दो वाहनों से बीएसएफ के जवानों ने 28 एके-47 राइफल, एक एके-74 एवं अमेरिका निर्मित कार्बाइन एवं 7,894 गोलियां जब्त की। उन्होंने बताया कि 39,020 रुपये नकद और अन्य सामान भी जब्त किए गए। अधिकारी के अनुसार हथियारों को ले जाने के सिलसिले में तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं, जो आइजोल के रहने वाले हैं।

देश में एक और निर्भया की दर्दनाक मौत

# हत्यारों ने घात लगाकर किया गैंगरेप जीभ काट दी, रीढ़ की हड्डी तोड़ डाली

**एजेंसी।** लखनऊ/नई दिल्ली

**उत्तर** प्रदेश के हाथरस जिले में गैंगरेप की शिकार दलित लड़की आखिरकार जिंदगी से जंग हार गई। मंगलवार तीन बजे तड़के उसने दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में दम तोड़ दिया। 14 सितंबर को दरिंदों ने गैंगरेप के बाद उसकी जीभ काट दी थी, रीढ़ की हड्डी तोड़ दी थी। वह बाजरे के खेत में बेहोश मिली थी। तबियत बिगड़ने लगी थी, तो उसे सोमवार को ही दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया था।

उधर, कांग्रेस ने हाथरस में कथित रूप से सामूहिक बलात्कार के बाद एक दलित लड़की की मौत के मामले की उच्च न्यायालय के सेवारत न्यायाधीश की अगुवाई में समिति बनाकर जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने मंगलवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन कहा कि हाथरस में गत 14 सितंबर को हुए सामूहिक बलात्कार की पीड़िता की मंगलवार को अस्पताल में मौत बेहद जघन्य मामला है। कांग्रेस की मांग है कि इस घटना की उच्च न्यायालय के किसी सेवारत न्यायाधीश की अगुवाई में समिति बनाकर जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी यह भी मांग करती है कि लड़की के परिजन को 50 लाख रुपये की सहायता और परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक अदालत में करवाई जाए। सुप्रिया ने बलात्कारियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाए जाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश को जबानी जमाखर्च बताते हुए कहा कि इसके बजाय कानून को पुख्ता किया जाना चाहिए। बलात्कार के दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर और शिष्या से बलात्कार के आरोपी वरिष्ठ भाजपा नेता स्वामी चिन्मयानंद जैसों को सरकार ने बचाने की भरपूर कोशिश की। वे लोग अदालत की सख्ती की वजह से कानून की जद में आए हैं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा था कि महिलाओं और बेटियों के प्रति अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी बताएं कि आखिर वह इस दिशा में कितने कदम आगे बढ़े हैं। मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल इस घटना पर चुप क्यों हैं। राज्यपाल को जवाब देना होगा कि वह सरकार के साथ खड़ी हैं या फिर प्रदेश की मजलूम बेटियों के साथ। लल्लू ने कहा कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी जल्द ही हाथरस जाकर पीड़ित परिवार से मिलेंगी।



**सेवारत न्यायाधीश की अगुवाई वाली समिति से कराई जाए हाथरस मामले की जांच : कांग्रेस**

● विस्तृत खबर पेज-09

### बरोदा उपचुनाव में तीन नवंबर को होगा मतदान

**चंडीगढ़।** चुनाव आयोग ने हरियाणा के बरोदा विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। बरोदा में तीन नवंबर को मतदान होगा और 10 नवंबर को चुनाव परिणाम घोषित हो जाएगा। बरोदा विधानसभा के पूर्व विधायक श्रीकृष्ण हुड्डा का बीती 13 अप्रैल को निधन हो गया था, जिसके बाद यह सीट खाली हुई है। नियमानुसार छह महीनों के भीतर खाली हुई सीट को भरा जाना अनिवार्य है। कोरोना महामारी की वजह से बरोदा का उपचुनाव करीब एक माह देरी से हो रहा है।

# एमपी में 28 सीटों पर तीन नवंबर को वोटिंग, बिहार के साथ आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को 56 विधानसभा सीटों और एक लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 10 राज्यों की 54 विधानसभा सीटों पर 3 नवंबर को मतदान होगा।

वहीं, बिहार की एक लोकसभा सीट और मणिपुर की दो विधानसभा सीटों पर 7 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। सभी सीटों के नतीजे 10 नवंबर को आएंगे। असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान नहीं किया गया है। चुनाव आयोग का कहना है कि इन राज्यों में कुछ मुश्किलें हैं, इसलिए मौजूदा स्थिति में उपचुनाव नहीं करवाने का फैसला लिया गया।

# रिया की जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**एजेंसी।** मुंबई

**सुशांत** केस में सामने आए ड्रग्स एंगल में रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शौविक की जमानत अर्जी पर बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई की गई। 22 दिनों से जेल में बंद रिया अब तक कई बार बेल याचिका दाखिल कर चुकी हैं, लेकिन अभी तक हर बार रिया की याचिका को खारिज कर दिया गया था। वहीं फिलहाल रिया की जमानत पर अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत केस से निकले ड्रग्स एंगल में अभी तक 20 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। वहीं एनसीबी की पूछताछ में शौविक ने बताया था कि रिया चक्रवर्ती के कहने पर उन्होंने सुशांत के लिए ड्रग्स खरीदे थे। वहीं सैमुअल मिरांडा और दीपेश सावंत ने भी ड्रग्स केस में रिया को ही आरोपी बताया था। गौरतलब है कि रिया चक्रवर्ती ही इस केस की मुख्य आरोपी हैं।



देश में बदला बीएमआई

# महिला के लिए 55, पुरुष का 65 किलो हुआ आदर्श वजन

**एजेंसी।** हैदराबाद

**नेशनल** इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन ने देश में महिला और पुरुष के लिए आदर्श वजन में थोड़ा बदलाव किया है। अब नए नियमों के मुताबिक दोनों के लिए आदर्श वजन में पांच किलो की बढ़ोतरी की है। दस साल पहले किसी पुरुष के लिए आदर्श वजन 60 किलो था, जिसे बढ़ाकर 65 किलो कर दिया गया है। अब देश का बॉडी मास इंडेक्स बदल गया है।

वहीं महिला के लिए आदर्श वजन 50 किलो था, जो अब बढ़कर 55 किलो हो गया है। इसके अलावा महिला और पुरुष के लिए आदर्श लंबाई को लेकर भी कई बदलाव किए गए हैं। पुरुष के लिए आदर्श लंबाई 5 फुट 6 इंच (171 सेमी), जबकि महिला के लिए 5 फुट (152 सेमी) थी, लेकिन अब इसे भी बदल दिया गया है। नए पैमाने के आधार पर पुरुष के लिए 5 फुट 8 इंच (177 सेमी) की लंबाई आदर्श मानी जाएगी और महिला के लिए 5 फुट 3 इंच (162 सेमी) तय की गई है।

### रेफरेंड एज में भी किया गया बदलाव



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन ने सोमवार को जारी अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारतीयों के लिए पोषण आहार और अनुमानित औसत आवश्यकता की सिफारिशों को भी संशोधित किया गया है। देश में महिला और पुरुषों के रेफरेंस एज में भी बदलाव किया गया है। इसे 2010 के 20-39 की जगह अब 19-39 कर दिया गया है। वैज्ञानिकों ने बताया कि 1989 की विशेषज्ञ कमिटी ने केवल बच्चों और किशोरों का ही वजन और लंबाई को शामिल किया था। इसके अलावा 2010 की कमिटी ने केवल दस राज्यों के नमूने ही लिए थे।

### बीएमआई क्यों बढ़ाया गया?

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के वैज्ञानिकों ने बताया कि बीएमआई में इसलिए बदलाव किया गया है, क्योंकि भारतीयों के पोषक खाद्य तत्वों के सेवन में बढ़ोतरी हुई है। इस साल के सर्वे में ग्रामीणों को भी शामिल किया गया है, जबकि दस साल पहले केवल शहरी इलाकों को ही शामिल किया गया था। 2020 में किया गया सर्वे अब तक किए गए सभी सर्वों में सबसे बड़ा है। इसमें वैज्ञानिकों के पैनल ने पूरे देश से डाटा लिया है। इसमें सभी संस्थानों के अध्ययन को शामिल किया गया है। पहली बार आईसीएमआर एक्सपर्ट कमिटी ने फाइबर आधारित एनर्जी पोषक तत्व का भी ध्यान रखा है।

### क्या होता है बीएमआई?

बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) एक लोकप्रिय टर्म है, जिसके जरिए ये पता लगाया जाता है कि किसी व्यक्ति के शरीर के हिसाब से उसका वजन और ऊंचाई कितनी होनी चाहिए। अगर किसी व्यक्ति का बॉडी मास इंडेक्स निर्धारित मानक से ज्यादा होता है तो वो शरीर के लिए सही नहीं माना जाता है।



Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 30 सितंबर 2020 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

–राइट विजन–

## कोरोना से मास्क और दो गज की सामाजिक दूरी ही बचा सकती है : मलिक

अनलॉक में जहां लोग कोरोना वायरस के प्रति लापरवाह नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब प्रशासन ने भी मुस्तैदी दिखानी कम कर दी है। जबकि शहर में हर रोज मरीजों की संख्या बढ़ रही है। ऐसे में यह लापरवाही खतरनाक साबित हो सकती है। कोरोना अभी जाने वाला नहीं है। इसलिए हमें लापरवाही छोड़ कर अपने परिवार और समाज का ख्याल रखते हुए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए अपने जरूरी काम करने होंगे। यह कहना है मिशन जागृति संस्था के अध्यक्ष प्रवेश मलिक का। श्री मलिक लगातार कोरोना योद्धाओं को प्लाज्मा दान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। **पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और प्रवेश मलिक की बातचीत के अंश :-**



**जीवन परिचय**

**नाम** : प्रवेश मलिक
**जन्मदिन** : 22 मार्च 1976
**पिता** : सुरेश मलिक
**माता** : संतोष मलिक
**पत्नी** : नीतू मलिक
**परिवार** : बेटी प्रिया व बेटा दक्ष
**स्कूल** : 12 वीं – एडी सी. सै. स्कूल, डबुआ कालोनी
उच्चशिक्षा : बीए, एमए (हिंदी)
**रूचि** : समाजसेवा व पुस्तक पढ़ना

**सवाल : आपने करियर की शुरूआत कैसे की।**

**जवाब** : 12 वीं के बाद मैने होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा किया था। जिसके बाद मैने आगरा और देहरादून के फाइव स्टार होटलों में काम किया। लेकिन बाद में फरीदाबाद लौट आया और नाहर सिंह स्टेडियम के डीसीए क्लब में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर काम करने लगा।

**सवाल : आपने सरकारी नौकरी कब ज्वाइंन की।**

**जवाब** : मेरे परिवार के लोग चाहते थे कि मैं सरकारी नौकरी करूं। प्रयासों के बाद मुझे वर्ष 2000 में अरूण जेटली वित्तीय प्रबंधन संस्थान में सहायक के पद नौकरी मिल गई।

**सवाल : आपने समाज सेवा की तरफ कदम कब और कैसे बढ़ाया।**

**जवाब** : लोग अक्सर समाजहित की बात करते हैं, लेकिन आगे बढ़कर कोई काम नहीं करना चाहता। ऐसे में हमने कुछ दोस्तों के साथ मिलकर पहले हेल्पिंग हैंड और फिर तरंग के नाम से ग्रुप बनाया और लोगों को जागरूक करने का काम करने लगे।

**सवाल : आपने संस्था का गठन कब किया और संस्था क्या काम करती है।**

जवाब : वर्ष 2007 में हमने मिशन जागृति संस्था का गठन किया। संस्था शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में काम करती है। संस्था के सदस्य स्लम बस्तियों और सड़क किनारे रहने वाले लोगों के बच्चों को वहीं जाकर लिखना पढ़ना सिखाते हैं। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए परिजनों को जागरूक करते हैं। हमने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर टीबी जागरूकता अभियान चलाया था। निर्भयाकांड के बाद हमने दुष्कर्म के कारण और रोकने का उपाय जानने के लिए 5 हजार लोगों पर सर्वे भी किया था। डबुआ कालोनी कम्युनिटी सेंटर में हमने लाइब्रेरी और बुक बैंक बनाया है।

**सवाल : लॉकडाउन में संस्था ने लोगों की कैसे मदद की।**

जवाब : हमने डबुआ कालोनी की लेजरवैली पार्क के पास अपनी रसोई बना कर हजारों लोगों को भोजन वितरित किया था। संस्था की महिलाओं ने मास्क तैयार कर लोगों को वितरित किए। साथ ही पुलिस के साथ मिलकर लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करने का काम किया। पिछले दो महीने से हम लोगों को प्लाज्मा दान करने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

**सवाल : वर्तमान स्थिति में कोरोना से कैसे जीत सकते हैं।**

**जवाब** : मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के नियम का पालन करके ही हम कोरोना को हरा सकते हैं।

**सवाल : जानबूझ कर नियम तोड़ने वालों को आप क्या संदेश देना चाहते हैं।**

**जवाब** : यह लोग अपने साथ परिवार और समाज को खतरे में डाल रहे हैं। ऐसे लोगों को अभी भी सम्भल जाना चाहिए। यदि गलती से किसी अपने को खो दिया तो हाथ मलने के अलावा कुछ भी नहीं रह जाएगा।

**सवाल : क्या सरकार ने लॉकडाउन ठीक समय पर किया था।**

**जवाब** : सरकार ने ठीक समय पर ठीक कदम उठाया था। कोरोना के प्रति अभी भी एहतियात बरतने की जरूरत है। लेकिन लोग लापरवाही बरत ही रहे हैं, साथ ही अब प्रशासन भी मुस्तैद नहीं है।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 36.03 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 24.05 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- बीके चौक पर आशा वर्करों का धरना: सुबह 10 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का प्रदर्शन: सुबह 11 बजे
- बीके में कोरोना जांच व ओपीडी : सुबह 8 बजे
- जवाहर कालोनी में मार्केट रहेगी बंद: सुबह 8 से

### निवेश गुरु

#### अल्पकालिक निवेश

एक वर्ष या उससे कम समय के लिए किया गया निवेश को अल्पकालिक निवेश कहते हैं. इस तरह के निवेश से भी कमाई की जा सकती है। आप जानते हैं कि बूंद-बूंद से घड़ा भर जाता है। उसी प्रकार छोटी-छोटी कमाई से भी हमारा निवेश बड़ा हो जाता है। मान लीजिए कि आप हर महीने कुछ पैसों का बचत कर रहे हैं और आपके पास अभी इतने पैसे जमा नहीं हुआ है ।

### यूटीलिटी न्यूज

#### रावल ने एसडब्लूए एकेडमी को 31 रनों से हराया

**फरीदाबाद।** सेक्टर-86 स्थित स्लेजहैमर क्रिकेट गांउड में प्रथम श्री कान्हां जी क्रिकेट टूनार्मट (अंडर-19) रावल क्रिकेट एकेडमी और एसडब्लूए एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें रावल क्रिकेट एकेडमी ने एसडब्लूए एकेडमी को 31 रनों से हरा दिया। रावल क्रिकेट एकेडमी ने सबसे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 34.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 174 रन बनाए। रावल की तरफ से सबसे अधिक रन दीपेश सैनी 65 और हर्ष सोनी 25 बनाए। एसडब्लूए एकेडमी के शुभम ने 3 और प्रियाशुं ने 2 विकेट लिए। एसडब्लूए एकेडमी की टीम ने 41 ओवरों में सभी विकेट खोकर 143 रन बनाए। एसडब्लूए की तरफ से सर्वाधिक रन आर्दश ने 44 और यश ने 27 बनाए। रावल क्रिकेट एकेडमी की तरफ से ऋषि दत्त और ललित भड़ाना ने 3-3 विकेट लिए।

### क्विक न्यूज

#### मंच ने जताया शोक

**फरीदाबाद।** अभिभावक एकता मंच व मानव सेवा समिति महिला सेल ने हाथरस गैंगरेप पीड़िता की मृत्य पर गहरा दुख प्रकट करते हुए दोषियों को मौत की सजा देने की मांग की है। मंच की महिला सेल की सदस्य पूनम भाटिया, डॉक्टर हेमलता शर्मा, एडवोकेट अर्चना अग्रवाल व समिती की महिला सेल की चेयरमैन उषा किरण शर्मा, रमा सरना, राज राठी, रेनू चतरथ, सुनीता बंसल ने कहा है कि निर्भया कांड के बाद ऐसा जघन्य अपराध करने वालों को कठोर सजा देने का प्रावधान हो जाने के बाद भी ऐसे कांड होते रहना शर्मनाक बात है। इन सभी का कहना है कि हाथरस कांड के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके उन पर एक महीने के अंदर सारी न्यायिक प्रक्रिया पूरी करके फांसी की सजा दे देनी चाहिए।

# अवैध निर्माण की सीएम फ्लाइंग ने की जांच

## शहर में हो रहे अवैध निर्माणों पर सीएम कार्यालय ने लिया संज्ञान

**मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने नगर निगम और हूडा क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों की जांच की**

सिटी इश्यू

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** जिले के सेक्टरों और नगर निगम क्षेत्र में पिछले काफी समय से धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण हो रहे है। पायनियर द्वारा अवैध निर्माणों को लेकर प्रमुखता के साथ कई खबरों को प्रकाशित किया गया है। जिस पर सीएम कार्यालय ने संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने नगर निगम और हूडा क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों की जांच की।

उड़नदस्ते ने मौके का मुआयन करने के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया था। जांच पड़ताल के बाद उड़नदस्ते ने अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को भेज दी है। यदि जांच पर कार्रवाई हुई तो अवैध निर्माणों पर गाज गिर सकती है। एचएसवीपी के सेक्टरों और निगम क्षेत्र में कायदे कानून को तक पर रख कर अवैध निर्माण हो रहे हैं। एनआईटी इलाके में तो सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। ऐसे में इन अवैध निर्माणों की वजह से शहर में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। यदि कोई हादसा हुआ तो उसका सीधे तौर पर नुकसान शहर के आम लोगों को उठाना पड़ेगा।



### रिपोर्ट भेज दी है



मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के डीएसपी देवेंद्र यादव ने बताया कि मुख्यालय से रूटीन में अवैध निर्माणों की जांच के आदेश आए थे। नगर निगम और एचएसवीपी क्षेत्र के अवैध निर्माणों का मौका मुआयना करने के बाद रिपोर्ट तैयार कर आला अधिकारियों के पास भेज दी गई है।

### अवैध निर्माण में एनआईटी अव्वल

शहर के एनआईटी इलाके में बिल्डिंग बायलॉज की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। एनएच एक, दो, तीन और पांच में कायदे कानून को ताक पर रख चार से पांच मंजिला अवैध इमारते बनाई जा रही थी। चौथी मंजिल की छूट मिलने के बाद तो इन इलाकों में अवैध निर्माण चरम पर पहुंच चुका है। इन इलाकों में बिल्डर छोटे छोटे प्लॉटों पर अवैध तरीके से फ्लैट बनाकर धड़ल्ले के साथ लोगों को बेच रहे है। इसके अलावा रिहायशी प्लॉट पर अवैध तरीके से व्यवसायिक इमारतों का निर्माण हो रहा है। ग्रीनबेल्टों पर अवैध कब्जे कर पार्किंग बनाई जा रही है। यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में एनआईटी इलाके में स्थिति काफी बिस्फोटक हो जाएगी। क्योंकि नगर निगम पहले ही लोगों को सुविधाएं देने में नाकाम साबित हो रहा है। शिकायत मिलने पर निगम दिखावे की कार्रवाई करता है। कुछ समय पहले निगम ने तोड़फोड़ अभियान चलाते हुए कुछ इमारतों को मामूली रूप से तोड़ा था तो कुछ को सील किया था। लेकिन इनमें कई इमारतों की सील खोलकर फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।



फोटो: राजेश पुंजानी

### हूडा क्षेत्र में नियम ताक पर

अवैध निर्माण के मामले में शहर के सेक्टर भी किसी तरह से नगर निगम क्षेत्र से पीछे नहीं हैं। जबकि हूडा क्षेत्र में सिर्फ नियमों के आधार पर निर्माण कार्य किया जा सकता है। सरकार ने चौथी मंजिल बनाने की सशर्त छूट दी है। लेकिन शहर के विभिन्न सेक्टरों में सरकार की छूट से पहले ही काफी संख्या में चार मंजिला इमारतें बनी हुई थी। घोषणा के बाद चौथी मंजिल बनाने की होड़ सी मच गई है। लेकिन चौथी मंजिल का निर्माण करने वाले ज्यादातर लोग नक्शा पास करवाना और अन्य औपचारिकताएं पूरी करना तो दूर एचएसवीपी से अनुमति तक लेने की जरूरत महसूस नहीं करते। जिससे सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ कायदे कानून को ताक पर रख कर बनाई गई इन इमारतों की वजह से यहां भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। चौथी मंजिल के निर्माण के अलावा अनके लोगों द्वारा ग्रीनबेल्टों पर कब्जे करके रैम्प तक बनाई जा रही है। अवैध निर्माण की वजह से जहां पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के संसाधनों पर भी बोझ बढ़ रहा है।

### पहले भी हो चुकी है जांच

शहर में हो रहे अवैध निर्माणों को लेकर कई गणमान्य लोगों द्वारा सीएम कार्यालय को लगातार शिकायत भेजी जा रही थी। जिससे पर संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए गए है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की टीम ने हाल ही में नगर निगम और एचएसवीपी क्षेत्र में बने अवैध निर्माणों की जांच की है। उड़नदस्ते की टीम ने दोनों ही स्थानों पर जांच पड़ताल करने के बाद उसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट उड़नदस्ते के अधिकारियों ने अपने आला अधिकारियों के पास भेज दी है। लेकिन इन अवैध निर्माणों पर संबंधित विभाग द्वारा किस तरह की कार्रवाई की जाती है, यह समय के गर्त में छिपा है। हालांकि नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध निर्माणों को लेकर पहले भी कई जांच एजेंसियों की तरफ से जांच की गई है। भ्रष्टाचार के कई मामलों में राज्य चौकसी ब्यूरों की तरफ से पहले कई बार जांच की गई है। लेकिन इनमें से ज्यादातर मामलों की जांच लंबित पड़ी हुई हैं। कार्रवाई के अभाव में न तो अवैध निर्माण रूक रहा है और न ही भ्रष्टाचार।

## संक्षिप्त समाचार

### पैसेंजर टैक्स माफ करने पर एफपीएससी ने जताया आभार



मंत्री को ज्ञापन देने की फाइल फोटो

**फरीदाबाद।** सीबीएसई से एफिलिएटेड निजी स्कूलों की एसोसिएशन फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस ने स्कूलों का पैसेंजर टैक्स माफ करने पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का आभार प्रकट किया। कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष नरेन्द्र परमार ने बताया कि लॉकडाउन के चलते प्रदेश के सभी स्कूल बन्द है जिस कारण स्कूल बसें भी नहीं चल रही थी। कॉन्फ्रेंस के शिष्टमंडल ने परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा को जुलाई महीने में मिलकर स्कूल बसों के पैसेंजर टैक्स में छूट एवम् बसों की फिटनेस लॉकडॉउन अवधि के दौरान न करवाने को लेकर छूट करवाने बारे ज्ञापन दिया था। जिसमे कि अब अप्रैल महीने से अगस्त महीने तक स्कूल बसों के पैसेंजर टैक्स में पांच महीने की परिवहन विभाग के द्वारा छूट दी गई है। फरीदाबाद प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस की गवर्निग बॉडी की मीटिंग में मौजूद सदस्यों में वाइस प्रेसिडेंट टीएस दलाल, महासचिव राजदीप सिंह, कोषाध्यक्ष भारत भूषण, बीडी शर्मा एवं वाईके महेश्वरी सभी सदस्यों ने प्रदेश सरकार एवं परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का धन्यवाद किया।

### कैंडी बाबा का साथी जालसाजी व तस्करी में गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने सोने की अवैध तस्करी करने व जालसाजी के जुर्म में आरोपी रघुबीर उर्फ़ काला को गिरफ्तार किया है। आरोपी रघुबीर पंचकुला में नौकरी कर रहा था। क्राइम ब्रांच ने पंचकुला जाकर जब आरोपी को सम्मन किया तो दिनांक 26 सितम्बर को आरोपी के परिजनों ने स्वयं आकर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि आरोपी रघुबीर ने कैंडी बाबा और कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर नेपाल से सोना तस्करी का काम किया था। इसके तहत इन्होने शिकायतकर्ता को सोना लाकर देने का झांसा देकर उससे कुल 1 करोड़ 40 लाख रुपए हड़प लिए थे जिसका मुकदमा नंबर 129 गत 25 अप्रैल 2019 से थाना सेक्टर 17 में दर्ज है। आरोपी रघुवीर उर्फ काला पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव मानस जिला कैथल का रहने वाला है। आरोपी को अदालत में पेश करके 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है जिसमे उससे उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी और उसके रुपयों की बरामदगी की जाएगी।

### भगत सिंह की जयंती पर नेशनल स्टाइल कबड्डी



**फरीदाबाद।** रामू चेयरमैन इंडरी और समस्त ग्रामीण इंडरी के द्वारा लडकों के लिए 60 किलोग्राम भार की नेशनल स्टाइल कबड्डी का आयोजन किया गया। इस कबड्डी प्रतियोगिता में हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और दिल्ली की टीम समेत 35 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहला स्थान जेसीएम स्पोर्ट्स अकादमी पन्हैडा खुर्द फरीदाबाद ने प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर अंकुर इंडरी की टीम रही। तीसरे स्थान पर द्वारका स्पोर्ट्स क्लब बुवानी खेडा भिवानी रही। इस कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि चौधरी आफताब अहमद विधायक नूह रहे। विशिष्ट अतिथियों में एसएमओ नूह गोविद शरण, महीपाल चेयरमैन बावल, बाबू लाल बावल, सत्यवीर धनखड और नरवीर हुड्डा रहे। मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों के द्वारा विजेता टीमों को नकद पुरस्कार, पदक और ट्राफी प्रदान की गईं। प्रतियोगिता में निर्णायक रेफरी की भूमिका प्रताप सिंह, सुरेंद्र डागर उर्फ लाला दिल्ली, रमेश फौजी रोहतक और विकास रोहतक ने निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सरपंच विक्रम इंडरी और सत्यवीर धनखड के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर वर्तमान सरपंच कमल पंवार, जगदेव एडवोकेट, राजीव जेलदार, चौधरी गुलजारी लाल, बिजेंदर सिंह और किशन बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## 'प्रभावी अनुसंधान के लिए डेटा विश्लेषण' पर व्याख्यान

**क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की सफलता के लिए कठोर वैज्ञानिक अनुसंधान अभिविन्यास की आवश्यकता है**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीएवी** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद ने डॉ. विवेक सिंह तोमर (असिस्टेंट प्रोफेसर, आईएमटी गाजियाबाद, यूपी) द्वारा 'प्रभावी विश्लेषण के लिए डेटा विश्लेषण' पर दो दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन 28 से 29 सितंबर को 2.30 से 4 बजे किया। ज्ञान संचालित क्षेत्रों और क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी की सफलता के लिए कठोर वैज्ञानिक अनुसंधान अभिविन्यास की आवश्यकता है। डीएवीआईएम के रिसर्च प्रमोशन सेल ने प्रतिभागियों को अनुसंधान के उपकरणों और तकनीकों से जागरूक करने के लिए एक पाठ्यक्रम तैयार किया। कार्यक्रम में आमतौर पर उपयोग की जाने वाली अनुसंधान तकनीकों की मौलिक अवधारणाओं को कवर किया गया ताकि संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान गुणवत्ता शोध पत्र लिखने के लिए सुसज्जित हो जाएं। कार्यक्रम के वक्ता ने आमतौर पर उपयोग की जाने वाली अनुसंधान तकनीकों की बुनियादी और सैद्धांतिक अवधारणाओं को कवर किया और एसपीएसएस के अनुसंधान और परिचय के मूल सिद्धांतों, एसपीएसएस में डेटा एंट्री, वर्णनात्मक, माप और चार्ट, पैरामीट्रिक और गैर पैरामीट्रिक परिकल्पना परीक्षण, सीएचआई स्कायर टेस्ट और सह-संबंध पर ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, अनुसंधान विद्वान और फाइनल ईयर के छात्रों (यूजी एंड पीजी स्तर) ने भाग लिया, जिन्हें सॉफ्टवेयर फॉर डेटा एनालिसिस का अनुभव दिया गया। डॉ. निधि तुरान दोनों दिनों के लिए मध्यस्थ थे, जिन्होंने स्पीकर का स्वागत किया और सत्र की शुरुआत की। डीएवीआईएम के प्रधान निदेशक डॉ. संजीव शर्मा ने स्वागत भाषण दिया और वास्तविक शोध के महत्व पर जोर दिया जो उद्योग और राष्ट्र के लिए उपयोगी है। डीएवीआईएम की वाइस प्रिंसिपल डॉ. ऋतु गांधी अरोड़ा ने दूसरे दिन का स्वागत भाषण दिया और रिसर्च प्रमोशन सेल को छात्रों और फैकल्टी के लिए प्रबंधन ने रिसर्च प्रमोशन सेल डॉ. सुनीता बिश्नोई (संयोजक), डॉ. गुरजीत कौर, प्रीति बाली, डॉ. जुही कोहली, डॉ.दीपक शर्मा, रितु गौतम और अर्चना मित्तल के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. गुरजीत कौर के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। जिन्होंने मिस्टर हरीश रावत और डॉ. रश्मि भार्गव को मंच की मेजबानी और तकनीकी सहायता के लिए और डॉ. हेमा गुलाटी और मिसेज रीमा नंगिया को मीडिया कवरेज के लिए धन्यवाद दिया।





# बीके: खुद देखते नहीं, समाजसेवियों को दिखा रहे बाहर का रास्ता

## फल बांटने आए समाजसेवी को दिखाया बाहर का रास्ता

### पीएमओ बोली, उन्होंने नहीं दिए आदेश

कविता। फरीदाबाद

अपनी गलतियों पर पर्दा डालने के लिए बीके सिविल अस्पताल के कर्मचारी मनमानी पर उतारू हैं। कर्मचारियों की लापरवाही से अस्पताल में आने वाले अज्ञात मरीज दुर्दशा का शिकार होकर जान गंवा देते हैं। इन गलतियों को छिपाने के लिए कर्मचारियों ने अज्ञात मरीजों की सेवा के लिए आने वाले समाजसेवियों के आने पर अपनी मर्जी से प्रतिबंध लगा दिया। मंगलवार को सुरक्षा कर्मियों ने फल बांटने आए एक समाजसेवी को बाहर का रास्ता दिया। जबकि अस्पताल की पीएम यह आदेश देने की बात से इनकार कर रही है।



**यह है मामला**

बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में दो बुजुर्ग महिलाओं समेत चार अज्ञात मरीज भर्ती हैं। इन मरीजों की सेवा करने के अलावा फल खिलाने का काम समाजसेवी सतीश चौपड़ा कर रहे है। मंगलवार को भी सतीश चौपड़ा चारों अज्ञात मरीजों के लिए फल लेकर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि एक मरीज बिस्तर से गायब है। तीन मरीजों को उन्होंने फल काटकर दिए ही थे कि तभी वहां तैनात सुरक्षाकर्मी ने उन्हें बाहर जाने को कहा। पूछताछ करने पर सुरक्षाकर्मी ने कहा कि उन्हें अंदर न घुसने देने के आदेश उनके प्रभारी ने दिए हैं। सतीश चौपड़ा का कहना है कि कर्मचारी अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए समाजसेवियों के आने पर पाबंदी लगा रहे है। ताकि सभी अज्ञात मरीजों को यहां से भगा सके।

### पीएमओ ने नहीं दिए आदेश

बीके अस्पताल की पीएमओं डॉ. सविता यादव ने कहा कि किसी समाजसेवी के अस्पताल आने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। उन्होंने अधिक देर तक अस्पताल में न रूकने देने के आदेश दिए हैं। रही फल खिलाने या बांटने की बात तो इसके लिए भी किसी तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस विषय में उन्होंने सुपरवाइजर को दोबारा निर्देश जारी किए है कि समाजसेवियों को फल व सेवा करने से न रोका जाए।

**यह दिए आदेश**

अपातकालीन कक्ष में तैनात सुरक्षाकर्मी से पायनियर ने पूछताछ की तो उसने बताया कि उनके सभी इंचार्जो ने समाजसेवियों के फल बांटने पर पाबंदी लगाई है और उन्हें अंदर भी पीएमओं की परमिशन के बिना नहीं आने दिया जाएगा। पीएमओं की परमिशन लेकर ही वह अंदर आ सकते है। इंचार्ज किरण और अजित से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।


# कोरोना से एक मौत, 168 पॉजिटिव से आंकड़ा 19662

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जांच शुल्क लगाए जाने के बाद जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार कम हो रही है। मंगलवार को 168 नए मरीज सामने आए। वहीं एक पॉजिटिव ने दम तोड़ दिया है। जिससे जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 19662 पर पहुंच गया। वहीं पिछले 24 घंटे में 209 कोरोना रोगियों ने इस बीमारी की जंग को जीत लिया है। जिससे जिले का रिकवरी रेट 92.5 प्रतिशत पहुंच गया।

**पॉजिटिव व मृतक**

सेक्टर-आठ निवासी 74 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत कोरोना के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने पर हो गई। वहीं जिले में 168 पॉजिटिव में भूड कालोनी, डबुआ, इस्माइलपुर, बादशाहपुर, एसजीएम नगर, ग्रीनफिल्ड, जवाहर कालोनी, पल्ला, जनता कालोनी, राज सिंह कालोनी, पर्वतीया कालोनी, सेहतपुर, शास्त्री कालोनी, दौलताबाद, सेक्टर-86, 49, 37, 88, 77, 19, 75, 21, 14, 10, 89, 91, 11, 3, 4, मोहना, सराय, बुखारपुर, खेड़ी कला, चावला कालोनी, आरपीएस सबाना, सूर्या नगर, गांधी कालोनी, खेड़ी कला, नेहरू कालोनी, मेवला महाराजपुर से 2-2 मरीज है। सेक्टर-81, 84, 15, 48, 82, अशोका इंक्लेव, एनएच-तीन, एसी नगर, से 3-3 मरीज है। सेक्टर-29, जवा, शिव दुर्गा बिहार, पाली, तिगांव, राजीव नगर, दयालबाग, मुजेसर, भगत कालोनी, भारत कालोनी, टिकावली, जीवन नगर, आदर्श नगर, इंदिरा नगर, बसेलवा कालोनी, एसजीएम नगर, सेक्टर-43, से 1-1 मरीज है।



**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | 198161 |
| रिपोर्ट नेगेटिव आई | 178179 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 320 |
| अब तक पॉजिटिव | 19662 |
| अब तक ठीक हुए | 18187 |
| अब तक मौत | 217 |
| गंभीर हालत में भर्ती | 42 |
| आईसीयू में भर्ती | 13 |

# संक्षिप्त समाचार

## मंगलवार को दुकानें रही बंद



**फरीदाबाद।** जिले में जहां एक तरफ बल्लभगढ़ मार्केट में कुछ एरियों की दुकाने बंद रही, वहीं कुछ इलाके की दुकाने रविवार को बंद होने के कारण खुली रही। वहीं दूसरी तरफ एनएच-पांच और एनएच-चार के दुकानदारों ने भी मंगलवार को बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस अड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मंगलवार को मासिक अवकाश के चलते अपनी सभी दुकानों को बंद रखा। मासिक अवकाश को शहर के व्यापारियों में मतभेद चला हुआ है। जिस वजह से मेन बाजार के दुकानदारों ने महीने के आखिरी रविवार को अवकाश रखा था। मोहना रोड, सीही गेट, चावला कॉलोनी, तिगांव रोड सहित अन्य एरिया में कुछ दुकान बंद रहीं। मगर बस अड्डा मार्केट खुली रही थी। अवकाश को लेकर शहर के दुकानदारों में कोई आम सहमति नहीं बन पा रही है। जिस वजह से शहर का कुछ एरिया रविवार को बंद रहा। वहीं बस अड्डा मार्केट के दुकानदारों ने मंगलवार को अवकाश रखा है।

## नई युक्तियों से जिला बनेगा अपराध मुक्त : सीपी



**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने जिले के सभी पुलिस उपायुक्तों तथा सहायक पुलिस आयुक्तों को बैठक के दौरान कहा कि फरीदाबाद को हर तरह के अपराध से मुक्त करने के लिए विभिन्न युक्तियां अपनाई जा सकती हैं। जैसे कि जेल से सजा पूर्ण होने उपरांत, पेरोल पर या जमानत पर आए बंदी अपराधियों से संपर्क बनाए रखने वाले व्यक्तियों तथा सक्रिय सभी अपराधियों की फोटो सहित पूर्ण विवरण के साथ एक सूची सभी नाकों, पीसीआर, राइडर व गस्त पार्टियों को उपलब्ध करवा दी जाए। इस सूची में से रोजाना पांच-सात लोगों से पुलिसकर्मी मिलें और उनके साथ वार्तालाप करें। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद को अपराध मुक्त करना ही हमारा लक्ष्य है। कई बार व्यक्ति बड़े मामूली कारणों से अपने लक्ष्यों से भटक जाता है और अपराध की दुनिया में पहुंच जाता है। हर प्रकार की सजा का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति की सोच में सुधार करके उसे एक नई दिशा प्रदान करना है। इसके लिए उससे बातचीत करना, उनके दुख तकलीफ में उनकी छोटी-मोटी मदद कर देना या संभव हो तो उन्हें कोई काम दिलवा देना आदि कार्य करके भी उनकी सोच में परिवर्तन किया जा सकता है और उन्हें अपराध की दुनिया से बाहर निकाला जा सकता है। जिस प्रकार चावला कालोनी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा अग्रसेन पार्क में आयोजित एक बाल रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को पेन वितरित करके उन्हें सन्देश दिया कि वे पढ़-लिखकर समाज में एक अच्छे इन्सान बने और कलम की ताकत को समझे। एक अच्छे समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। इसी प्रकार 'सर्तकता से सुरक्षा' और 'आओ पुलिस के मददगार' आदि अभियानों का अपराध जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने का माध्यम बनाया जा सकता है। यदि समाज का एक व्यक्ति अपराध का रास्त पकड़ लेता है तो उसे सुधारने के लिए न जाने कितना सरकारी खर्च व समय बर्बाद होता है। संसार सोच से चलता है। व्यक्ति जैसा सोचता है, वैसा ही बन जाता है। कहते हैं। छोटी सोच और घुटने की मौच मनुष्य को आगे नहीं बढ़ने देती।

## ह्दय रोगों के खतरे से बचाता है रक्तदानः मनचंदा



**फरीदाबाद।** एनएच-3 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस के संयुक्त तत्वावधान में विश्व ह्दय दिवस के अवसर पर प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में ह्दय का ध्यान रखने बारे जागरूक किया गया। सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी एवम् प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि ह्दय रोग के खतरे को हराने करने के लिए वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करें। 29 सितंबर को विश्व ह्दय दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन के अनुसार ह्दय रोग विश्व में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। इसलिए, विभिन्न ह्दय रोग और कारकों को समझने और जानने के लिए जरूरत है कि हम अपनी जीवन शैली को स्वस्थ रखें, ताकि ह्दय उचित प्रकार से धड़कता रहे। इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे 2020 की थीम 'यूज हार्ट टू बीट कार्डियोवस्कुलर डिजीज' अर्थात ह्दय का कार्य सभी अंगों को ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए पूरे शरीर में रक्त पंप करना है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि तनाव ह्दयघात के प्रमुख कारणों में से एक है। वर्तमान में सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक, राजनीतिक, जातिगत आदि भेदभाव के साथ ही गांव से शहर जाने वालों व गांव में रहने वालों, देश के बाहर जाने वालों और देश में रहने वालों, कोरोना पॉजिटिव तथा सामान्य लोगों के बीच भेद बढ़ा है। इससे समाज में तनाव का स्तर भी बढ़ रहा है। यह भारत तक ही सीमित नहीं, अन्य देशों की भी यही स्थिति है। इसे कम करने के लिए डब्ल्यूएचओ ने विश्व ह्दय दिवस की थीम 'अपने दिल का उपयोग समाज, चाहने वालों और स्वयं के लिए करें' रखी है। तनाव कम करने का दायित्व समाज, सरकार और हम व आप सभी का है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा, संयोजिका प्राध्यापिका जसनीत कौर और पूनम के मार्गदर्शन में विद्यालय की बालिकाओं ताबिनदा, निशा और खुशी ने पेंटिग और पोस्टर बना कर तनाव से मुक्त रहने, पोषक और संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा निश्चित अंतराल पर रक्तदान कर दिल का ख्याल रखने की सीख दी।

# वृद्ध महिला को ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम ने परिवार से मिलाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बीके अस्पताल के निकट 10 सिंतबर को रामवती नामक वृद्ध महिला उम्र 70 वर्ष मिली थी। जिसे ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज अपनी टीम के साथ आश्रम में आश्रय दिया था। मंगलवार को उसका दामाद दिलीप कुमार उसे ढूढ़ते ढूढ़ते आश्रम आया और वहां आकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दामाद दिलीप कुमार ने बताया की मेरी सास रामवती को उसके बेटे ने घर से निकाल दिया था। जिसके बाद वह नोएडा से मथुरा के लिए निकली थी, लेकिन रास्ता भटककर वह फरीदाबाद के बीके अस्पताल के पास पहुंच गई।

हमने उनकी बहुत तालाश की, लेकिन वो नहीं मिली अखिर में किसी रिश्तेदार ने उनकी फोटो अखबार और सोशल मीडिया पर देखी। जिससे हमें पता लगा कि वह ताऊ देवीलाल वृद्वाश्रम में सही सलामत है। दिलीप कुमार ने आश्रम संचालक किशन लाल बजाज का कोटि कोटि धन्यवाद किया और कहा कि आप जैसे लोग वृद्धों के लिए भगवान के समान है।

# स्वास्थ्य विभाग ने किया भ्रूण लिंग जांच केंद्र का भंडाफोड़

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

### गाजियाबाद के लोनी में चल रहा था भ्रूण लिंग जांच केंद्र

गाजियाबाद के लोनी इलाके में लिंग जांच करने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जिला स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम ने मंगलवार को छापा मारा। इसमें अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक सहित दो लोगों के खिलाफ लोनी थाने में मामला दर्ज कराया गया है। मौके पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी टीम के साथ हाथापाई के दौरान फरार हो गया। अल्ट्रासाउंड केंद्र को सील कर दिया है।

किसी व्यक्ति ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को सूचना दी थी कि फरीदाबाद से गर्भवतियों को गाजियाबाद के लोनी बोर्डर ले जाकर भ्रूण की लिंग जांच की जाती है। इसकी एवज 10 से 50 हजार रुपये वसूले जाते हैं। सीएमओ डॉ. रणदीप सिंह पुनिया ने पीएनडीटी के इंचार्ज व उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश आर्य के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव भगत, डॉ. मनोज बजाज, औषधि निरीक्षक डॉ. संदीप गहलोत, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राखी शामिल रहे।

**इस तरह पकड़ा**

टीम एक महिला को फर्जी ग्राहक बनने के लिए तैयार किया गया। फिर फरीदाबाद में रहने वाले दलाल कपिल से संपर्क किया। दलाल ने भ्रूण जांच की एवज में महिला से साढे 12 हजार रुपये मांगे। स्वास्थ्य विभाग ने महिला को साढ़े 12 हजार रुपये दे दिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम मंगलवार को महिला के साथ लोनी पहुंच गई। महिला को अकेले अल्ट्रासाउंड केंद्र में भेज दिया और खुद महिला के इशारे का इंतजार करने लगी। केंद्र संचालक डॉ. मोहम्मद औबेसी जब भ्रूण लिंग जांच कर रहा था तभी महिला का इशारा पाते ही टीम ने दबिश दी। इस दौरान केंद्र संचालक ने टीम पर हमला कर दिया। इस बीच टीम और आरोपियों के बीच हथापाई भी हुई। मौका पाकर केंद्र संचालक डॉ. मोहम्मद औबेसी फरार हो गया। जबकि भ्रूण की जांच करवाने के लिए ले जाने वाले दलाल कपिल को टीम ने धर दबोचा। आरोपी कपिल से महिला द्वारा दिए गए साढ़े आठ हजार रुपये बारामद कर लिए है। इस संबंध में उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश आर्या ने बताया कि मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, दूसरा फरार हो गया। दोनों के खिलाफ थाना लोनी में मामला दर्ज करवाया गया है।

# आज बंद रहेगा बाजार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एयरफोर्स**-60 फुट रोड़ स्थित हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान रामजुनेजा के कार्यालय पर डबुआ कालोनी, जवाहर कालोनी, 27 फुट रोड़, राकेश बुक डिपू मार्किट के व्यापारियों की आपात बैठक हुई। जिसमें माह की अंतिम दिवस पर बाजार बंद रखने के संदर्भ में चर्चा की गई। जिसमें सभी ने सर्वसम्मति से 30 सितम्बर को बाजार बंद करने पर सम्मति जताई। प्रधान रामजुनेजा ने कहा कि कोरोना काल में सरकार द्वारा व्यापारियों व आम जनता के हितों को देखते हुए शनिवार व रविवार के लॉक डाऊन को समाप्त कर दिया था। अब व्यापारियों ने एकमत से निर्णय लिया है कि माह के अंतिम दिन जवाहर कालोनी-60 फुट रोड़, पर्वतीय कालोनी, डबुआ कालोनी ए ब्लॉक मार्किट, राकेश बुक डिपू मार्किट, 27 फुट रोड़ मार्किट को बंद रखा जाएगा। इस बैठक में प्रधान रामजुनेजा के अलावा व्यापारी नेता रोहताश गर्ग, नेमचंद गर्ग, डा. बीकुमार, कन्हैयालाल गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता, लोकेश, धर्मेन्द्र कुमार सैनी, कमल भड़ाना सहित सभी बाजार एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

# यातायात रोकने पर आरोपी नामजद

बल्लभगढ़। बीच सड़क पर ऑटो खड़ा करके यातायात रोकने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बस अड्डे के सामने बीच रोड पर सोमवार रात को ऑटो खड़ा कर यातायात नियमों को तोड़ने पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड पुलिस चौकी के एएसआई सज्जन कुमार ने दी अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार रात करीब 9 बजे बस अड्डे के सामने हाइवे पर जाम लगा हुआ था।

# मरम्मत पर करोड़ों खर्च पर लीकेज रोकने कोई प्रयास नहीं : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पिछले** 20 दिन से रैनी वैल की लाइन में चल रही लीकेज को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। नगर निगम के निकम्मे अफसरों की खिंचाई करते हुए एनआईटी फरीदाबाद के विधायक नीरज शर्मा ने कहा की अफसरों को कमीशन खोरी से ही फुरसत नहीं है। सेक्टर 11 में ओरिएण्टल कंपनी के सामने हो रहे इस रिसाव स्थल पर पहुंचे विधायक



नीरज शर्मा ने भ्रष्ट और निकम्मे एमसीएफ अधिकारियों को आड़े लेते हुए शहर के चुने हुए विधायकों और पार्षदों का आह्वान किया कि शहर में निकम्मे अधिकारियों पर नकेल कसे जाने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि अवैध निर्माण में कमीशन खाने से अगर निगम अधिकारियों को फुरसत मिले तो फिर शहर की भलाई के लिए सोचे। कोरोना बीमारी से ठीक हो कर लौटे विधायक नीरज शर्मा ने फरीदाबाद के लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि बीमारी के कारण पहले इस समस्या की जानकारी नहीं मिली परसों रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद लोगों के बीच लौटा हूं।

# छंटनी किए कर्मचारियों को वापस ले सरकार : संघ

### ठेकाप्रथा, अनुबंधित आधार पर लगे सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें सरकारः शास्त्री

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार सरकारी विभागों, बोर्डो, निगमों, नगर पालिकाओ, नगर निगम, पंचायती राज संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, सहकारी समितियों व सोसाइटीज में काम करने वाले सभी ठेका प्रथा अनुबंधित कच्चे कर्मचारियों को पक्का करें और छंटनी पर रोक लगाए तथा छंटनी किए गए कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस ले सरकार।



अन्यथा प्रदेश का कर्मचारी इसका मुखर विरोध करेगा। यह चेतावनी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर केंद्र व राज्य सरकार की कर्मचारी एवं मजदूर विरोधी नीतियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के खिलाफ जिला उपायुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन कर डीडीपीओ राजेश मोर को माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारी कर्मचारी पहले सेक्टर-12 स्थित ओपन थिएटर में एकत्रित हुए और एक विशाल जनसभा का आयोजन किया इस सभा की अध्यक्षता सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के उपाध्यक्ष अतर सिंह केसवाल ने की तथा मंच का संचालन संघ के जिला सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर ने किया। इस विरोध सभा में विशेष रुप से अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीपाल भाटी, हरियाणा टूरिज्म विभाग के महासचिव युद्धवीर खत्री, नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील चिंडालिया, बिजली यूनियन के राज्य नेता शब्बीर अहमद, टूरिज्म यूनियन के उपाध्यक्ष दिगंबर डागर, अध्यापक संघ के नेता भीम सिंह, सुभाष देशवाल, रविंद्र नगर, राजबेल देशवाल आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार से दौड़ रहे ट्रैक्टर ने ली युवक की जान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तेज** रफ्तार से दौड़ रहे एक ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गया। दोस्तों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामलादर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तिगांव थाने में दर्ज मामले के अनुसार सेक्टर-70 आईएमटी में रहने वाले प्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका एक दोस्त रवीश चौधरी तिगांव में रहता है।

सोमवार को वह अपने साले शिवम पांडे व दोस्त रवीश चौधरी के साथ अटाली गांव में केजीपी के पास बने ढाबे पर नाश्ता करने गए थे। प्रकाश व उसका साला शिवम पांडे एक स्कूटी पर थे, जबकि रवीश चौधरी अलग स्कूटी पर था। जब वह नाश्ता करने के बाद वापिस लौट रहे थे, तो कौराली गांव के पास आ रहे ट्रैक्टर ने रवीश की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर चालक फरार हो गया।

# सतर्कता से सुरक्षित रह सकती है जनता : सीपी

### हमने फरीदाबाद को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य बनाया है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त कार्यालय में आयोजित जिले के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस आयुक्त ओपी सिंह ने कहा कि हमने फरीदाबाद को अपराध मुक्त करने का लक्ष्य बनाया है। ताकि फरीदाबाद की जनता अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। अपराध को मूल रूप से समाप्त करने के लिए सर्वप्रथम आवश्यक है कि किशोर बालक बालिकाओं के सद्‌चरित्र निर्माण पर ध्यान दिया जाए। क्योंकि इस आयु के बच्चों को अच्छाई या बुराई के किसी भी



रास्ते पर आसानी से ले जाया जा सकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि बच्चे माता-पिता या अध्यापकों के पूर्ण रूप से निकट संपर्क में रहे और अपने मन के सभी प्रकार के भावों को सांझा करें। कभी भी बच्चों का डर के साथ बड़ा होने का माहौल नहीं बनाना चाहिए। वर्ना वे बड़े होकर भी डरते ही रहेंगे। किशोरों के साथ मित्रवत व्यवहार करके उन्हें सही मार्ग पर ले जाया जाए और समाज को एक उत्तम नागरिक दिया जाए। अगर माता-पिता या अध्यापक बच्चों के निकट नहीं रहेंगे तो वे किसी और के प्रभाव में चले जाएंगे और फिर कोई गारंटी नहीं कि वे सदमार्ग पर जाएं या कुमार्ग पर।

किशोरावस्था में सामाजिक बुराई का रास्ता आकर्षक लगता है और बच्चे आसानी से नशे, व्यसन या अपराध की दुनिया में चले जाते हैं। इस आयु के बच्चों को पैसे कमाने के शॉर्टकट का लालच देकर साइबर क्राइम में भी धकेला जा रहा है। अत: बच्चों के प्रति सतर्कता बरतनी जरूरी है।

ओपी सिंह ने कहा कि हमारे द्वारा भी 'टीनेज पुलिस' नाम से किशोरों के लिए एक विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत उनके मन की बात जानकर उन्हें उत्तम चरित्र का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया जाता है। अगर समाज में एक भी अपराध प्रवृति का व्यक्ति पैदा होता है, तो सोच कर देखिए कि उससे निपटने और उसको सुधारने के लिए समाज और सरकार का उपयोगी समय और संसाधन खर्च होती है।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त हम चाहते हैं कि बिना सरकार से कोई अतिरिक्त बजट लिए फरीदाबाद को सुरक्षित करना चाहते हैं जिसके लिए फरीदाबाद की जनता से अपील है कि पेशेवर बदमाशों की न तो जमातन करवाएं और न ही उन्हें अपना नेता बनाएं। लोगों को चाहिए कि चोरी पर रोक लगाने के लिए कैमरे लगवाएँ तथा अपने ऐरिया के लिए कोई गार्ड रखें। यह कम खर्च में सुरक्षा का उत्तम उपाय है। साइबर अपराध से बचने के लिए किसी के साथ अपना ओटीपी, पिन या अकाउंट डिटेल साझा न करें। आपसी झगड़े से बचने के लिए अच्छे पड़ौसी बने और किसी बात पर कोई मनमुटाव हो तो आपसी बातचीत के जरिए विवाद को सुलझाकर मुकदमे रूपी केंसर और कचहेरी की कचकच से बचें।

# भाजपा नेता व अधिकारियों ने जिले की बजाय खुद को किया स्मार्ट : कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आनंद कौशिक के अनुज बलजीत कौशिक ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर सरकार ने करोड़ो रुपये का घोटाला किया है। भाजपा के नुमाईंदे व प्रशासनिक अधिकारियों ने फरीदाबाद को स्मार्ट करने की जगह खुद को स्मार्ट किया है। उन्होंने कहा कि लोगो की मुख्य समस्या बिजली,पानी व सड़क ही होती है लेकिन छह सालों से जनता इन चीजों के लिए त्रस्त है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में सड़को हालत बद से बदतर होती जा रही है सड़के



टूटी होने की वजह से आये दिन सड़क हादसे होते है। अभी कुछ दिनों पहले प्याली हाडवेयर रोड़ टूटी होने की वजह से एक युवा इंजिनियर की मौत हो गई थी।

जिसने अभी अपने करियर की शुरुआत ही की थी। इस प्रकार सड़क दुर्घटनाओं में अनेक लोग मर रहे है। इन मौतों का जिम्मेवार किसे ठहराया जाये क्योकि प्रशासन आँखो पर पट्टी बांधे बैठे है।सरकार के नुमायंदे लापरवाह है और अधिकारी मस्त। कौशिक ने कहा की फरीदाबाद की सेक्टर 11-12 व 12-15 मुख्य सड़क जहां से रोजाना मंत्री, संतरी व अधिकारियो का निकलना होता है जिसकी हालत बद से बदतर है।

# सक्षम के बाद अब तावडू को सीसीटी बनाने में जुटा विभाग

**तावडू।** सक्षम के बाद अब तावडू ब्लॉक को सीसीटी बनाने की तैयारी है। शिक्षा विभाग व प्रशासन इस संदर्भ में पुरजोर तरीके से जुट गया है। मंगलवार को डीईओ नूंह अनूप जाखड़ ने एसडीएम डॉ. नरेश कुमार व सीएमजीजीए धनश्री की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तावडू में ब्लॉक के स्कूलों के मुखियाओं व सीआरसी की मीटिंग ली।

बैठक में तावडू ब्लॉक को सीसीटी(क्रिएटिव व क्रिटिकल थिंकिंग) बनाने को लेकर काफी देर तक मंथन हुआ। मीटिंग में उक्त अधिकारियों सहित डीपीसी रमेश दहिया व बीईओ रमेश मलिक ने स्कूल मुखियाओं को विस्तारपूर्वक अवगत कराया व इस संदर्भ में गहनता से अनुपालन के भी आदेश दिए। मीटिंग में सर्वप्रथम एसडीएम डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता है व इनके ऊपर राष्ट्र का काफी दायित्व है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में आने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों की आशाओं पर हम खरा उतरें बस इसी को दृष्टिगत रख हमें कार्य करना होगा। वहीं डीईओ अनूप जाखड़ ने कहा कि प्रदेश के 24 ब्लॉक सक्षम बन चुके हैं जिनमें तावडू ब्लॉक भी शामिल है। अब तावडू को इसी क्रम में आगे बढाते हुए सीसीटी बनाना है। उन्होंने कहा कि सीसीटी में कक्षा सातवीं, आठवीं व नौवीं के हिंदी, गणित व विज्ञान विषय शामिल किए गए हैं। वाट्सअप, वर्चुअल कम्युनिकेशन व दूरभाष माध्यम के अलावा मौहल्ला पाठशाला के माध्यम से हमें बच्चों तक जुड़ना है।

# नहीं हो रहा था गुजारा, मिसेज हरियाणा बनी सहारा

### रेहड़ी लगाने वाले परिवार का किया सहयोग

### मिक्सी दिलाई, रेहड़ी ठीक कराकर शुरू कराया काम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-34 में गरीब परिवार को रोजगार के लिए मिक्सी भेंट करतीं मिसेज हरियाणा रितु कटारिया।

**लॉकडाउन** के बाद बिगड़ी आर्थिक स्थिति के कारण परिवार का पेट पालना मुश्किल हो गया था। रेहड़ी लगाकर काम करने की सोची, पर रास्ते का पत्थर बनी घर की आर्थिक स्थिति। इसी बीच उनका संपर्क हुआ मिसेज हरियाणा 2018 रितु कटारिया से, जिन्होंने उनकी आर्थिक सहायता करते हुए सामान भी दिलवाया और रेहड़ी भी ठीक करवाई। अब गरीब परिवार ने अपनी आजिविका कमानी शुरू कर दी है।

मिसेज हरियाणा रितु कटारिया ने बीते दिनों सेक्टर-34 में एक रेहड़ी पर दुकान लगाने वाले व्यक्ति को अपनी संस्था परिवर्तन-एक प्रयास की ओर से बिक्री के लिए कुछ सामान खरीदकर दिया, ताकि वह अपना रोजगार शुरू कर सके। क्योंकि उस व्यक्ति के पास इतने पैसे भी नहीं थे कि वह कुछ सामान खरीद सके। उनके साथ धर्मवीर हिंदुस्तानी और वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मवीर तनेजा का भी सहयोग रहा। दोनों ने उनके काम को सराहा। रितु कटारिया ने उनकी सहायता की और उनका काम शुरू करवा दिया। उसी व्यक्ति के माध्यम से अब एक अन्य परिवार ने भी रितु कटारिया से संपर्क करके अपना काम शुरू कराने की गुहार लगाई। मंगलवार को रितु कटारिया ने अपनी संस्था की ओर से मिक्सी खरीदकर दी।

साथ ही उनकी खराब रेहड़ी को भी ठीक कराया। सेक्टर-34 में उनका काम शुरू कराकर एक और नेक कार्य किया। रितु कटारिया का कहना है कि खुशियों का कोई पैमाना नहीं होता। लाखों-करोड़ों में भी खुशी नहीं मिलती, जितनी खुशी इन गरीबों को अपनी रेहड़ी पर काम शुरू करके मिली है। उनका यही प्रयास है कि अपनी संस्था के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रमों के साथ-साथ ऐसे गरीब लोगों की आजिविका की शुरुआत कराएं। भविष्य में भी वे इसी तरह से जरूरतमंदों की सहायता में तत्पर रहेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**पलवल।** गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कॉलेज में बॉयोलोजी सोसायटी व एनसीसी गर्ल विंग द्वारा विश्व हरित उपभोक्ता दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली मनाया गया। इसके अंतर्गत 'बेस्ट आउट आफ प्लास्टिक वेस्ट व 'वर्टिकल और हैंगिग गार्डनिंग बाइ द यूज ऑफ प्लास्टिक वेस्ट' प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भारत के कोने-कोने से 70 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। ये प्रविष्टियां दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, लद्दाख, पंजाब, केरल आदि राज्यों के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त हुईं। प्रथम पुरस्कार अर्चना अत्री एनबीबीडीएस गंगटोक सिक्किम को मिला। द्वितीय पुरस्कार खुशबू एसडी कॉलेज राजपुर हिमाचल प्रदेश व गुलिस्ता राजकीय पीजी कॉलेज नोएडा उत्तर प्रदेश ने प्राप्त किया। भार्गव विज एसडी कॉलेज, होशियारपुर पंजाब व मुस्कान विरमानी एसडी कॉलेज पलवल हरियाणा) ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। टीना टायनीसिमन सेंट मेरी कॉलेज थिरिसूर केरल, रिगजन चोसड़न लद्दाख, शालिनी जादोन कमला राजा गर्ल राजकीय पीजी कॉलेज ग्वालियर मध्य प्रदेश, पूजा गर्ग केएल मेहता दयानन्द कॉलेज फरीदाबाद हरियाणा व वर्षा राजकीय कॉलेज मोहना हरियाणा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीके सपरा ने जन्तु विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. वन्दना कालडा, वनस्पति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डॉ. कांता रानी व एनसीसी गर्ल विंग की इंचार्ज डॉ. मनीषा अग्रवाल को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

### बादशाहपुर में पोषण आहार का मेले का आयोजन



**सोहना।** बादशाहपुर में पोषण आहार का मेले का आयोजन करके बच्चों से लेकर महिलाओं को अपने घर का ही शुद्ध पका हुआ भोजन उपयोग करने को लेकर जागरूक किया। गर्भवती महिलाओं को दो वर्ष तक पौष्टिक आहार का उपयोग करने की सलाह दी गई। मंगलवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा पोषण मेला का आयोजन किया। पोषण मेले में महिलाओं को अपने छह माह तक बच्चा को स्तनपान कराने से लेकर उसके बाद दिया जाने वाला आहार में पौष्टिकता होने पर जोर दिया। ताकि बच्चा के शरीर को अच्छा व शुद्ध भोजन मिल सके। मेले में अन्नप्राशन भोजन अपने ही घर में पकाकर खाने की सलाह दी गई। बाहर बाजार में मिलने वाले भोजन को नकार देने की बात कही। मेले में नुक्कड़ नाटक, गोदभराई स्तनपान, आदि प्रकार के आयोजनों के माध्यम से भी जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में सुन्दरी, आशा, सुनीता, रेखा और बबीता ने पूर्णरुप से मेले को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### शराबी पुत्र ने पिता की गोली मारकर हत्या की

**पलवल।** पलवल के गांव मानपुर में शराबी पुत्र ने गोली मारकर अपने ही पिता की हत्या कर दी। मुंडकटी थाना पुलिस ने मृतक के दूसरे पुत्र की शिकायत पर आरोपी पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी देवेंद्र कुमार के अनुसार गांव मानपुर निवासी पवन कुमार ने शिकायत दी है कि उसके पिता करतार सिंह व भाई अमित कुमार शराब के आदि थे। दोनों का शराब के नशे में अक्सर झगड़ा होता रहता था। 28 सिंतबर की रात 12 बजे पिता करतार सिंह घर पर मौजूद थे। उसी दौरान अमित शराब के नशे में आया और पिता करतार सिंह के साथ झगड़ा करने लगा। झगड़े के दौरान अमित ने पिता करतार सिंह की छाती में गोली मार दी। गोली लगने से करतार सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी अमित कुमार मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरपर्सन के खिलाफ मामला दर्ज

**पलवल।** चाइल्ड़ वेलफेयर कमेटी चेयरपर्सन के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी की शिकायत पर दर्ज मामले की आरोपी को कैंप थाना पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। कैंप थाना प्रभारी यादराम के अनुसार एक किशोरी ने सिविल अस्पताल में 26 जून को बच्चे को जन्म दिया था। जच्चा-बच्चा को 29 जून को डिस्चार्ज करवाया। डिस्चार्ज के दौरान अस्पताल में जिला बाल सरंक्षण समिति का सदस्य किशोरी को खींचती दिखाई दी। किशोरी अस्पताल परिसर में समिति के सदस्यों के पैर पकड़ कर रहम की भीख मांगती देखी गई। इस बारे में सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर विभाग हरकत में आया। दुष्कर्म पीडित किशोरी और उसके बच्चे की पहचान उजागर करने पर सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन दर्शना भारद्वाज के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# 9.18 करोड़ की सीवर योजना अधर में अटकी, दो बार बढ़ाया समय

### पिछले दो वर्ष से चल रहा काम, लोग परेशान

नरेश कुमार। सोहना



सोहना के बालूदा मार्ग पर धूल फांक रहे है सीवर लाइन में डाले जाने वाले पाइप।

**सोहना** की 19 कॉलोनियों में बिछाई जाने वाली नौ करोड़ 18 लाख रुपये में 3840 मीटर सीवर लाइन का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। सीवर लाइन बिछाने का कार्य बीते दो साल में 50 फीसदी हुआ है। जबकि कार्य करने की तय सीमा 15 अक्टूबर 2019 को खत्म हो गई। सीवर लाइन चालू न होने से कॉलोनियों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हरियाणा सरकार ने वर्ष 2018 में सोहना शहर की वैध 19 कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने के लिए नौ करोड़ 18 लाख रुपये की बजट राशि जनस्वास्थ्य विभाग को सौंपी दी। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा छोड़ा गया टेंडर में राजेश जैन ठेकेदार को दिया गया। जुलाई 2018 में ठेका छोड़ने के साथ ठेकेदार को 15 अक्टूबर 2019 तक कार्य को पूरा करने की शर्त रखी गई थी लेकिन ठेकेदार ने सीवर लाइन बिछाने के कार्य में शुरुआत से लापरवाही बरती। जिसके चलते यह कार्य तय समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। जिसके लिए ठेकेदार ने जनस्वास्थ्य विभाग से कार्य पूरा करने के लिए 31 मार्च 2020 तक समय मांग लिया, लेकिन ठेकेदार इस तय समय सीमा में भी सीवर लाइन बिछाने का कार्य पूरा नहीं कर सका। छह माह बीत जाने के बावजूद कॉलोनियों में सीवर बिछाने का कार्य पूरा नहीं हुआ है।

**कहां-कहां चल रहा कार्य** : शहर की 19 कॉलोनियों में सुशील नगर, राजौरिया कॉलोनी, हरीनगर, अंबेडकर कॉलोनी, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, नहर कॉलोनी, बांध कॉलोनी, मंगलनगर, देवी मंदिर मार्ग, सोहना नगर परिषद के गांव रायपुर और जखोपुर शामिल हैं।

**रास्ते में बना रहे सेफ्टी टेंक** : सीवर लाइन न डलने के कारण कॉलोनियों के लोग अपने घरों के बाहर रास्ते व तंग गलियों में सेफ्टी टेंक बना रहे हैं। राकेश का कहना है कि जनस्वास्थ्य विभाग अधिकारियों को बार-बार मौखिक और लिखित में शिकायतें दी जा रही हैं।

**ठेकेदार पर लगाया जुर्माना** : जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश भूरा का कहना है कि ठेकेदार सीवर लाइन में जितनी लापरवाही बरत रहा है और तय समय सीमा में कार्य को पूरा नहीं कर रहा है। उस पर जुर्माना लगाया जा रहा है। हाल ही में विभाग की तरफसे ठेकेदार पर दो फीसदी नियमानुसार जुर्माना भरने का नोटिस जारी कर दिया है। इससे पहले भी ठेकेदार से जुर्माना लिया है।

# कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा कर गया 20 हजार को पार

### प्रशासन ने जिले में बनाए हैं 20 कंटेनमेंट जोन

**गुरुग्राम।** कोरोना महामारी का प्रकोप गुरुग्राम जिले में कम होता दिखाई नहीं दे रहा है। कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 20 हजार को पार कर गया है। हालांकि कोरोना से स्वस्थ होने वालों कीक संख्या दिन-प्रतिदिन जिले में बढ़ रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है।

प्रदेश सरकार का स्वास्थ्य विभाग भी इसको लेकर पूरी तरह से गंभीर होता दिखाई देने लगा है। जिला प्रशासन ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए शहरी क्षेत्र व जिले के सोहना क्षेत्र में सोमवार को 20 कंटेनमेंट जोन बनाने के आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग कोरोना संक्रमितों की जांच करने में जुटा है। सेक्टर-31, वजीरपुर, सेक्टर 38, बादशाहपुर, एमजी रोड, गांव चौमा, गढ़ी हरसरू, बसई एंक्लेव, शांति नगर, मदनपुरी आदि क्षेत्रों में मंगलवार को कोरोना जांच शिविर लगाए गए, जिनमें संभावित कोरोना संक्रमितों की जांच भी की गई।

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि ढाई लाख की जांच में 20 हजार कोरोना संक्रमित मिले हैं। विभाग ने कोरोना जांच का दायरा बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग लोगों से आग्रह भी करता आ रहा है कि वे कोरोना की जांच अवश्य कराएं, ताकि बढ़ते कोरोना संक्रमण को रोका जा सके। विभाग का मानना है कि लोगों में जागरुकता बढ़ाने से संक्रमितों के आंकड़े को कम किया जा सकता है। जिले में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए सघन टेस्टिंग व ट्रैसिंग अभियान चलाया जा रहा है, ताकि स्वस्थ लोगों तक कोरोना का संक्रमण न फैले।

जिले में मृत्यु दर घटकर 0.85 प्रतिशत हो गई है। इसका कारण यह बताया जा रहा है कि कोरोना संक्रमितों की समय रहते पहचान हो जाने से उनका समय पर इलाज हो जाता है। इसी कारण मृत्यु दर का आंकड़ा अब धीरे-धीरे नीचे आता जा रहा है। जिलेवासियों का इम्युनिटी सिस्टम भी मजबूत हुआ है। शहरी क्षेत्र में सबसे अधिक कोरोना के टेस्ट कराए गए हैं। कोरोना से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कसी हुई है। अनलॉक-4 के 29वें दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जहां आवागमन सामान्य रहा, वहीं शहर के मुख्य बाजारों, मॉल्स आदि में भी लोगों की बढ़ती संख्या देखी गई है। आने वाले दिन त्योहारों के हैं।

# मार्केट कमेटी ने सब्जी आढ़तियों को नोटिस दिए

**सोहना।** मार्केट कमेटी ने सब्जी आढ़तियों को नोटिस देते हुए मंडी परिसर को खाली करने के आदेश जारी किए हैं। ताकि एक अक्टूबर से शुरू होने जा रही फसलों की खरीद के लिए परिसर खाली हो सके। मंडी में लगी रेहड़ियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया।

एक अक्टूबर से स्थानीय अनाज मंडी में बाजरा, कपास और धान की खरीद शुरू होने जा रही है। मार्केट कमेटी ने मंगलवार को सब्जी आढ़तियों को परिसर में लगे टिनशेड समेत अन्य स्थान खाली कराने के लिए नोटिस जारी किए हैं। मार्केट कमेटी ने मंडी परिसर में खड़े वाहनों को भी हटाने के लिए आढ़ति और दुकानदारों को मौखिक कहा है। जब तक फसलों की खरीद का कारोबार चलेगा। तब तक रेहड़ियों को अंदर नहीं आने दिया जाएगा।

**निर्धारित स्थान पर लगेगी सब्जी की आढ़त:** बुधवार से सब्जी आढ़ति अपनी आढ़तों के सामने ही सुबह किसानों का माल मंगवाएंगे। ताकि अनाज मंडी का परिसर पूर्णरूप से किसानों को खाली मिले। किसान अपनी फसलों की ढेरियां फड़ों के ऊपर या टिनशेड के नीचे लगा सकेंगे।

**किसानों को मिलेगी हर सुविधा** : मार्केट कमेटी सचिव नरेश कुमार का कहना है कि अनाज मंडी में आने वाले किसानों को पूरी सुविधा मिलेगी। किसान आसानी से अपनी फसल का पंजीकरण करा सकेंगे। मंडी परिसर को आवारा पशुओं से मुक्त कर दिया है। किसानों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# दुरुस्त रहने को दिल से करें दिल की देखभाल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के आर्टेमिस अस्पताल में विश्व ह्दय दिवस के मौके पर गुब्बारे छोड़कर स्वस्थ रहने का संदेश देते अतिथि।

**मंगलवार** को विश्व ह्दय दिवस के मौके पर कैनविन फाउंडेशन की ओर से आर्टेमिस अस्पताल के साथ मिलकर दिल को स्वस्थ रखने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों व एक्सपर्ट ने दिल से सभी से यही आग्रह किया कि अपने दिल की उचित देखभाल करें। ऐसा करके हम दिल की बीमारियों से खुद को बचा सकते हैं।

दिल के आकार का केट काटकर सभी को विश्व ह्दय दिवस की बधाई देते हुए कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं बीजेपी के जिला सचिव नवीन गोयल ने कहा कि यह बात हम सब जानते हैं कि हमारा पर्यावरण कैसा है। खान-पान कैसा हो गया है। पाश्चात्य संस्कृति को अपनाकर हमने अपनी सेहत को खराब कर लिया है। अब जरूरी है कि हम अपना सादा देसी खान-पान अपनाएं और खुद की सेहत को दुरुस्त करें। उन्होंने कहा कि कैनविन फाउंडेशन गुरुग्राम की सेहत सुधारने को वचनबद्ध है। इसके लिए संस्था लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सबसे जरूरी है खुश रहना। कोरोना महामारी ने यह बता दिया है कि अधिक सुविधाएं होना खुशियों की निशानी नहीं है, बल्कि कम सुविधाओं में भी हम खुश, सुखी रह सकते हैं। नवीन गोयल ने गुरुग्राम के युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे हमारा सामाजिक पतन हो रहा है।

आर्टेमिस अस्पताल में ह्दय रोग विभाग के निदेशक डा. महेंद्र संधू ने कहा कि आज नंबर वन किलर हार्ट डिजिज बन चुकी हैं। रोजाना वॉक करके बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रोल को हम सही रख सकते हैं। हमारी अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि हमारा हार्ट सही रहे। उन्होंने कहा कि ह्दय रोग के केसों में बढ़ोतरी हो रही है।

# दो अक्टूबर को संत निरंकारी मिशन करेगा रक्तदान

**गुरुग्राम।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी मिशन द्वारा शुक्रवार 2 अक्टूबर 2020 को गुरुग्राम में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर स्थानीय सेक्टर-31 के संत निरंकारी सत्संग भवन में प्रात: 10.00 बजे से दोपहर बाद 1.00 बजे तक चलेगा।

निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार निरंकारी अनुयायी एवं भक्तजन मानव कल्याण के लिए एवं जीवन दान के लिए रक्तदान करते रहे हैं ताकि मानव का रक्त व्यर्थ न हो और मानव की रंगों में ही बहे। कोरोना महामारी के चलते गुरुग्राम सिविल अस्पताल के पुन: आग्रह पर संत निरंकारी मंडल दिल्ली ने शुक्रवार 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर लगाने का आदेश दिया है।

# कोविड वाटिका तैयार करने में जुटे वृक्षप्रेमी पुरुषोत्तम खंडेलवाल

### पिछले 30 वर्षों में लाखों पौधे लगाकर वितरित कर चुके हैं खंडेलवाल

विनोद शर्मा। पलवल



वाटिका में औषधीय पौधे तैयार करने में जुटे पुरुषोत्तम खंडेलवाल

**मोती** कॉलोनी निवासी बुजुर्ग वृक्षप्रेमी पुरुषोत्तम खंडेलवाल पिछले 30 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज को दे रहे हैं। अब तक एक लाख से अधिक पौधे उगाकर वितरित कर चुके पुरुषोत्तम खंडेलवाल अब कोविड वाटिका तैयार करने में जुटे हैं। जिससे इम्यूनिटी बढ़ाने वाले सभी पौधे एक जगह उपलब्ध हो सकेंगे। वाटिका में 15 तरह के पौधे शामिल होंगे। जिनमें तुलसी, हरीश्रृंगार, गिलोय, अश्वगंधा, नीम आंवला, हरड़, बेलपत्र, घृतकुमारी, हल्दी, मेथी, कालीमिर्च, दालचीनी, अर्जुन, अजवाइन शामिल है।

**कपड़े का कारोबार छोड़ लगाई नर्सरी:** पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कई वर्ष पूर्व कपड़े का कारोबार छोड़ मोती कॉलोनी में 500 गज के प्लॉट में श्रीहरि श्रृंगार वाटिका बनाई। तब से इसमें पौधे तैयार कर लोगों को मुफ्त बांट रहे हैं। इनकी वाटिका में 100 से अधिक प्रकार के पौधे लगे हुए हैं। वे अपने प्रेरणास्रोत देश के अनेक संतों को बताते हैं। खंडेलवाल को राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वनमंत्री, उद्योगमंत्री सहित अनेक संस्थाएं पौधारोपण व जड़ी बूटी की खेती के लिए प्रशस्ति पत्र दे चुके हैं।

**पर्यावरण प्रवर की उपाधि मिली :** गत 15 फरवरी 2012 को उन्हें सांस्कृतिक व शैक्षिक साहित्य मंडल उदयपुर की ओर से उन्हें पर्यावरण प्रवर की उपाधि से सम्मानित किया गया था। अब तक पांच बार महाकुंभ के मेले में देश व विदेश के अनेक लोगों को भी औषधीय पौधों के बीज वितरित कर चुके हैं।

**बुजुर्गों को कराते हैं रोज व्यायाम :** खंडेलवाल रोज सुबह मोती कॉलोनी पार्क में बुजुर्गों को व्यायाम कराते हैं। साथ ही औषधीय पौधों के गुण भी बताते हैं। उनका कहना है कि बुजुर्गों में कोरोना महामारी से लड़ने की क्षमता कम नहीं है। यदि संयमित रहकर व्यायाम व आयुर्वेद को अपनाया जाए तो कोई रोग हमें छू नहीं सकता।

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन अब चार अक्टूबर तक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



देवेन्द्र चौहान।

**आईटीआई** में दाखिले की तिथि बढ़ाकर चार अक्टूबर कर दी गई है। यह निर्णय सरकार/विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के चलते एवं आईटीआई में दाखिले बढ़ती मांग को लेकर लिया गया है। कोरोना काल प्रमाणपत्र बनवाने की समस्या भी मख्य कारण है।

हिन्दुस्तान आईटीआई मीतरोल के चेयरमैन देवेन्द्र चौहान ने बताया कि आईटीआई संस्थानों में दाखिले की तिथि 28 सितंबर से बढ़ाकर चार अक्टूबर तक कर दी गई है। दाखिले की विवरण पत्रिका में वर्णित अन्य नियम व शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दाखिले को लेकर मेरिट में सीट एलॉटमेंट जारी होने के बारे में सूचना विभाग की वेबसाइट पर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि सभी आईटीआई संस्थानों में 30 प्रतिशत सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित है। आवेदनों की संख्या तेजी बढ़ी है। देवेन्द्र चौहान ने बताया कि छात्रों का रुझान आईटीआई में दाखिले के लिए बढ़ा है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आईटीआई की लोकप्रियता बढ़ी है। यहां पर पहले से ज्यादा छात्रों को प्राइवेट उद्योगों में प्लेसमेंट करवाया गया है और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा आईटीआई पास छात्रों को प्लेसमेंट दिलवाया जाएगा।

आईटीआई में दाखिले के लिए निदेशालय द्वारा अपना दाखिले का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार आईटीआई प्रशासन के द्वारा भी अपनी दाखिला संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। किसी भी छात्र को दाखिला संबंधित कोई भी समस्या आती है तो वह संस्थान में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# मैकफे ने घर से काम करने के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने को टेक्नोलॉजी का विकास किया

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

### उत्पाद संग्रह की नई विशेषताओं में सोशल मीडिया प्रोटेक्शन, टेक स्कैम प्रोटेक्शन आदि जैसी सुरक्षाएं शामिल हैं

**मैकफे** ने अपने लेटेस्ट कंज्यूमर सिक्योरिटी पोर्टफोलियो की घोषणा की, जिसमें बेहतर यूजर अनुभव एवं नई विशेषताओं के साथ बेहतर उत्पाद शामिल है। यह उपभोक्ताओं को इंटीग्रेटेड सोशल मीडिया एवं टेक स्कैम प्रोटेक्शन भी प्रदान करेगा। मौजूदा समय में उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पाद में इन नई विशेषताओं का समावेश किया गया है, ताकि यूज़र्स घर से व्यवसायिक व व्यक्तिगत काम करते हुए आने वाले मौजूदा खतरों से सुरक्षित रहें।

मैकफे इंडिया के वाईस प्रेसिडेंट ऑफ इंजीनियरिंग एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, वेंकट कृष्णापुर ने कहा, घर, ऑफिस एवं स्कूल डिजिटल हो जाने के साथ आज के उपभोक्ताओं को संपूर्ण स्तर पर डिवाईस एवं वेब प्रोटेक्शन की जरूरत है, ताकि उनके डिजिटल जीवन का हर पक्ष सुरक्षित बने। उन्होंने कहा, आज के तेजी से कनेक्टेड होते विश्व के अनुरूप निर्मित, मैकफे का विकसित उत्पाद संग्रह उपभोक्ताओं के कनेक्टेड जीवन का हर पक्ष सुरक्षित बनाने का एक व्यवहारिक माध्यम है।

**सुरक्षा व गोपनीयता की वृद्धि हुई** : मैकफे कोविड-19 थ्रेट रिपोर्ट : जुलाई2020 के मुताबिक मैकफे लैब्स को मैलिशियस ऐप्स, फिशिंग कैम्पेन, मालवेयर आदि से हर मिनट औसतन 375 नई थ्रेट मिलीं। इस थ्रेट्स से सुरक्षा देने और कोरोनावायरस से जुड़े स्कैम का समाधान करने के लिए मैकफे उत्पाद श्रृंखला में निम्नलिखित अपडेट एवं इन्हेंसमेंट किए गए हैं। टेक स्कैम प्रोटेक्शन: अब ऐसी वेबसाईट पर विजिट करने पर मैकफे वेबएडवाइजर चेतावनी देता है, जो आपके कंप्यूटर की रिमोट एक्सेस साइबर क्रिमिनल्स को दे सकती हैं। इससे भारत में दर्ज हुए धोखाधड़ी के 128 करोड़ ऑनलाईन नुकसानों का समाधान हो सकेगा। एडवांस्ड मैलवेयर डिटेक्शन: मैकफे ने अपनी मशीन लर्निंग की क्षमताएं बढ़ाकर विभिन्न डिवाइसेस पर विकसित होने वाली थ्रेट्स को पहचानने में लगने वाले समय में सुधार किया है। यह फाइल-लेस थ्रेट्स से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाया** : उपभोक्ता सुरक्षा से ज्यादा महत्व सुविधा को देते हैं और ऑनलाइन सुरक्षा को तब तक नजरंदाज कर जाते हैं, जब तक उनका कोई नुकसान न हो जाए।

# गुस्साए किसानों ने भाजपा नेता को मंडी से खदेड़ा

### इंद्री में किसानों ने तीन घंटे तक किया स्टेट हाईवे जाम मार्केट कमेटी कार्यालय में जड़ा ताला

पायनियर समाचार सेवा। करनाल /इंद्री



इंद्री में स्टेट हाईवे जाम लगाए बैठे किसान।



किसानों और आढ़तियों का विरोध झेलते भाजपा नेता।

**धान** की खरीद न होने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। हालात यह है कि मंगलवार को अनाज मंडी में किसानों को नए अध्यादेशों के बारे में समझाने आए एक भाजपा नेता को देख किसान लाल-पीले हो गए। भाजपा नेता को जमकर भला बुरा तक कह डाला। यहीं नहीं सरकार के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी भी की। मौंके की नजाकत देख भाजपा नेता ने मंडी से जाने में ही समझदारी दिखाई।

मंडी में यह चर्चा थी कि मंगलवार को करनाल अनाज मंडी में कृषि मंत्री के आने का कार्यक्रम है परन्तु भाजपा नेता को किसानों द्वारा खदेड़े जाने के बाद कृषि मंत्री का भी यहां आगमन नहीं हुआ। हालाकि कृषि मंत्री के आने के बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई। बहरहाल जिस तरह से किसान गुस्से में है और सरकार से नाराज हैं यदि समय रहते धान की खरीद न की गई तो किसान सड़कों पर उतर सकते हैं जिससे स्थित संभालना सरकार के लिए काफी परेशानी भरा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि किसान व आढ़ती पहले ही तीन कृषि अध्यादेशों को लेकर अन्दोलन कर रहे हैं उपर से धान की सुचारू रूप से खरीद न होने से किसान के जख्मों पर नमक का काम किया है। हालाकि सरकार व भाजपा नेता तीन अध्यादेशों को किसान हित में बता रहे हैं।

इंद्री में जीरी की खरीद नहीं होने से खफा किसानों व आढ़तियों ने करनाल-यमुनानगर स्टेट हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम लगभग तीन घंटे तक चला जिसके चलते वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा और वाहनों को दूसरे रास्तों से निकाला। प्रदर्शनकारी किसानों व आढ़तियों ने सरकार व मार्केट कमेटी सचिव के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मार्केट कमेटी कार्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया। उन्हें समझाने के लिए पहले डीएसपी रमेश कुमार व तहसीलदार दर्पण कांबोज पहुंचे लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। एसडीएम सुमित सिहाग मौके पर पहुंचे और किसानों-आढ़तियों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इसके बाद तुरंत अनाजमंडी का गेट खोल दिया। किसानों के गेट पास काटे गए उसके बाद ही प्रदर्शनकारियों ने जाम खोला। किसानों ने सचिव पर दुर्व्यवहार करने के आरोप लगाते हुए उन्हें सस्पेंड करने की मांग की। एसडीएम ने कहा कि बिजली पानी व शौचालय आदि की व्यवस्था के लिए सचिव व विभाग के अधिकारी को बोल दिया है। उन्होंने कहा कि अनाजमंडी के गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

मौके पर मंडी प्रधान सतपाल बैरागी, रामपाल चहल, रिषीपाल खेड़ा, शिव कुमार बंसल, जयनारायण शर्मा, पृथ्वी राज कांबोज, साहब सिंह जैनपुर, कुलदीप सिंह, कर्मसिंह गढ़ी जाटान, मेहर सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में किसान, आढ़ती और मजदूर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना महामारी के चलते इस बार नहीं होगी रामलीला : सुंदर लाल



**कुरुक्षेत्र।** प्रधान मास्टर सुंदर लाल की अध्यक्षता में हुई श्री लक्ष्मी रामलीला ड्रामाटिक क्लब विष्णु कॉलोनी की बैठक में क्लब के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। क्लब के प्रधान मास्टर सुंदर लाल ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते इस वर्ष रामलीला का आयोजन नहीं किया जाएगा। निर्णय पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। निदेशक हिन्दू सिख एकता के प्रतीक बजरंगी कुलवंत सिंह भट्टी ने कहा कि हम प्रशासन के साथ हैं। कोरोना जैसी बीमारी से निपटने के लिए हम सभी को प्रशासन का साथ देना होगा। कोरोना महामारी के कारण रामलीला का आयोजन संभव नहीं है। फिर भी हम प्रभु श्रीराम का नाम वीडियो द्वारा घर-घर पहुंचाते रहेंगे। हर वर्ष की भांति व्रत व पाठ पूजा करते रहेंगे। प्रभु श्री राम से प्रार्थना करेंगे कि सब सुखी रहें। बैठक में क्लब के संरक्षक सुरेन्द्र गुप्ता, चेयरमैन राजेन्द्र गर्ग, उपप्रधान गुलशन रतड़ा, सचिव महेन्द्र ठाकुर, सहसचिव राम अवतार मित्तल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश कालड़ा, निर्देशक राजेश बंसल, प्रबंधक रमेश शर्मा, सलाहकार मनजीत शास्त्र, राजेश शर्मा, रमेश चुघ, नरेन्द्र सन्धु और राजेन्द्र वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### पिछड़ा वर्ग बरोदा चुनाव में दर्ज कराएगा भाजपा की जीत : रंबा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा है कि पिछड़ा वर्ग बरोदा चुनाव में अहम भूमिका निभाएगा और भाजपा को जीत दर्ज करवाएगा। वे मंगलवार को सिरसला रोड स्थित अपने कार्यालय में बातचीत कर रहे थे। रंबा ने कहा कि 2014 व 2019 के चुनाव में पिछड़ा वर्ग ने भाजपा को जीत दर्ज करवाने का काम किया। आज प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की जनसख्ंया 52 प्रतिशत है। ऐसे में बरोदा उपचुनाव के दौरान भी पिछड़ा वर्ग भाजपा को जीत दर्ज कराएगा। रंबा ने कहा कि बरोदा उपचुनाव को लेकर कार्यकारिणी के सदस्यों को ड्यूटियां लगाई गई। बरोदा उपचुनाव में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों पर मुहर लगेगी और यह सीट भाजपा की झोली में जाएगी।

### बरोदा उप चुनाव में रिकार्डतोड़ जीत हासिल करेगी भाजपा



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विमुक्त एवं घुमन्तू जाति विकास बोर्ड के सलाहकार दल सिंह मल्लाह ने चुनाव आयोग द्वारा बरोदा उप चुनाव के लिए 3 नवंबर 2020 मतदान तिथि घोषित करने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बरोदा वासी भाजपा की नीतियों और चलाई जा रही योजनाओं से प्रसन्न हैं, जिसके चलते उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने का निर्णय लिया है। वे बरोदा हल्के के गांव गढ़वाल, बनवासा व गंगाना में पार्टी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार के बाद कुरुक्षेत्र लौट कर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उप चुनाव में भाजपा की जीत होगी और विरोधियों को मुंहकी खानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए तीनों कृषि विधेयकों से किसान वर्ग खुश है और इसका प्रत्यक्ष प्रमाण बरोदा उप चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी की जीत के साथ सभी के समक्ष होगा। मल्लाह ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता से विरोधी दल बौखला गए है और यही कारण है कि सरकार की नीतियों का दुरप्रचार करते हुए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य दल किसानों को कृषि विधेयकों पर गुमराह कर रहे है। इस दौरान उनके साथ संदीप सिंह, डॉ. उमेद, नरेंद्र कुमार व अन्य मौजूद रहे।

### थैलीसीमिया के मरीजों के लिए किया रक्तदान



**करनाल।** सामाजिक संस्था नेशनल इंटेग्रेटेड फोरम आफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस ओर आईबीएन24 न्यूज नेट्वर्क ने मंगलवार को पंचायत भवन में थैलीसीमिया के मरीजों के लिए आयोजित रक्त दान शिविर का आयोजन किया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि डीसी निशांत यादव ने रक्त दाताओं को बैज लगाकर, रक्तदाता का प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्त दान शिविर के परियोजना निदेशक आकर्षण उप्पल, गुरु प्रसाद व राजीव मल्होत्रा ने बताया कि आज 103 यूनिट रक्त इकट्ठा करके राष्ट्रीय रेड क्रॉस सोसायटी की दिल्ली से आयी टीम को सौंपा। नगर निगम उप निगमायुक्त धीरज कुमार, डॉक्टर राकेश दुआ, समाज सेवी नीटु मान, आरटीए निरीक्षक जोगिंदर ढुल्ल, नटराज से संजय सिंगला, पानीपत मेयर के भाई गुरमीत सिंह, एडवोकेट राजीव शर्मा, नगर निगम के जेई मनीष कुमार व निफ़ा के फ़ाइन आर्ट विंग के प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र वर्मा ने भी रक्त दान किया।

### धान की खरीद शुरू करे सरकार : अंकित गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश अग्रवाल वैश्य सम्मलेन के जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता एडवोकेट ने नई अनाज मंडी में किसान मजदूर व आढ़तियों से मुलाकात की। उन्होंने किसानों व आढ़तियों की समस्याएं सुनने के बाद सरकार से धान की खरीद शुरू करने की अपील की है। अंकित गुप्ता ने कहा कि किसान की छह महीने की मेहनत धान की फसल मंडियों में आ चुकी है, लेकिन एजैंसियों द्वारा फसल की खरीद शुरू नहीं की जा रही। किसानों की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार देश को बचाना चाहती है, तो उसे किसानों की फसल बिना देरी के खरीद करनी होगी। गुप्ता ने कहा कि मौसम खराब होने पर खुले में पड़े फसल का नुकसान होगा। इस अवसर पर सुभाष गुप्ता, दत्तराज सिंगला, मनीष सिंगला, जोगध्यान, सतीश कुमार मौजूद रहे।

# नहीं आने दी जाएगी किसानों को कोई परेशानी : उपायुक्त

### एक अक्टूबर से आएगी मंडियों में बहार, होगी बाजरे की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी



मंडियों में बाजरे की खरीद के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी यशेन्द्र सिंह।

**बाजरे** की खरीद की तैयारी हो गई है। जिले में एक अक्टूबर से बाजरे की खरीद की जाएगी, जो 18 नवंबर तक चलेगी। खरीद का जिम्मा हैफेड व वेयरहाऊस को मंडियों के जरिये दिया गया है। बाजरे की खरीद को लेकर उपायुक्त यशेंद्र सिंह ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक ली तथा उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को किसानों को उनकी फसलों की बिक्री में किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या नहीं रहने देने के लिए विशेष प्रबंध करने तथा खरीद के पुख्ता प्रबंध करने के निर्देश दिए। कोविड-19 को देखते हुए मंडियों में मास्क व सैनेटाइजर की समुचित व्यवस्था करने तथा सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने और किसानों के लिए पेयजल, छाया व सफाई की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। यशेन्द्र सिंह ने कहा कि बाजरे की खरीद कोसली, रेवाड़ी व बावल की अनाज मंडियों में की जाएगी, लेकिन खरीद उन ही किसानों की फसल की होगी, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान अपने बाजरे की फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2150 रुपये प्रति क्विंटल के मूल्य पर बेच सकते हैं। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को खरीद के साथ ही बाजरे के उठान के इंतजाम करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि किसानों को एसएमएस द्वारा उनके मोबाइल पर सूचना दी जाएगी उसी तिथि के हिसाब से किसान अपनी उपज मंडियों में लेकर आएंगे। बैठक में बताया गया कि जिले के 46 हजार 827 किसानों ने बाजरे की ब्रिकी के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्टेशन करवाया हुआ है, जिन्होंने एक लाख 79 हजार 186 एकड़ में बाजरे की खेती की हुई है।

## प्रदेश भर में मंडियों के आगे जाम लगाएंगे किसान : गुरनाम सिंह

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष गुरनाम सिंह ने घोषणा की कि जीरी की खरीद शुरू न होने के कारण 30 सितंबर को सुबह 11 बजे हरियाणा में सभी अनाजमंडियों के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खरीद कार्य शुरू कराने सहित अन्य मांगों को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों की एक बैठक मंगलवार को फूड कमिश्नर पीके दास के साथ करीब दो घंटे चली है। दोपहर 12 से दो बजे तक हुई यह बैठक बेनतीजा निकली है, क्योंकि उन्होंने किसी भी समस्या का न तो कोई समाधान किया और न ही कोई आश्वासन दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने बतया कि अब उनके पास आंदोलन करने के अलावा ओर कोई विकल्प नहीं है। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि फूड कमिश्नर ने किसी भी समस्या का न तो कोई समाधान किया।

# अंक सुधार परीक्षा के लिए एक और मौका, पांच को होगा पेपर

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक)एवं हरियाणा मुक्त विद्यालय परीक्षा अक्टूबर के लिए परीक्षार्थियों के हितों के मद्देनजर ऑनलाइन आवेदन के लिए पांच अक्टूबर तक एक और अवसर दिया गया है जिसका लिंक बोर्ड वेबसाइट 29 सितम्बर से उपलब्ध है।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डाक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि जो परीक्षार्थी सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी (शैक्षिक)एवं हरियाणा मुक्त विद्यालय परीक्षा अक्टूबर-2020 के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 13 सितंबर तक कंपार्टमेंट, रि-अपीयर, आंशिक अंक सुधार, पूर्ण विषय अंक सुधार एवं अतिरिक्त विषय के लिए आवेदन नहीं कर पाए थे और ऐसे परीक्षार्थी जिन द्वारा आवेदन तो किया था किन्तु ऑनलाइन शुल्क जमा नहीं करा पाए थे, वे परीक्षार्थी भी पांच अक्टूबर, तक कम्पार्टमेंट, रि-अपीयर आंशिक अंक सुधार, पूर्ण विषय अंक सुधार एवं अतिरिक्त विषय हेतु बोर्ड वेबसाइट पर दिये लिंक में 1000 रुपये विलम्ब शुल्क सहित ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों द्वारा अपना आवेदन व शुल्क ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा ही किया जाना है। आवेदन फार्म व शुल्क जमा करवाने उपरान्त केवल अतिरिक्त विषय के परीक्षार्थी ही अपना आवेदन फार्म एवं अन्य दस्तावेज कि हार्ड कॉपी सहायक सचिव (सैकेंडरी, सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) एवं मुक्त विद्यालय)हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के नाम समय रहते भेजना सुनिश्चित करें और शेष परीक्षार्थी आवेदन की हार्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

## वेबिनार के माध्यम से सरकार की योजनाओं की एपीआईआरओ ने दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद्र डिमरी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा एक वेबिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वेबिनार में सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने पैनल अधिवक्ताओं व पैरालीगल वालंटियर को सरकारी की योजनाएं एवं कोरोना महामारी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शिखा भी वेबिनार से जुड़ी। एआईपीआरओ सिंगल ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से अनेक पेंशन योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनके बारे में लोगों को जानकारी होना जरूरी है।

# हृदय दिवस पर लोगों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी



**विश्व** हृदय दिवस पर शहर में लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ई-रिक्शा के माध्यम से हृदय रोग से सम्बंधित जो भी जानकारी है वह माइक के द्वारा शहरवासियों को बताई जाएगी। ई-रिक्शा को सिविल सर्जन ने सामान्य हस्पताल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना काल में ज्यादा भीड़ न करते हुए विभाग ने लोगों को जागरूक करने के लिए ई-रिक्शा के द्वारा पूरे शहर में प्रचार-प्रसार किया जायेगा जिससे लोगों को बताया जायेगा कि हृदय रोग होने से कैसे बचा जा सकता है तथा क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के चलते हृदय रोगी को विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि हृदय रोग अत्यधिक तनाव, हाइपरटेंशन, मधुमेह, अधिक धूम्रपान, मोटापा, वसायुक्त भोजन, निष्क्रिय जीवन शैली के कारण होता है। ऐसे लोगों को हृदय रोग होने का अधिक खतरा होता है जिनका कोलेस्ट्रोल, ट्राईग्लिसराइड और वीएलडीएल, एलडीएल अधिक होता है। सिविल सर्जन ने बताया कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन अपने अन्य कार्यो की तरह ही व्यायाम के लिए भी समय निकालें। सुबह और शाम के समय पैदल चलें या सैर पर जांए। तनाव अधिक होने पर योगा व ध्यान के द्वारा इस पर नियंत्रण करें। धूम्रपान व शराब का सेवन ना करें। स्वस्थ शरीर और दिल के लिए भरपूर नींद लें।

## पुलिस को धरातल पर दिखानी होगी सख्ती

**रेवाड़ी।** अपराध व अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस ने पूरी तरह कमर कसी हुई है। कई तरह के इंतजाम किए हुए हैं। सभी चौराहों पर पुलिस तैनात कर दी गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में चौकीदारों को ग्रामीणों व पुलिस के बीच की कड़ी बना दिया है। ग्रामीणों को ठीकरी पहरा लगाने के निर्देश दिए हैं और शहरी क्षेत्र में भी दुकानदारों से पुलिस ने पिछले दिनों मीटिंग करके सहयोग मांगा है। मसलन पुलिस का प्रयास है कि जिला पूरी तरह अपराधमुक्त हो। प्रयास अच्छा है, लेकिन जिस तरह से इन सब इंतजाम के बावजूद अपराधिक घटनाएं हो रही हैं, उसे देखकर कहा जा सकता है कि अपराध व अपराधी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती हैं।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**लक़ीरों में थी बस ग़ुरबत वो बेटी हाथरस की थी**
**बचा पाई नहीं अस्मत वो बेटी हाथरस की थी**
**पुलिस, सरकार, खादी, मीडिया ये दोगले हैं सब**
**ये कहकर हो गई रुख़सत वो बेटी हाथरस की थी**

## विधायक के बड़े भाई रमेश सुधा का निधन

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर से विधायक सुभाष सुधा के बड़े भाई समाजसेवी रमेश सुधा के निधन से पूरे कुरुक्षेत्र जिले में शोक की लहर दौड़ गई। समाजसेवी रमेश सुधा ने गत दिवस दिल्ली में एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली और सोमवार को समाजसेवी रमेश सुधा के पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। सेक्टर 7 में हरियाणा के खेल मंत्री संदीप सिंह, हरियाणा के कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल, सांसद नायब सिंह सैनी, विधायक रामकरण, पूर्व मंत्री कर्णदेव काम्बोज, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पूर्व विधायक कबीरपंथी, पूर्व विधायक डा. पवन सैनी, जजपा के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह, जिला परिषद के चेयरमैन गुरदयाल सुनहेड़ी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, जजपा के जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला, केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, जजपा नेता डा. जसविन्द्र सिंह खैरा, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर ने शोक व्यक्त किया है।

# कम प्रतिरक्षा हृदय रोगों ( सीवीडी ) से पीड़ित लोगों के लिए हानिकारक हो सकती है

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव

**स्वस्थ खाने-पीने की आदतें, सही मेडिकेशन शेड्यूल और मॉनिटरिंग वाइटल्स को लेकर जागरूकता की आवश्यकता है**

**कई** स्टडीज के अनुसार, हृदय रोग (सीवीडी) से ग्रसित लोगों को कम प्रतिरक्षा के कारण विभिन्न संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। यह खतरा कोविड-19 महामारी से भी जुड़ा है। यह देखते हुए कि भारत में सीवीडी पहले से ही मृत्यु दर और बीमारियों का एक प्रमुख कारण है, जटिलताओं से बचने के लिए नियमित रूप से ईसीजी जैसे सावधानी बरतने और मॉनिटरिंग वाइटल्स के महत्व पर जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

सीवीडी दिल या रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाली स्थितियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इस स्थिति से उन लोगों को ज्यादा रिस्क होता है जिनका इन बीमारियों का पारिवारिक इतिहास है, डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर से पीडित हैं, या जीवनशैली अनहेल्दी है। गुड़गांव के मैक्स हॉस्पिटल के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.अरविंद दास ने कहा, दिल की बीमारियों या किसी भी मौजूदा स्थिति से पीड़ित लोगों को सावधान रहना चाहिए और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के प्रति सावधानी बरतनी चाहिए। कोरोना कोरोना वायरस के कारण होने वाले संक्रमण फेफड़ों को प्रभावित कर सकते हैं और हृदय को सभी अंगों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त को प्रभावी ढंग से पंप करने में मुश्किल पैदा कर सकते हैं। यदि अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटर भी अनियंत्रित हैं, तो अतिरिक्त दबाव हानिकारक साबित हो सकता है और हार्ट फेल्यौर, दिल का दौरा आदि हो सकता है। इन सभी परेशानियों से सावधानी के जरिए ही बचा जा सकता है। डॉ.अरविंद दास ने आगे कहा, हृदय रोग से पीड़ित लोगों को अपने दवा के शेड्यूल को जारी रखना चाहिए, जब तक कि उनके विशेषज्ञ द्वारा सलाह न दी जाए। उन्हें नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की निगरानी करनी चाहिए और स्वस्थ जीवन पर ध्यान देना चाहिए।

इसमें हृदय को स्वस्थ रखने वाले भोजन और हल्की एक्सरसाइज करना शामिल है। कुल मिलाकर अच्छी प्रतिरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य पर ही फोकस है। जिन लोगों में स्वास्थ्य जटिलताएं देखने को मिलती हैं उन्हें एंजियोप्लास्टी जैसे उपचार की आवश्यकता होती है।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I Seema W/o Kailash Kumar R/o A-170 Sainik Colony Sector-49, Faridabad have changed my name to Seema Setia.

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, बालकिशन ठाकुर पुत्र श्री निरंजन ठाकुर निवासी मकान न. 481, सारन चौक, गुरूद्वारा रोड, जवाहर कालोनी, सेक्टर-22, फरीदाबाद हरियाणा बयान करता हूँ मैंने अपने छोटे पुत्र मनीष ठाकुर व उसकी पत्नी राखी ठाकुर को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हैं। भविष्य मे इनसे लेनदेन (सम्बन्ध) करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

◆ खोया-पाया ◆

मैं, अंशू पुत्री श्री यशवीर बाकूरा निवासी गॉव दयालपुर उप तहसील दयालपुर जिला फरीदाबाद बयान करती हूं कि मेरी कक्षा दसवीं की मार्कशीट चन्दावली से मच्छगर के बीच कही गुम हो गई है जिसको मैने काफी तलाश किया लेकिन मार्कशीट कही नहीं मिली है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भाजपा का पुनर्गठन

## नए चेहरों को महत्व

**जेपी** नड्डा के भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद से पार्टी का पुनर्गठन लंबित था जिसमें संभवत: सरकार द्वारा महामारी से निपटने के कारण देर लगी। आखिरकार नौ महीने बाद पार्टी ने कुछ प्रमुख परिवर्तन किए हैं। लगभग 60 प्रतिशत पदाधिकारी अब नए हैं। इसका अर्थ है कि मोदी-शाह जोड़ी अब पार्टी को अगली पीढ़ी के लिए तैयार कर रही है। नए पदाधिकारी अगले आम चुनाव की तैयारी करेंगे, जबकि कुछ मौजूदा वरिष्ठ नेता सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनको आश्वस्त होना होगा कि नए नेता योजना के अनुसार कठोर मेहनत करते हुए युवा जनसंख्या को अपनी ओर आकर्षित कर अगला लोकसभा चुनाव जीतने में सफल होंगे। इस परिवर्तन से भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी की तरह दिख रही है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र पर विश्वास किया जाता है। अनेक महत्वपूर्ण पद बंगाल व ओडिशा के नेताओं को दिए गए हैं जिससे स्पष्ट है कि पार्टी इन राज्यों में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। हालांकि, सबसे महत्वपूर्ण कदम पार्टी से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस के कुछ लोगों को हटाना है। राम माधव को राष्ट्रीय महासचिव के पद से हटाने के बाद अब आरएसएस के बी.एल. प्रेम ही बचे हैं। राम माधव पार्टी की कश्मीर व पूर्वोत्तर नीतियों के लिए जिम्मेदार थे और उनके कैबिनेट में शामिल होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री स्वयं कार्यकर्ताओं से उभरे हैं, इसलिए आरएसएस को पार्टी के केन्द्रीय संचालन में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है और उसे दृश्यमान होने की आवश्यकता नहीं है। नए राष्ट्रीय महासचिवों का चयन अखिल भारतीय प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास है। इनमें दलित नेता दुष्यंत कुमार गौतम, आंध्र प्रदेश से डी. पुरंदेश्वरी, कर्नाटक से विधायक सी.टी. रवि, पंजाब से तरुण चुग तथा असम से दिलीप सैकिया शामिल हैं।



ओडिशा से चार राष्ट्रीय पदाधिकारी हैं जिससे स्पष्ट है कि भाजपा इस तटीय राज्य को कितना महत्वपूर्ण मानती है। बैजयंत पांडा उपाध्यक्ष हैं तथा पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा व पहली बार चुने गए दो सांसदों को राष्ट्रीय भूमिका मिली है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह पिछले वर्ष ओडिशा में 'मिशन 120' पूरा नहीं कर सके थे। ऐसे में यह कदम पार्टी की स्थानीय इकाई को पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए प्रेरणा की तरह है। भाजपा ने पूर्वोत्तर पर काफी जोर देते हुए नगालैंड के एम, चुबाओ को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा नगालैंड के विधायक म्होनलुमो किकोन को राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है।

लेकिन बंगाल से पालाबदल कर आए नेता मुकुल राय को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने से बहुत लोग आश्चर्यचकित हुए हैं। तृणमूल कांग्रेस के इस पूर्व नेता को एक समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विश्वासपात्र माना जाता था। उनकी पदोन्नति बंगाल के बारे में भाजपा की महत्वाकांक्षा प्रकट करती है। यह ऐसे समय हुआ है जब राय अपने संकुचित स्पेस के कारण परेशान दिख रहे थे। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि पार्टी की स्थानीय इकाई उम्मीद के अनुसार भाजपा के पक्ष में माहौल नहीं बना सकी है और इसी कारण केन्द्रीय नेतृत्व आवश्यकता होने पर आयातित नेता का प्रयोग कर सकता है। राष्ट्रीय सचिव बनाए गए अनुपम हाजरा भी पूर्व टीएमसी नेता हैं। राय निश्चित रूप से टीएमसी की बूथ स्तरीय रणनीतियों से मुकाबला करने और उम्मीदवारों के चयन में सतर्कता बरतने में भाजपा की सहायता कर सकते हैं। पार्टी ने लंबे समय से अपने विश्वासपात्र राहुल सिन्हा को राष्ट्रीय सचिव के पद से हटा कर हाजरा के लिए रास्ता साफकिया है। इससे स्पष्ट है कि वह ममता बनर्जी को कुर्सी से हटाने के लिए टीएमसी विद्रोहियों का प्रयोग करना चाहती है। लेकिन भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद बंगाल के राज्य पार्टी अध्यक्ष दिलीप घोष के अपने चुनाव क्षेत्र में तीन उपचुनाव हार चुकी है। ऐसे में राय के समक्ष 2021 में टीएमसी को पराजित करने की चुनौती है। राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा का पुनर्गठन स्पष्ट रूप से स्थानीय नेताओं को महत्व देने का प्रयास है।

# श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण सुधार

**श्रम कानूनों में सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के सुधारों की तरह पेश किया जा रहा है। इससे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, पर इनसे कामगारों की स्थिति भी कमजोर नहीं होनी चाहिए।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नरेन्द्र मोदी सरकार ने हाल में श्रम सुधारों पर तीन विधेयक पास किए हैं जो तीन श्रम संहिताओं के रूप में हैं। ये हैं-औद्योगिक संबंध कोड 2020, पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्यस्थितियां कोड 2020 तथा सामाजिक सुरक्षा कोड 2020। इसके साथ ही पिछले साल कोड आन वेजेज़, 2019 को संसद ने पास किया था। इन चार श्रम कानून सुधारों को सर्वाधिक महत्वपूर्ण दूसरी पीढ़ी के संशोधन माना जा रहा है जिनसे बिजनेस करना सरल हो जाएगा, भारतीय उद्योग की प्रतियोगिता क्षमता बढ़ेगी तथा 'मेक इन इंडिया' के माध्यम से इसे विनिर्माण केन्द्र बनाने में सफलता मिलेगी। इन विधायनों का दायरा विशाल है। इन चार क्षेत्रों का दूरगामी प्रभाव केन्द्र व राज्यों द्वारा बिजनेसों पर नियमन व कामगारों का कल्याण सुनिश्चित करने के मामलों में होगा। इनके माध्यम से वर्तमान 29 केन्द्रीय श्रम कानूनों को चार संहिताओं में बदला गया है तथा छंटनी, बंदी या बैठकी का विस्तार बिना सरकार की अनुमति के 100 के बजाय 300 कामगारों तक किया गया है। इससे राज्यों को विधायन का ज्यादा अधिकार मिलेगा तथा कामगारों को समान सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होगी। वर्तमान समय में श्रम संविधान की समवर्ती सूची में शामिल है, इसलिए केन्द्र व राज्य सरकारें इस पर कानून बना सकती हैं। वर्तमान समय में 200 राज्य कानूनों के साथ 29 केन्द्रीय श्रम कानून लागू थे। इसका अर्थ था कि कंपनी को अनेक प्रकार के लाइसेंसों, पंजीकरणों, अनुमतियों व नवीकरणों की आवश्यकता होती थी तथा उसे विभिन्न कानूनों के अंतर्गत अनेक रिटर्न भरने पड़ते थे।

आश्चर्यजनक रूप से एक एमएसएमई को भी कम से कम 10 प्रकार के वेतन रजिस्टर, चार प्रकार के दुर्घटना रजिस्टर तथा चार प्रकार के मस्टर रोल रखने पड़ते थे। राज्यों के स्तर पर नियम और जटिल थे। प्रत्येक राज्य के नियमों के अनुसार अनेक प्रकार के दस्तावेज तैयार करने पड़ते थे। इसके परिणामस्वरूप अनेक प्रकार की अंतिम तिथियां, फर्म और फर्मेट, रिकार्ड रखने की आवश्यकतायें, जटिल प्रक्रियायें, आदि थीं। इससे विभिन्न राज्यों में काम करने वाली कंपनियों को भारी परेशानी होती थी। इस प्रकार 29 कानूनों को चार संहिताओं में शामिल करने पर इन जटिलताओं से मुक्ति मिलेगी। इससे कंपनियों पर बोझ घटेगा।

वर्तमान कानूनों के अनुसार खानों, फैक्ट्रियों, प्लांटों आदि कम से कम 100 कर्मचारियों वाले औद्योगिक अवस्थापनाओं के सेवायोजकों को कामगारों की छंटनी या कर्मचारियों को हटाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकारों की पूर्व अनुमति जरूरी थी। अनेक नियमों व जटिलताओं के कारण कंपनियां अपना आकार बढ़ाने तथा ज्यादा लोगों को रोजगार देने में अनेक बाधाओं का सामना कर रही थीं। इससी बदलती परिस्थितियों के अनुसार श्रमिकों की तैनाती में भी कठिनाई होती थी। इससे खासकर अर्थव्यवस्था में गिरावट के कारण प्रतियोगी बने रहना कठिन हो जाता था। इसके कारण श्रमिकों को ठेके पर रखने की प्रवृत्ति विकसित हुई थी जो सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से ठीक नहीं है। इसका प्रभाव अर्थव्यवस्था के औपचारीकरण पर पड़ता था। 63 मिलियन उद्यमों में से केवल एक मिलियन या 1.5 प्रतिशत ही औपचारिक क्षेत्र में हैं। इन नियंत्रणों के कारण अर्थव्यवस्था के तथाकथित अनौपचारिक क्षेत्र का विस्तार सकल घरेलू उत्पाद के 50 प्रतिशत और कार्यबल के 80-90 प्रतिशत तक है।

औद्योगिक संबंध कोड, 2020 के अंतर्गत फर्मों को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि बिजनेस परिवेश को देखते हुए 300 से कम कामगारों वाली कंपनियां परिवर्तन कर सकेंगी। लेकिन सवाल है कि इससे अधिक कामगार संख्या वाले उद्यमों को अभी अनुमति की आवश्यकता क्यों बनाए रखी गई है? समकालीन परिदृश्य में प्रतियोगिता को देखते हुए यह सीमा समाजवादी युग की विरासत है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। इस संहिता में अखिल भारतीय आधार पर ठेका श्रमिकों को 'निश्चित अवधि का रोजगार' देने की व्यवस्था है। वर्तमान समय में कंपनियां ठेकेदारों के माध्यम से भर्ती करती हैं, पर यह व्यवस्था लागू होने के बाद वे सीधे निश्चित अवधि के लिए कामगारों की भर्ती कर सकेंगी। इन कामगारों के साथ नियमित कामगारों जैसा व्यवहार होगा जो दोनों पक्षों के लिए लाभदायक होगा।

संहिता में कामगारों से हड़ताल का अधिकार छीना नहीं गया है। लेकिन इसके लिए 14 दिन की नोटिस तथा इस बीच बातचीत के माध्यम से समस्या समाधान की व्यवस्था की गई है। अनेक यूनियनों से मुक्ति तथा 'बातचीत करने वाली यूनियन' की अवधारणा स्वागत योग्य है। वर्तमान कानून के अंतग्रत राज्यों को फैक्ट्रियों को श्रम कानूनों से बाहर रखने की शक्ति सीमित है। उदाहरणार्थ फैक्ट्री एक्ट, 1948 सार्वजनिक आपातस्थिति होने पर तीन महीने का समय अपवाद के लिए निर्धारित करता है। अब केन्द्र सरकार ने राज्यों को काफी लचीलापन प्रदान किया है। नया कानून राज्यों को नई फैक्ट्रियों को ज्यादा आर्थिक गतिविधियों व रोजगार अवसरों के लिए अपवाद के ज्यादा अवसर देता है। फैक्ट्रियों के लिए इसकी कोई समयसीमा भी नहीं निर्धारित की गई है जो वर्तमान में तीन महीने है। औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के अंतर्गत राज्य एक घोषणा द्वारा ज्यादा फर्मों को छंटनी या बंद करने के मानक आसान कर सकते हैं और इसके लिए उनको केन्द्र की सहमति जरूरी नहीं होगी। अतीत में उनको इसके लिए राष्ट्रपति से अनुमति ले कर विधायिका से कानून पास करवाना पड़ता था। अब कोई राज्य यह काम कार्यकारी आदेश से कर सकता है। राज्य नई अवस्थापनाओं को औद्योगिक विवादों, छंटनी व ट्रेड यूनियन मामलों के 'किसी या सभी प्राविधानों' से मुक्त कर सकते हैं। यह 'बिना शर्त' एक निश्चित समय के लिए हो सकता है जिसे राज्य ठीक समझे। यह काम 'जनहित' में किया जा सकता है। हालांकि, तेजी से औद्योगीकरण को बढ़ावा देना जरूरी है, पर इन प्राविधानों में राज्य नौकरशाहों को बहुत अधिक विवेकाधीन अधिकार दिए गए हैं। उनको न्यायिक रूप से अपवादों की अनुमति देने के समय कामगारों के हितों का ध्यान रखना होगा।

सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 कर्मचारी प्राविडेंट फंड संगठन-ईपीएफओ व कर्मचारी राज्य भारतीय निगम-ईएससीआई का दायरा बढ़ा कर सभी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने का प्रयास करती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र कर्मचारियों के लिए लगभग 400 मिलियन का सामाजिक सुरक्षा फंड बनाया गया है। लेकिन यह केवल 10 या अधिक इमारतों के निर्माण वाले स्थलों पर लागू होगा। प्राविडेंट फंड पाने के लिए केवल 20 या उससे अधिक कामगारों वाली संस्थायें ही सक्षम होंगी। इससे एमएसएमई के लाखों कामगार लाभों से वंचित हो जाएंगे। चिन्ताजनक रूप से संहिता सामाजिक सुरक्षा को अधिकार नहीं मानती है और इसमें देश के संविधान का कोई संदर्भ नहीं दिया गया है। सामाजिक सुरक्षा संरक्षण को सारे देश के कामगारों पर लागू होना चाहिए।


हालांकि, इस संहिता में अनेक श्रेणियों को परिभाषित किया गया है, पर इनमें से अधिकांश अस्पष्ट हैं और उनमें यह देखते हुए संशोधन नहीं किया गया हे कि कामगारों का संबंध संगठित क्षेत्र से है अथवा असंगठित क्षेत्र से। उदाहरण के लिए, प्लेटफार्म व गिग कामगारों को असंगठित कामगारों के रूप में परिभाषित नहीं किया गया है, जबकि लाखों लोग इन क्षेत्रों में काम करते हैं। इसी प्रकार संहिता में 'अवस्थापना' शब्द को बदल कर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी कामगारों को सामाजिक सुरक्षा संरक्षण के दायरे में लाया जाए।

संक्षेप में कहा जाए तो चार संहितायें लागू होना श्रम सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम है, पर कामगारों को संरक्षण देने के लिए ज्यादा गंभीरतापूर्वक विचार करने की आवश्यकता है। क्रियान्वयन के संबंध में काफी कुछ राज्यों की प्रतिक्रिया पर निर्भर होगा। उनको ही इसे क्रियान्वित करने के लिए ढांचा तथा नियम बनाने और उनका अनुसरण करना होगा। यदि वे इस दिशा में नहीं चलते हैं तथा नियमों को जटिल बनाए रखते हैं तो लक्षित लाभ अंतिम कामगार तक नहीं पहुंचेंगे। ऐसे में केन्द्र व राज्यों को एकजुट होकर काम करना होगा।

# शून्य आय पर भी आईटीआर दाखिल करें!

> इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, आयकर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।

**लियोनेल चार्ल्स**
(लेखक इंडिया फाइलिंग के सीईओ हैं)



देश की अर्थव्यवस्था तथा लोगों की निजी आय पर पर कोरोनावायरस महामारी ने जो कहर बरपाया है उसे देखते हुए सरकार ने वित्तीय वर्ष वर्ष 2019-20 के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी है। हालांकि, अधिकतर लोगों को यह पता नहीं है कि यदि उनकी आय वित्तवर्ष 2019-20 में करारोपण की सीमा से कम रहती है तो भी इस बार आयकर रिटर्न दाखिल करना उनकी जिम्मेदारी है। हालांकि ऐसे में हो सकता है कि लोग वेतन कटौती एवं पदच्युति के कारण उनके समक्ष आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए सरकार के इरादों पर सवाल उठाएं, लेकिन यह काम करापवंचकों को पकड़ने के प्रयासों के तहत किया गया है। महामारी फैलने के पूर्व ही धराशाई होती वैश्विक तथा भारतीय अर्थव्यवस्था के कारण मुश्किल में होना कमर तोड़ने वाला अंतिम प्रहार साबित हुआ, सरकार ने पिछले वर्ष वित्तवर्ष 2020 के लिए कुछ मानक लागू किए हैं जिनके चलते आसकर रिटर्न दाखिल करना लोगों की जिम्मकदारी बन जाती है। रिटर्न दाखिल करने के नियमों को संवर्धित करने के पीछे विचार है उन अनैतिक करापवंचकों को पकड़ने का जहां व्यक्ति द्वारा किए गए खर्चों एवं घोषित आय के बीच अंतर दिखाई देता है।

यद्यपि अधिकतर लोगों का मानना है कि आयकर रिटर्न दाखिल करना उन व्यक्तियों के लिए प्रासंगिक होता है जिनकी आय कर स्लैब से ऊपर होती है, इसका बहुस्तरीय महत्व होता है, चाहे आमदनी करारोपण योग्य सीमा से कम हो अथवा कर देयता हो या नहीं। महत्वपूर्ण रूप से, यदि आय करा लगाने योग्य सीमा से कम है अथवा शून्य है तो रिटर्न भी निल रिटर्न कहलाएगा। लेकिन यह बैंक खातों में एकत्रित धन अथवा निवेशों का प्रमाण होता है, भले ही व्यक्ति करारोपण की समीा से कम आय अर्जित करता हो, बीतते वर्षों में ये समग्र निधि निर्मित कर लेते हैं। यदि कुछ वर्षों बाद जांच पड़ताल हो, तो आय के स्रोत को साबित करने की यह बहुत ही थकाऊ और लंबी प्रक्रिया हो जाती है, आयकर रिटर्न के बगैर, जो आय का कानूनी तौर पर स्वीकृत प्रमाण होता है।

साथ ही, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(1) के सातवें प्रावधान के अंतर्गत, भले ही आमदनी छूट की सीमा से कम हो, तो व्यक्ति को आयकर रिटर्न दाखिल करना पड़ेगा यदि उन्होंने वर्ष के दौरान 1 लाख या उससे अधिक का बिजली बिल भुगतान किया है, एक या एक से अधिक खातों में 1 करोड़ या उससे अधिक पैसा जमा किया है और व्यक्ति ने किसी अन्य देश की यात्रा में 2 लाख रुपए से अधिक खर्च किया है। विदेश की यात्रा करने वाले अथवा यात्रा की योजना बनाने वाले किसी व्यक्ति को आय का विधि प्रमाण देना आवश्यक है। वेतनभोगी लोगों के लिए, नियोक्ता प्रमाण पत्र प्रमाण होता है। हालांकि, स्वरोजगार प्राप्त व्यक्तियों के लिए, आसकर रिटर्न से ही काम चल जाता है। ऐसे मामलों में जहां व्यक्ति को वित्त वर्ष के दौरान पूंजी का घाटा उठाना पड़ा हो, आयकर अधिनियम अन्य किसी भावी प्राप्तियों के विरुद्ध उसे निर्धारित करने के लिए लगातार आठ वर्षों तक आगे ले जाने की अनुमति प्रदान करता है। हालांकि, घाटों का रिकार्ड रखने के लिए, यदि आईटीआर घाटे का रिटर्न हो तो भी निर्धारित तिथि से पूर्व रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य है। इसके बगैर, वर्ष के घाटों को आगे नहीं ले जाया जा सकता। अत:, अगर दिखाने योग्य कोई भी आमदनी न हो, आयकर विभाग यह कहता है कि आप निर्धारित तिथि के पूर्व पूंजी घाटा अपने रिटर्न में दिखाएं।

यदि ऐसा हो कि किसी व्यक्ति ने देयता से बहुत अधिक कर भगतान कर दिया हो, अनुमत सभी छूटों एवं रियायतों को ध्यान में रखकर, तो व्यक्ति आयकर विभाग से रिफंड का अधिकारी हो जाता है। हालांकि, यह रिफंड प्राप्त करने के लिए, आयकर रिटर्न दाखिल करना अनिवार्य होता है। वेतनभोगी लोगों का आमतौर पर यह मानना है कि आईटीआर दाखिल करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनकी आय पर कर पहले ही लिया जा चुका है। हालांकि, यह संभव है कि काटा गया एवं जमा किया गया कर फार्म 16 के अनुसार जितना काटा जाना चाहिए उससे ज्यादा काट लिया गया हो। हो सकता है कि नियोक्ता ने वास्तविक कर बचत निवेशों, बीमा अथवा वास्तविक किराया को ध्यान में न रखा हो। ऐसी स्थिति में, आईटीआर दाखिल करने से रिफंड का दावा करने में मदद मिलती है। यद्यपि मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विकलांगता अथवा दुर्घटना में मृत्यु होने पर क्षतिपूर्ति मुकदमे के मामले में आईटीआर देना आवश्यक नहीं होता, लेकिन स्वरोजगार में रत लोगों के लिए व्यक्ति की आय को प्रमाणित करना तथा क्षतिपूर्ति राशि तय करना आवश्यक होता है।

जब कोई व्यक्ति कर्ज के लिए आवेदन कर रहा हो, चाहे मकान, कार अथवा निजी ऋण के लिए, अनिवार्य दस्तावेजों में एक जो कर्जदाता इकाई के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है उसमें पिछले दो वर्षों का आईटीआर आय प्रमाण के तौर पर शामिल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आईटीआर कर्ज देने वाले को व्यक्ति की आय, भुगतान आबद्धताएं एवं कर्ज चुकाने की क्षमता निर्धारित करने में मददगार होता है। साथ में जब एक व्यक्ति उच्च जीवन रक्षा कवर खरीदने का इरादा रखता है, ता ऐसे में बीमा कम्पनी द्वारा आय का प्रमाण मांगा जाना आम बात है। प्रारम्भिक रूप से यह उस कवर राशि के मूल्य का परीक्षण करने के लिए किया जाता है जिसकी व्यक्ति को अनुमति दी जा सकती है। आमदनी का स्रोत वेतन पर्ची, बैंक विवरण अथवा पिछले तीन वर्षों का आयकर रिटर्न हो सकते हैं। अत:, उन मामलों में जहां व्यक्ति व्यक्ति की वेतन पर्ची अथवा प्रतिमाह आय विभिन्न समूहों से निर्गत की जाती हो, आईटीआर आय का एकमात्र ठोस प्रमाण होता है। फिर ऐसे भी लोग होते हैं जिनकी आय बहुत अल्प होती है जो लाभांशों, बैंक ब्याज, पारिवारिक पेंशन अथवा करमुक्त आमदनियों यथा कृषि आय अथवा कर मुक्त बांडों पर ब्याज से होती है। ऐसे लोगों के लिए, यद्यपि आगे की आमदनियां करारोपण सीमा से कम होती हैं, आय प्रमाण के तौर पर आईटीआर दाखिल करना बहुआयामी रूप से काम करता है। इस तथ्य के अलावा कि हमें देश के जिम्मेदार नागरिक होना चाहिए, कर रिटर्न दाखिल करने के बहुत से फायदे हैं।

## आप की बात

### संकट में तकनीक का सहारा

**अन्य** उद्योगों की तुलना में, सूचना तकनीक उद्योग संचार अवसंरचना, भौगोलिक वितरण एवं प्रसार, बिजनेस खंडात्मक विभाजन, वैश्विक डिलीवरी मॉडल एवं आभासी कार्य संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में बेहतर स्थिति में है, जो सुनिश्चित करता है कि देशव्यापी लाकडाउन के दौरान भी कम्पनियां अपने वैश्विक ग्राहकों को सेवाएं मुहैया कराती हैं। अधिकतर आईटी संगठन बिजनेस के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण समाधान अपने ग्राहकों को मुहैया कराने में अपनी क्षमता का इस्तेमाल कर रही हैं। साथ ही, जब अधिसंख्य कर्मचारी क्षमता घर बैठकर काम करने वाला मॉडल अपना रही है, यह आम बिजनेस बन गया है और किसी प्रकार के उत्पादकता व्यवधान पैदा नहीं हो रहे हैं। आंकड़ा केंद्रों एवं अन्य मिशन संवेदनशील परियोजनाओं को छोड़कर जहां स्थल पर कर्मचारियों की न्यूनतम तैनाती आवश्यक होती है, अधिकतर सूचना प्रकार्य क्लाउड एकीकृत होते हैं, जिनमें रिमोट संचालन संभव होता है। सरकारी हस्तक्षेपों ने लाकडाउन के बीच ग्राहकों की बिजनेस संबंधी अनिवार्यताओं के अनुरूप काम करने के लिए सूचना तकनीक कम्पनियों को घर से काम करने वाले कर्मचारियों की व्यवस्था दुरस्त करने में तत्परता दिखाने में मदद की है।

– **सुजीत वर्मा,** कानपुर

### कृषि पर विशेष ध्यान देना होगा

**भारत** की आत्मा गांवों तथा किसानो में बसती है। इसलिए भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है। यहां की 70 -80 प्रतिशत जनता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर करती है। इसलिए कृषि और गांवों को लॉक डाउन के दौरान बचाना हमारा कर्तव्य है। सरकार ने लॉकडाउन के दौरान कृषि कार्यो के लिए छूट दे दी थी। किसानों कई कार्यो को करने की अनुमति थी। तथा इस छूट के दौरान सरकार द्वारा दिशा निर्देश ज़ारी किए गए ताकि किसानों तथा मजदूरों को कोरोना से सुरक्षित रखा जा सके और कृषि गतिविधियों को आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन इस छूट के दौरान किसानो को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। फसल कटाई के लिए मजदूरों का न मिलना और कृषि उपकरणों का उपलब्ध न होना शामिल है। इसका उपाय ये हो सकता है कि गांव में कृषि सम्बंधित गतिविधियों को पूरा करवाने का काम उसी गांव के सरपंच को देना चाहिए ताकि वो जिला अधिकारी से बात कर कृषि उपकरण मंगवा सके और जो व्यक्ति वो उपकरण गांव में ले के आए, उसकी पहले जांच की जाए, फसलों की कटाई से लेकर अनाज को मंडी तक पहुंचाने का ज़िम्मा सरपंच के नेतृत्व में होना चाहिए।

– **नीरज वाष्णेय,**वाराणसी

### जीवन शैली बदलनी होगी

**वैश्विक** बीमारी कोरोनावायरस के संक्रमण और उस से हो रही मौतों नें लोगों के मनों मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव डाला है। मानदंडों की उपेक्षा, प्रकृति का निरंतर दोहन और अमानवीय भक्षण जैसी वजह सामने आ रही है और लोग इन्हें स्वीकार भी कर रहे हैं। चाहे मानदंड शारीरिक हो या सामाजिक इनकी घोर उपेक्षा हुई है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए इसका मनमाना उपयोग किया है. प्रकृति का दोहन तो सदियों से ही होता आया है यही वजह है कि संतुलन के अभाव में हमें प्रकृति से अमृत की बजाय जहर मिला. असंतुलित प्रकृति का ही नतीजा है कि लोग उसके कहर से त्राहिमाम पुकार उठे हैं। लगातार गलतियां दोहराता मनुष्य इसके साथ ही आहार की शुद्धता और इसके फायदों की उपेक्षा कर आदिकालीन सभ्यता को अंगीकार कर बैठा जिसमें भोग लगाकर खाए जाने वाला प्रसाद (भोजन) ही अशुद्ध हो गया। आदमी की यही गलतियां दुनिया के लिए बड़े संकट की सबब बन गई। स्वाद और स्वार्थ के लिए सारी दुनिया की सेहत को ताक पर रखने की सजा निर्दोष लोगों को भी मिल रही है।

– **निहारिका सिंह,** लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**सर्वाधिक** भरोसेमंद वैक्सीन विकल्पों एवं रणनीतियों की पहचान करने में कोविड-19 कार्यबल व इम्यूनिटी कार्यबल हमारी मदद कर रहे हैं।

– **जस्टिन ट्रूडो**
कनाडा के प्रधानमंत्री

**पंजाब** जो इन कानूनों से सर्वाधिक बुरी तरह प्रभावित हुआ है वह अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ाई को आगे ले जाएगा।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री





**कृषि** संबंधी कानून उन किसानों के लिए मौत का फरमान हैं जिनकी आवाज संसद के बाहर और भीतर दोनों जगह दबा दी गई है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# तीन कृषि अध्यादेशों से होगा किसानों का भला : दुष्यंत चौटाला

### विपक्षी दलों कर रहे किसानों को गुमराह फसल का एक-एक दाना खरीदेगी सरकार

पीएल वर्मा। कैथल



**हरियाणा** के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गुहला क्षेत्र को विकास के प्रगति पथ पर ले जाकर समूचे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास कराया जाएगा। आगामी एक वर्ष में बाईपास निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। क्षेत्र के छोटे गांव में 15 लाख और बड़े गांव में 30 लाख रुपये की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई है, जिसके लिए प्रशासन जल्द प्रस्ताव भिजवाएं, ताकि जल्द सभी गांवों में विकास कार्य किए जा सकें। नई उद्योग नीति में गुहला व सीवन खंड का नाम डाला गया है, जिससे भविष्य में इस क्षेत्र में उद्योग स्थापित होंगे और युवाओं के लिए रोजगार के लिए अवसर पैदा होंगे।

उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला चीका में बीडीपीओ कार्यालय के नवनिर्मित भवन व फोर-लेन का उद्घाटन और डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रतिमा का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ. भीम राव अंबेडकर प्रतिमा के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश के किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

पांच जिलों में खरीद कार्य शुरू हुआ है और एक अक्टूबर से प्रदेश भर में खरीद कार्य होगा, जिसके लिए सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। मंडियों की व्यवस्था कुछ इस तरह रखते हुए खरीद कार्य होगा और किसान की फसल का एक-एक दाना एमएसपी यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि देवीलाल की विचारधारा को यूहीं आगे बढ़ाते हुए किसान के हित में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज विपक्षी दल किसानों को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं, जोकि किसी भी तरह से उचित नहीं है। डिप्टी सीएम चौटाला ने कहा कि नए अध्यादेश से किसानों का भला होगा और पूरी तरह किसानों के हित में है। नए अध्यादेश से किसान अपनी फसल को वहां बेच सकता है, जहां पर उसे दाम अधिक मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षा के दृष्टिगत पिछले दिनों जिला कैथल को दो कॉलेज की सौगात दी गई, जिसमें से एक इस हलके के गांव चक्कू लदाना में बनाया गया। उन्होंने हलके की 26 सड़कों को एक साल में दुरुस्त करने की बात भी कही। इस अवसर पर विधायक ईश्वर सिंह, रामफल मलिक, प्रो. रणधीर सिंह चीका, अवतार चीका, ज्ञान गोयल, अमनदीप शर्मा, राजेश पिंटू, बच्चन सिंह माजरी, जगतार माजरी, रणदीप कौल, रोशन ढांडा, राजू ढुल, चंद्रभान दयौरा, रणधीर सिंह, संदीप गढ़ी, संपूर्ण कोयल, बलराज नौच, शमशेर भागल, हरदीप एडवोकेट, मांगे राम ढुल, सुरेश राणा, बलवान कोटड़ा, जयप्रकाश, विरेंद्र ढांडा, भरत हरिगढ़, आदि गणमान्य मौजूद रहे।

### दुष्यंत चौटाला को काले झंडे दिखाने के आरोप में दो गिरफ्तार

**कैथल।** कस्बा गुहला में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला को काले झंडे दिखाने के आरोप में पुलिस ने दो नेताओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नेताओं में एक युवा मिशन 2019 के संयोजक नोदी चीका और किसान नेता हरदीप बदसूई चीका है। दोनों युवा नेताओं ने अपने कुछ साथियों सहित स्थानीय उद्यम सिंह चौक पर प्रदर्शन किया। दोनों नेताओं ने डिप्टी सीएम को काले झंडे दिखाने और उनके खिलाफ नारे लगाने की योजना बनाई थी। जिस पर पुलिस ने तुरंत ही कार्रवाइ करते हुए उन्हें गिरफ्तार करके हिरासत में ले लिया।

# कांग्रेस ने चुनाव लड़ने के चाहवानों से मांगे आवेदन

### आज दिल्ली में होगी बैठक, बनेगी चुनावी रणनीति

### सैलजा बोलीं बरोदा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बरोदा उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। कांग्रेस पार्टी इस उपचुनाव में भारी अंतर से जीत दर्ज करेगी। इस उपचुनाव के बाद प्रदेश में बड़ा उलटफेर होना तय है। कुमारी सैलजा ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बरोदा उपचुनाव में चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों से आवेदन भी आमंत्रित किए गए हैं। टिकट पाने के इच्छुक दावेदार 30 सितंबर से छह अक्टूबर के बीच अपने-अपने आवेदन हरियाणा कांग्रेस के दिल्ली स्थित कैंप ऑफिस में जमा करा सकते हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता इस सरकार से अब निजात पाना चाहती है। बरोदा की जनता ने बार-बार कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का साथ दिया है और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। प्रदेश की जनता भाजपा-जजपा गठबंधन के एक वर्ष के कार्यकाल में ही पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है और त्राहि-त्राहि कर रही है। प्रदेश में आए दिन नए-नए घोटाले निकलकर सामने आ रहे हैं। प्रदेश का किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर है। कर्मचारी वर्ग भी इस सरकार से हताश और निराश है। कानून व्यवस्था प्रदेश में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आज प्रदेश के हालात बहुत ही चिंताजनक हो गए हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा बनाए गए कृषि विरोधी काले कानूनों का प्रदेश की जनता द्वारा भारी विरोध किए जाने के बावजूद जजपा सत्ता के लालच में हरियाणा में भाजपा के साथ सत्ता में भागीदार बनी हुई है। प्रदेश की जनता भाजपा और जजपा का असली चेहरा पहचान चुकी है। इस बीच हरियाणा कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली में बैठक बुला ली है। बैठक में बरौदा की चुनावी रणनीति पर मंथन किया जाएगा। हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी प्रभारी विवेक बंसल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला, पूर्व सीएलपी नेता किरण चौधरी और सांसद दीपेंद्र हुड्डा मौजूद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 264वें संकीर्तन में श्याम भक्ति में झूमे श्रद्धालु



**कुरुक्षेत्र।** श्री खाटूश्याम परिवार ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा खातापुर मोहल्ला में 264वां संकीर्तन एवं भंडारा किया गया। आयोजक डा. दीपक शर्मा परिवार एवं सभी श्रद्धालुओं ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैथल के गायक सुभाष सांवरिया और शाहाबाद के गायक श्रवण राज ने श्याम के मधुर भजनों से समां बांधा। श्याम दरबार में लगातार श्याम जी के जयकारें लगते रहे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। इनके दरबार से आज तक कोई निराश नहीं आया। गायकों द्वारा सुनाए गए भजनों पर श्रद्धालु खूब झूमे। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प शृंगार भक्तों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोविड-19 को ध्यान में रखकर सोशल डिस्टेंस की पालना की गई। श्री श्याम आरती में जयपाल शर्मा, शिवकुमार कौशिक, रमेश साहनी, रविंद्र शर्मा, अमित वर्मा, शालीन अग्रवाल, दिनेश भट्ट, अंकित गोयल, संजय शर्मा, राजेश कुमार, अंकित गर्ग सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश में सामूहिक दुराचार पीड़िता को दिलाया जाए न्याय

**कुरुक्षेत्र।** ऑल इंडिया अम्बेडकर महासभा की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रीना वाल्मीकि ने उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद के भूलगढ़ी गांव में 14 सितंबर को कुछ दबंगों द्वारा किए गए दलित किशोरी से दुराचार की कड़ी निंदा की है। वे महासभा की ऑनलाइन मीटिंग में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आरोपियों द्वारा पीड़िता की गर्दन और रीढ की हड्डी तोड़ने के साथ-साथ उसकी जीभ भी काट दी गई, यह सब अमानवीय है। मगर सरकार व पुलिस प्रशासन चुप है। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन ने इतने भयानक जघन्य अपराध पर जरा भी तीव्रता नहीं दिखाई और न ही अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई की। इससे देश के दलित वर्ग में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि घटना के विरोध और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए एक अक्टूबर को अंबेडकर चौक से कैंडल मार्च निकाला जाएगा। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राकेश बहादुर, पाला राम, मास्टर दिलबाग सिंह, राजेश बीड़ कालवा, हरिचंद, अंग्रेज सिंह, जोरा सिंह, बलबीर और गुरु रविदास मंदिर के प्रधान रणपत राम माथुर मौजूद रहे।

### बरौदा में मिलकर लड़ेंगे चुनाव, भाजपा का होगा उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बरौदा उपचुनाव का ऐलान किए जाने के साथ ही हरियाणा की राजनीति पूरी तरह से गरमा गई है। चुनाव कार्यक्रम का ऐलान होने के साथ ही गृहमंत्री अनिल विज ने चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा बरौदा उपचुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि बरौदा उपचुनाव को लेकर पहले ही फैसला हो चुका है। भाजपा यह चुनाव अपनी सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी के साथ मिलकर लड़ेगी। बरौदा में भाजपा अपना प्रत्याशी उतारेगी। अनिल विज ने कहा कि हरियाणा के कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल समेत कई मंत्री पहले ही बरोदा का दौरा कर चुके हैं। बरौदा के लोग विकास के साथ चलना चाहते हैं। इसके लिए उनका मन बन चुका है। अनिल विज ने कहा कि जिस तरह मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान जींद के लोगों ने इतिहास रचा था। उसी तरह से बरौदा के लोग भी इस बार इतिहास रचेंगे। विज ने कहा कि कांग्रेस के नेता बरौदा को लेकर कई तरह के वहम का शिकार हैं। बरौदा के लोग बहुत जल्द उनका यह वहम निकाल देंगे।

### चुनाव आचार संहिता लागू, मुख्यमंत्री का बरौदा कार्यक्रम स्थगित

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मंगलवार बाद दोपहर बरौदा कार्यक्रम स्थगित हो गया। केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बरौदा का चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाने से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के चलते मंगलवार को बाद दोपहर चार बजे बरौदा हलके के लोगों से रूबरू होने का कार्यक्रम रखा था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कई योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करना था। यह सारा कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होना था। इसके लिए चंडीगढ़ व बरौदा में सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव आचार संहिता लागू किए जाने के बाद मुख्यमंत्री का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने बरौदा को कई विकास परियोजनाएं देने की तैयारी कर रखी थी।

### पुलिस ने दो डंफर चालकों के खिलाफ किया मामला दर्ज

**रादौर।** खनन विभाग की टीम ने गांव जठलाना में अवैध खनन करने वाले दो डंपर चालकों के विरुद्ध नियमानुसार हजारों रुपये जुर्माना किया, लेकिन डंपर चालकों ने जुर्माना नहीं भरा। जिसके बाद जठलाना पुलिस ने खनन विभाग की शिकायत पर डंपर चालकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। खनन अधिकारी ओमदत शर्मा ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि खनन विभाग की टीम ने 12 फरवरी को जठलाना में एक डंपर से अवैध खनन करते एक व्यक्ति को पकड़ा। जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना किया, लेकिन आजतक ट्रैक्टर ट्राली चालक ने जुर्माना नहीं भरा। इसी प्रकार खनन विभाग की टीम ने छह मार्च को गांव जठलाना में एक डंपर चालक को अवैध खनन करते पकड़ा। जिसके बाद नियमानुसार जुर्माना किया गया, लेकिन जुर्माना राशि अदा नहीं की गई। जिसके बाद दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# लॉकडाउन में घर गए मजदूर नहीं लौटे, मंडियों में संकट

### मजदूरों की कमी पूरी करेंगी बिजली लोडर मशीनें, 80 मंडियों लगाया

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** में गेहूं की सीजन की तरह इस बार धान के सीजन में भी मजदूरों की कमी बनी हुई है। प्रदेश की मंडियों में मजदूरों की कमी देखते हुए सरकार की ओर से 80 मंडियों में मोटर संचालित विद्युत लोडर, बैग स्टेकर, इलेक्ट्रॉनिक तोल तराजू और बैग सिलाई मशीनें लगा दी गई हैं।

मंडियों में धान की आवक शुरू हो चुकी है। धान की आवक व श्रमिकों की कमी देखते हुए इस बार विद्युत लोडर मशीन की शुरुआत की गई है। इससे धान की झराई से लेकर भराई तक का कार्य समुचित तरीके से होगा। यही नहीं उठान में भी विद्युत लोडर मशीन काफी कारगर साबित होगी, क्योंकि धान की आवक ज्यादा होने पर उठान कार्य एकाएक ठप हो जाना था, जिसके चलते मंडियों में अव्यवस्था का आलम बन जाता है। मगर इस बार सरकार की ओर से लिफ्टिंग से लेकर तुलाई, झराई व भराई के कार्य का उचित प्रबंध किया गया है। विद्युत लोडर मशीन धान की नमी को सुखाने में काफी कारगर है। सरकार की ओर से 17 फीसद नमी युक्त धान खरीद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जब मंडी में धान पहुंचती है तो उसमें 20 से 25 फीसद नमी होती है। मगर विद्युत लोडर मशीन से जब धान की झराई की जाती है तो करीब 10 फीट की ऊंचाई से धान नीचे गिरती है, जिससे एक से दो प्रतिशत की नमी की मात्रा में कमी आती है।

# जीवीएम की छात्रा नेहा ने विवि में पाथा चौथा स्थान

**सोनीपत।** जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी में बी. फार्मेसी की अंतिम वर्ष की छात्रा नेहा छिक्कारा ने 80.9 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने नेहा को बधाई दी है। इस मौके पर प्राचार्य डा. रितु कटारिया ने छात्रा को विशेष रूप से सम्मानित किया।



प्राचार्य डा. रितु कटारिया ने जानकारी दी कि पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस ने बी. फार्मेसी के अंतिम वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी की छात्राओं ने इन परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कालेज की छात्रा नेहा छिक्कारा ने विश्वविद्यालय में चौथा स्थान अपने नाम किया है। जबकि कॉलेज स्तर पर नेहा टॉपर बनी है। कॉलेज की छात्रा कोमल छाबड़ा ने कॉलेज स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज में तृतीय स्थान रूचि बंसल के नाम रहा है। जीवीएम संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान कालेज में छात्राओं का अभिनंदन किया, जिसमें विवि स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करने वाली छात्रा नेहा शामिल हुई। डा. कटारिया ने नेहा को पुरस्कार प्रदान कर सुशोभित किया। प्राचार्य ने कहा कि कोरोना काल के चलते अभिनंदन समारोह में नेहा ही शामिल हो सकी। उन्होंने सभी छात्राओं को बधाई दी।

# कस्टोडियन विभाग की जमीन बिक्री की जांच कराएं उपायुक्त

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने उपायुक्त को पत्र लिखते हुए विशेष बाल गृह के पास कस्टोडियन विभाग की जमीन की बिक्री की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बाजार कीमत को नजर अंदाज करते हुए इस जमीन को औने-पौने दाम पर बेचा गया है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है।

उपायुक्त को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने समाचार पत्रों का हवाला देते हुए कहा है कि कस्टोडियन विभाग की आईटीआई चौक के पास स्थित 3 बीघे जमीन को महज एक करोड 45 लाख 30 हजार रूपए में बेच दिया गया है, जबकि इस जमीन का बाजार भाव तकरीबन 20 करोड रूपए है। उन्होंने कहा कि कस्टोडियन विभाग में बीते 20 साल से एक ही पद पर बैठे

# सरल केंद्रों में टोकन जारी करने उपरांत प्रतीक्षा का समय न हो अधिक : डीसी

### इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ बिचौलियों का न होने दें केंद्र में प्रवेश



**सोनीपत।** सैकड़ों प्रकार की प्रशासकीय सेवाओं व योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर देने के लिए स्थापित अंत्योदय सरल केंद्रों का पूर्ण लाभ आम जनमानस को मिलना चाहिए। यह कहना है डीसी श्याम लाल पूनिया का। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरल केंद्रों में लोगों के लिए उपलब्ध सेवा-सुविधाओं की नियमित रूप से समीक्षा करें, ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

लघु सचिवालय में मंगलवार को अंत्योदय सरल केंद्रों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता करते हुए डीसी श्याम लाल पूनिया ने जिला में स्थापित सभी केंद्रों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अंत्योदय सरल केंद्रों में सोनीपत की स्थिति को और बेहतर बनाना है। इसके लिए हर स्तर पर बेहतरीन तालमेल के साथ मेहनत करें। उन्होंने विशेष रूप से लोगों को दिए जाने वाले प्रतीक्षा समय में सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह सुधार गन्नौर व गोहाना में विशेष रूप से जरूरी है। अन्य सरल केंद्रों में प्रतीक्षा का समय सही है। डीसी ने पुलिस विभाग, ट्रांसपोर्ट, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अक्षय ऊर्जा, स्वास्थ्य विभाग को भी और सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सेवा में कोई भी आवेदन बिना उचित कारण के लंबित नहीं रहना चाहिए। ई-टिकटिंग की समीक्षा करते हुए भी उन्होंने और सुधार के निर्देश दिए।

# गोतस्करों ने पुलिस पर चलाई गोली फिर भी नहीं बचे

**रेवाड़ी।** पिकअप में गायों को भरकर ले जा रहे गोतस्करों ने बीती रात पुलिस और बजरंग दल के सदस्यों पर जमकर गोलियां बरसाई, लेकिन पुलिस ने एक गोतस्कर को गिरफ्तार कर तीन गायों को भी मुक्त कराया। अंधेरे का लाभ उठाकर भागे गोतस्करों की गिरफ्तारी के पुलिस ने प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बजरंग दल की सूचना पर मॉडल टाउन थाना प्रभारी सत्येंद्र ने तस्करों को गांव कोनसीवास के निकट घेर लिया। गोतस्करों ने पुलिस टीम पर भी गोलियां चला दी

# लोगों को हृदय रोग के बारे किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**विश्व** हृदय दिवस के मौके पर कैथल के सिग्नस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में डिजिटल सिस्टम के माध्यम से लोगों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक किया और उससे बचाव के बारे में भी जानकारियां दी।

हॉस्पिटल के यूनिट हेड डॉक्टर जसजीत सिंह ने बताया कि हृदय रोगियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। क्योंकि सर्दी का मौसम शुरू होने को है। ऐसे में हृदय रोगियों को कुछ विशेष एहतियात बरतनी पड़ती है। वहीं उन्होंने कहा



डॉ. जसजीत अपनी टीम के साथ।

कि लोगों को हृदय रोगों से बचना है तो ज्यादा तला न खाएं। इसके अलावा ऐसी वस्तुओं का सेवन न करें जिससे कोलेस्ट्रॉल अधिक हो जाये। उन्होंने कहा कि लोगों को नित्य सैर करनी चाहिए और व्यायाम भी करना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि आज विश्व हृदय दिवस है और पूरे विश्व में अब दिल के रोगियों की संख्या बढ़ रही है, जिसको लेकर पूरे विश्व में चिंता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोगों को अपनी बीमारियों के बारे में पता ही नहीं होता इसलिए लोगों को चाहिए कि वह समय-समय पर अपना चेकअप करवाते रहे। डॉक्टर जसजीत ने बताया कि कैथल में सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोगियों के लिए विशेष प्रबंध है और अब तक हॉस्पिटल द्वारा 1000 से ज्यादा हृदय रोगियों का सफल उपचार करके उनका जीवन बचाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सिग्नस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर कैंप लगाकर भी लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य की जांच की जाती है।

# बैंयापुर खुर्द में निखिल मदान ने सुनीं समस्याएं

**सोनीपत।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता गत दिवस बैयांपुर खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे, जहां लोगों की जन समस्याओं को सुना। कार्यक्रम में पहुंचने पर लोगों ने निखिल मदान का फूल मालाओं से स्वागत किया। स्थानीय निवासियों ने निखिल मदान को गलियों के हालात दिखाए और बताया कि नगर निगम में शामिल होने के बावजूद वो नरकीय जीवन जीने को मजबूर है।



बैयांपुर खुर्द की गलियां आज भी कच्ची है। सीवरेज के लिए प्रसाशन ने गडढे खुदवाकर खुले छोड़ दिए है, जिनमें कई बार लोगों के गिरने के कारण हादसे हो चुके हैं। बैयांपुर खुर्द में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है। पीने के पानी के लिए वे लोग आज भी पानी के टैंकरों पर निर्भर है। इन सभी समस्याओं को सुनने के बाद निखिल मदान ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी हर जायज मांग को निगम प्रशासन के आगे रखा जाएगा और जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। स्ट्रीट लाइट के लिए विधायक ने बैयांपुर खुर्द के लिए 174 लाइट स्वीकृत करवा दी है जो जल्द ही सभी गलियों में लगवा दी जाएंगी। मदान ने कहा कि वर्तमान सरकार की लापरवाही और भेदभाव के चलते नगर निगम के चुनाव पिछले 5 साल से लटके हुए है, स्थानीय जन प्रतिनिधि न चुने जाने के कारण आमजन के बिजली, पानी के छोटे-छोटे काम भी अधिकारियों द्वारा नहीं किए जा रहे। मदान ने कहा कि बरोदा उपचुनाव की घोषणा हो चुकी है और अब जल्द ही नगर निगम चुनाव होने है उसके बाद उनकी सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

# बीजेपी कानून बनाने वाली पार्टी है न कि तोड़ने वाली : दलाल

**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल बरोदा हलके के बिचपड़ी गांव में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लगभग 28 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने वाले थे, परंतु चुनाव आयोग के द्वारा बरोदा उपचुनाव की तिथि घोषित कर देने के बाद आचार संहिता लागू हो गई, जिसके चलते कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सभी परियोजनाएं स्थगित कर दी। मंच पर कृषि मंत्री जेपी दलाल, राई से विधायक व जिला अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, पहलवान योगेश्वर दत्त, ओम प्रकाश शर्मा, रणधीर सिंह लठवाल व अन्य बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने मंच से संबोधित करते हुए कहा की आचार संहिता के चलते हम किसी भी परियोजना का शिलान्यास नहीं कर सकते हैं। भाजपा पार्टी कानून बनाने वाली पार्टी है ना कि तोड़ने वाली, इसलिए मैं यहां मंच पर खड़े होकर इसकी घोषणा करता हूं कि सभी परियोजनाएं स्थगित की जाती हैं।

# मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने 5वें 'ओन बिजनेस डे' की घोषणा की


### छोटे और स्वतंत्र व्यवसायों के प्रति अपनी वचनबद्धता दोहराई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**भारत** के सबसे बड़े मॉडर्न होलसेलर और फूड स्पेशलिस्ट, मेट्रो कैश एंड कैरी, अपने पांचवें ओन बिजनेस डे (ओबीडी) पर छोटे और लघु व्यवसायों के लिए अनेक डिजिटल समाधान ला रहा है। ओन बिजनेस डे हर वर्ष अक्टूबर के दूसरे मंगलवार (13 अक्टूबर) को मनाया जाने वाला विशेष दिन है। सभी स्वतंत्र ओन बिजनेसेज के भाग लेने हेतु पंजीकरण पहले ही शुरू हो चुका है।

इस पहल के तहत, कंपनी द्वारा छोटे व्यवसायों और किराना दुकानों को उनके बिजनेस गूगल पर सूचीबद्ध करने के लिए सहायता दी जा रही है, ताकि वो अपने व्यवसाय की दृश्यता, राजस्व एवं फुटफॉल्स बढ़ा सकें। आगामी त्योहारी मौसम में स्वयं को तैयार रखने हेतु किराना दुकानों को विशेष ऑफर्स देने के अलावा, किराना दुकानों को मेट्रो के ई-कॉमर्स एप्प पर ऑर्डर देने के लिए भी लाभ प्रदान किया जा रहा है जिसमें चुनिंदा दिनों को नि:शुल्क डिलिवरी की सुविधा भी शामिल है। इस वर्ष के समारोह में लोचदार किराना दुकानों और छोटे, मध्यम व्यवसायों के प्रयासों को भी प्रोत्साहन दिया जायेगा, जो अपने व्यवसायों को चलाने और कोविड-19 महामारी के विपरीत प्रभावों से लड़ने के लिए जूझ रहे हैं। त्योहारी उमंग को बढ़ाने के लिए, मेट्रो द्वारा देश भर के किराना स्टोर्स और अन्य छोटे व मध्यम कारोबारियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। बिजनेस या तो आगामी त्योहारी मौसम की तैयारी के लिए, मेट्रो ने किराना दुकानों और छोटे, लघु व्यवसायों को विशेष ऑफर्स देने के लिए अपने सप्लायर पार्टनर्स के साथ सहयोग किया है और वो दुकानदार व व्यवसायी अपने लक्षित ग्राहकों को स्पेशल ऑफर्स देने का निर्णय ले सकते हैं। इस संपूर्ण पहल का उद्देश्य व्यवसाइयों के लिए विशेषकर त्योहारी मौसम के दौरान फुटफॉल्स, ग्राहक आधार और राजस्व बढ़ाना है।

ओन बिजनेस डे के बारे में बताते हुए, मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरविंद मेडिरट्टा ने कहा, हम छोटे व्यवसायों और किराना दुकानों को डिजिटल समाधानों के जरिए सशक्त बनाने की हमेशा से पैरवी करते रहे हैं और हमने उनके लिए तकनीक-समर्थित समावेशी विकास को बढ़ावा दिया है। कोविड-19 संकट के चलते उपभोक्ताओं के व्यवहार में काफी परिवर्तन आया है, और आज स्वयं के व्यवसायों के लिए तकनीक को अपनाना बेहद आवश्यक हो गया है। उन्हें स्वीकार करने और सशक्त बनाने के हमारे प्रयासों को जारी रखते हुए, हमने एक विशेष प्रोग्राम की रूपरेखा तैयार की है।



# अमेरिका व अन्य स्थानों पर तेल भंडारण की तलाश कर रहा है भारत : प्रधान

## भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है



**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को कहा कि भारत आपूर्ति पक्ष के जोखिम को कम करने के लिए, अमेरिका और वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य अन्य स्थानों में कच्चे तेल का भंडारण करने की संभावनाएं तलाश रहा है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है।

भारत ने तेल आयात में विविधता लाने के लिए उत्तर-चढ़ाव भरे पश्चिम एशिया के परंपरागत आपूर्तिकर्ताओं के अलावा अमेरिका, रूस और अंगोला से लंबे समय तक कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। उन्होंने अत्मनिर्भर भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत अब 30 से अधिक देशों से कच्चे तेल का आयात कर रहा है, जिसमें अफ्रीका, उत्तर और दक्षिण अमेरिका के साथ ही दक्षिण पूर्व एशिया भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, हम अमेरिका और अन्य व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य स्थानों में कच्चे तेल के भंडारण की संभावनाएं तलाश रहे हैं।

भारत और अमेरिका ने 17 जुलाई को आपातकालीन कच्चे तेल भंडार के संबंध में एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत भारत द्वारा अमेरिकी आपातकालीन भंडार में तेल भंडारण करने की संभावना शामिल हैं।

भारत इस समय पूर्वी और पश्चिमी तट पर तीन स्थानों में 53.3 लाख टन (लगभग 3.8 करोड़ बैरल) तेल का भंडारण करता है। इससे देश की मुश्किल से 9.5 दिनों की जरूरत पूरी हो सकती है। प्रधान ने बताया कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका, रूस और अंगोला में अपन समकक्षों के साथ नए दीर्घावधि के करार किए हैं। उन्होंने कहा कि इसी तरह गैस के आयात में भी विविधता लाई जा रही है।

# गूगल पे के जरिए सेवाओं की बिक्री पर प्ले बिलिंग अनिवार्य : गूगल

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को कहा कि प्ले स्टोर के माध्यम से डिजिटल सामग्री बेचने वाले ऐप को गूगल प्ले बिलिंग प्रणाली का इस्तेमाल करना होगा और ऐप से हुई बिक्री का एक प्रतिशत शुल्क के तौर पर देना होगा।

गूगल हाल में कुछ घंटों के लिए पेटीएम को ब्लॉक करके विवादों में आ गई थी। कंपनी ने कहा कि उसकी बिलिंग प्रणाली के इस्तेमाल की नीति पहले से बनी हुई है, लेकिन इसे स्पष्ट करने की जरूरत थी। गूगल के निदेशक (कारोबार विकास, गेम और एप्लिकेशंस पूर्णिमा कोचिकर ने यहां एक वर्चुअल संवाद में संवाददाताओं से कहा, आज, हम प्ले बिलिंग नीति को स्पष्ट कर रहे हैं, जो लंबे समय से चली आ रही है और.. हाल की घटनाओं से हमने महसूस किया है कि नीतियों को स्पष्ट करना और उन्हें समान रूप से लागू करना बहुत महत्वपूर्ण है... प्रत्येक डेवलपर जो गूगल प्ले के जरिए अपनी डिजिटल सामग्री को बेचता है, उन्हें प्ले बिलिंग का इस्तेमाल करना होगा। इसका मतलब है कि डेवलपर को सितंबर 2021 से गूगल बिलिंग प्रणाली का इस्तेमाल करना होगा, जो ऐप के जरिए, किए भुगतान पर 30 प्रतिशत शुल्क लेता है। हालांकि, यदि डेवलपर कोई भौतिक वस्तु या अपनी वेबसाइट के जरिए भुगतान लेता है, तो उसे प्ले बिलिंग की जरूरत नहीं होगी। कोचिकर ने कहा कि 97 प्रतिशत डेवलपर्स इस नीति को समझते हैं।

# यूटीआई एएमसी ने एंकर निवेशकों से 645 करोड़ रुपये जुटाए

## आईपीओ आम बोली के लिए खुल गया

**नई दिल्ली।** यूटीआई असेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मंगलवार को आम बोली के लिए खुल गया। इससे पहले कंपनी ने एंकर निवेशकों से 645 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने 67 एंकर निवेशकों को कीमत के ऊपरी दायरे पर 1,16,36,124 इक्विटी शेयर जारी कर 645 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

कंपनी ने आईपीओ के लिए मूल्य दायर 552 से 554 रुपये प्रति शेयर तय किया। आईपीओ के तहत मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 3,89,87,081 इक्विटी शेयरों की बिक्री की जाएगी। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर आईपीओ से 2,160 करोड़ रुपये जुटाए जा सकेंगे। आईपीओ एक अक्टूबर को बंद होगा। निप्पन लाइफ इंडिया असेट मैनेजमेंट और एचडीएफसी एएमसी के बाद यूटीआई एएमसी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली तीसरी एएमसी (परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी) होगी। एंकर निवेशकों में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड (एमएफ), एचडीएफसी एमएफ, आदित्य बिड़ला सनलाइफ एमएफ, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, रिलायंस कैपिटल ट्रस्टी, मोरिस स्टेनली, एचएसबीसी, गोल्डमैन सैक्स और नोमुरा सिंगापुर शामिल हैं।

# आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ाई दूसरे दिन भी जारी

**एरेवान (आर्मीनिया)।** आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच विवादित क्षेत्र नागोरनो-काराबाख को लेकर शुरू हुई लड़ाई दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रही। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घातक हमले करने का आरोप लगाया है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि आर्मीनियाई बलों ने सोमवार सुबह टारटार शहर पर गोलाबारी शुरू कर दी।

वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने कहा कि लड़ाई रातभर जारी रही और अजरबैजान ने सुबह के समय घातक हमले शुरू कर दिए। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने इंटरफैक्स समाचार एजेंसी को सोमवार को बताया कि लड़ाई में आर्मीनिया के 550 से अधिक सैनिक हताहत हुए हैं। वहीं, आर्मीनिया के अधिकारियों ने इस दावे को खारिज किया है। आर्मीनिया ने यह दावा भी किया कि अजरबैजान के चार हेलिकॉप्टरों को मार गिराया गया।

# ट्रंप प्रशासन में सिख सुरक्षित हैं : समुदाय के नेता

ललित के. झा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के अधीन सिखों के सुरक्षित होने का दावा करते हुए एक प्रमुख सिख-अमेरिकी समूह के नेताओं ने आरोप लगाया कि बाइडन अभियान समुदाय का मनोबल गिराने और उसे हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है। जो बाइडन राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं।

सिख-अमेरिकी वकील और ट्रंप के वकीलों में से एक (को-चेयर) हरमीत ढिल्लों ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता और स्वाधीनता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहल के कारण इतने सारे सिख युवा आज अमेरिकी सेना में अपनी पगड़ी और दाढ़ी के साथ सेवा दे रहे हैं। ट्रंप अभियान से जुड़े सिखों में से एक (को-चेयर) जसदीप सिंह ने बताया कि समुदाय के सदस्य पहले कभी इतने सुरक्षित नहीं थे, जितने राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन के अधीन हैं। उन्होंने कहा, हम योद्धा समुदाय हैं, हमें कोई परेशान नहीं कर सकता। ऐसा कहकर (कि सिख समुदाय अमेरिका में सुरक्षित नहीं है) बाइडेन अभियान दल हमारा मनोबल तोड़ने और हमें हतोत्साहित करने की कोशिश कर रहा है। बाइडेन अभियान ने अमेरिका में सिख समुदाय के समक्ष पेश हो रही ज़ेनोफोबिया (दूसरे देश के लोगों को नापसंद करना) सहित अनेक चुनौतियों का समाधान करने का संकल्प किया है। सिंह ने दावा किया कि बाइडेन-हैरिस प्रशासन सिख विरोधी होगा।

अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसमें राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप तथा बाइडेन और उप राष्ट्रपति पद के लिए कमला हैरिस और माइक पेंस के बीच मुकाबला है। सिंह ने कहा कि हैरिस कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल में अपने कार्यकाल के दौरान सिख व्यक्ति त्रिलोचन सिंह ओबराय की नौकरी के खिलाफ थीं, जिन्होंने अपनी दाढ़ी हटाने से मना कर दिया था।

# उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में कबाड़ में विस्फोट, पांच व्यक्तियों की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक कबाड़ी के कबाड़ में मंगलवार को हुए एक विस्फोट में पांच व्यक्तियों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने दी।

जिला पुलिस के अधिकारी नजमुल हसन ने बताया कि यह घटना तब हुई जब एक कर्मचारी एक मोर्टार को तोड़ने का प्रयास कर रहा था। उन्होंने बताया कि विस्फोट से आसपास की दुकानें भी क्षतिग्रस्त हो गईं और पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि लोहे के कबाड़ काम करने वाले इस कबाड़ी को उक्त मोर्टार किसने बेचा या उक्त मोर्टार उसके पास कैसे पहुंचा। हसन ने बताया कि पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नौशेरा जिले में कोई और बिना फटा हुआ गोला तो नहीं है। नौशेरा जिला अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का एक जिला है।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में सीमित दायरे में कारोबार

**मुंबई।** मुद्रा बाजार में मंगलवार को शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। निवेशकों की नजर अमेरिका में राष्ट्रपति पद की बहस और इस हफ्ते की आर्थिक गतिविधियों पर है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में घरेलू इकाई अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.78 पर खुली और कुछ बढ़त हासिल करते हुए 73.75 के स्तर पर आ गई। हालांकि, रुपया शुरुआती बढ़त बरकरार नहीं रख सका और डॉलर के मुकाबले 73.82 पर कारोबार कर रही थी। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 73.79 पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि निवेशकों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बिडेन के बीच होने वाली राष्ट्रपति पद की बहस का इंतजार है।

# महामारी से मौत का आंकड़ा स्तब्ध करने वाला : संरा प्रमुख



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण 10 लाख से ज्यादा लोगों की मौत एक दुखदाई पड़ाव है जिसे इस बीमारी की निर्दयता ने और बदतर बना दिया है। महामारी से मौत के आंकड़े के 10 लाख के पार पहुंच जाने के बाद जारी एक बयान में गुतारेस ने इसे स्तब्ध करने वाला आंकड़ा करार दिया। बयान में उन्होंने कहा, वे माता, पिता, पत्नी, पति, भाई और बहन थे। दोस्त और सहकर्मी थे। इस बीमारी के बरकरार रहने से दर्द कई गुना बढ़ गया है। संक्रमण के जोखिम की वजह से परिवार घरों में ही रह रहे हैं। और जीवन में दुख या आनंद मनाना अक्सर असंभव हो रहा है। गुतारेस ने चेतावनी दी, विषाणु के प्रसार, नौकरियों के जाने और शिक्षा में व्यवधान तथा हमारी जिंदगी में महामारी के कारण आई मुश्किलें खत्म होती नजर नहीं आ रहीं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद जिम्मेदार नेतृत्व, सहयोग और विज्ञान के साथ सामाजिक दूरी का पालन करने और मास्क लगाने जैसे ऐहतियात बरतकर इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई भी दवा बनती है तो वह सभी के लिए उपलब्ध व वहनीय होनी चाहिए।

# उत्तरी कैलिफोर्निया में लगी आग में तीन लोगों की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** उत्तरी कैलिफोर्निया की सोनोमा काउंटी में सोमवार को तेज हवाओं के कारण फिर आग भड़क उठी जिसमें कई घर नष्ट हो गए और लगभग 70,000 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला गया। इस बीच राज्य के उत्तरी इलाके में आग लगने की एक और घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। नापा-सोनोमा काउंटी में आग रविवार को शुरू हुई। इससे पहले तीन साल पहले भी काउंटी में इसी तरह आग फैली थी जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई थी।

कैल फायर डिवीजन प्रमुख बेन निकोल्स ने कहा कि सोनोमा और नापा काउंटियों से 68,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। पूरे राज्य में लगभग 30 स्थानों पर आग लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कई और निवासियों को चेतावनी दी गई है कि उन्हें वहां से निकलना पड़ सकता है।

# चीनी मिलें 15 अक्टूबर तक नए माध्यम से इथेनॉल के प्रस्ताव दे सकती हैं : सरकार



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र ने चीनी मिलों के लिए 15 अक्टूबर तक एक महीने के लिए एक नए माध्यम की शुरुआत की है, जिसके जरिए वे देश में इथेनॉल मिश्रण की क्षमता तैयार करने के लिए घटी ब्याज दरों पर ऋण लेने के लिए प्रस्ताव दाखिल कर सकते हैं।

केंद्र सरकार ने जून 2018 में घोषित प्रोत्साहन योजना के तहत डिस्टिलरी स्थापित करने या मौजूदा इकाई की क्षमता बढ़ाने के लिए चीनी मिलों को आसान शर्तों पर ऋण देने की पेशकश की थी। सरकारी की इस योजना का मकसद चीनी मिलों को गन्ने से इथेनॉल बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के तहत सरकार ने अनुदान को दोगुना कर दिया है, जो 22,000 करोड़ रुपये की ऋण राशि पर करीब 4,600 करोड़ रुपये है। अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, अब तक 3,500 करोड़ रुपये के 68 प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई है और बैंकों ने उनके ऋण को मंजूरी दी है। इन प्रस्तावों के लिए अब एक नया माध्यम शुरू किया गया है। यह माध्यम 15 सितंबर से एक महीने के लिए खोला गया है। उन्होंने कहा कि जिन मिलों के आवेदन कुछ शर्तों को पूरा नहीं करने के चलते पहले खारिज कर दिए गए थे, भी ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# हैरिस ने मतदाताओं से कहा अदालत में न्यायाधीश नियुक्त करने के ट्रंप के प्रयास से निराश न हों



**रेलीघ (अमेरिका)।** अमेरिका में उप राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने सोमवार को मतदाताओं से चुनाव से पहले सर्वोच्च अदालत की सीट भरने के रिपब्लिकन सरकार के प्रयासों से निराश नहीं होने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि रिपब्लिकन पार्टी का मकसद लोगों को यह महसूस कराना है कि उनके वोट मायने नहीं रखते हैं।

हैरिस ने कहा, हम हार नहीं मानेंगे और हम पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा, हम उस बीमारी को नहीं फैलने देंगे जिसको राष्ट्रपति ट्रंप ने राष्ट्रपति के पद और कांग्रेस में फैलाने की कोशिश की है, जिसने हमारी राजनीति को अपंग बना दिया है और अमेरिकियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। ट्रंप अब यह बीमारी यूनाइटेड स्टेट्स सुप्रीम कोर्ट में भी फैला रहे हैं। उन्होंने यह टिप्पणी उत्तरी कैरोलिना में की है।

गौरतलब है कि इसी महीने न्यायमूर्ति रूथ बेडर गिन्सबर्ग की मृत्यु के बाद सर्वोच्च अदालत में न्यायाधीश की एक सीट खाली हो गई। डेमोक्रेट की ओर से चुनावी मैदान में उतरी हैरिस सीनेट की न्यायिक समिति की सदस्य भी हैं जिसके तौर पर वह न्यायाधीश के पद के लिए नामित उम्मीदवारों की जांच में प्रत्यक्ष भूमिका निभाएगी। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव की तारीख से लगभग तीन सप्ताह पहले 12 अक्टूबर को समिति ट्रंप द्वारा नामित एमी कोनी बैरेट के लिए प्रक्रिया शुरू करेगी। राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन और उनकी सहयोगी हैरिस का कहना है कि सीट तब तक नहीं भरी जानी चाहिए जब तक अमेरिकी अपना अगला राष्ट्रपति नहीं चुन लेते।

# शांति समझौते से ज्यादा, तालिबान और पाक की बलों की वापसी में रुचि

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के एक पूर्व राजनयिक ने कहा कि शांति समझौते से ज्यादा पाकिस्तान और तालिबान की रुचि अफगानिस्तान से अंतराष्ट्रीय बलों की वापसी में है और साथ ही चेतावनी दी कि दोहा में चल रही मौजूदा शांति वार्ता विफलता की तरफ बढ़ रही है।

अमेरिका में पाकिस्तान के पूर्व राजदूत हुसैन हक्कानी ने सोमवार को कहा, मैं बातचीत के नतीजों को लेकर बहुत आशान्वित नहीं हूं। अमेरिका ने सारी प्रमुख रियायतें सामने रख दी हैं। तालिबान जानता है कि अमेरिका अफगानिस्तान से निकलना चाहता है। वो इसे देख सकते हैं इसलिए, विदेशी बलों की वापसी और उसके बाद यथास्थिति को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जब वे अफगानिस्तान पर उसके इस्लामी अमीर के तौर पर शासन करेंगे। ब्रिटेन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं रक्षा समिति के समक्ष डिजिटल रूप से बयान देते हुए हक्कानी ने कहा कि यह अफगानिस्तान के बाकी लोगों को मंजूर नहीं होगा।



तालिबान के साथ अमेरिका की बातचीत की तुलना वियतनाम युद्ध के बाद पेरिस शांति वार्ता से करते हुए उन्होंने कहा कि हेनरी किसिंजर ने कहा था कि वह अमेरिकी सैनिकों की वापसी और दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार को गिराए जाने के बीच ठीक-ठाक अंतराल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की सरकार दक्षिण वियतनाम में अमेरिका के समर्थन वाली सरकार से ज्यादा मजबूत साबित हो सकती है और वह भारत समेत अन्य देशों की मदद से बहुपक्षीय अफगानिस्तान के लिए लड़ सकती है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बलों की वापसी अमेरिका की उस प्रवृत्ति का परिचायक है कि ज्यादा लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में उसकी रुचि खत्म होने लगती है। हक्कानी ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड) ट्रंप परिणाम की परवाह किए बिना बलों की वापसी चाहते हैं। अगर यह होता है तो पाकिस्तान के समर्थन से काबुल में तालिबान के आने की संभावना ज्यादा है। क्योंकि यह लगता नहीं कि अफगानिस्तान के लोगों को तालिबान की सत्ता में वापसी मंजूर होगी, ऐसे में एक बार फिर वहां गृहयुद्ध हो सकता है।

# ब्लॉगर की हत्या की साजिश रचने के दोषी को 30 साल की सजा

**बोस्टन (अमेरिका)।** ब्लॉगर पामेला गेलर की सिर काटकर हत्या करने की साजिश रचने के दोषी एक व्यक्ति को इसे बार सोमवार को 30 साल कारावास की सजा सुनाई गई। यह शख्स इस्लामिक स्टेट समूह की ओर से यह साजिश रच रहा था। डेविड दाउद राइट को इससे पहले 2017 में 28 साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन पिछले साल एक अपीलीय अदालत द्वारा उसके दोषसिद्धी के एक फैसले को पलट देने के बाद बोस्टन के एक दूसरी संघीय अदालत के न्यायाधीश ने उसे फिर से सजा सुनाई।

राइट को आतंकवादी कृत्यों की साजिश रचने और अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है। बोस्टन के उत्तर में स्थित एवरेट के रहने वाला राइट पहले ही टेक्सास के गारलैंड में 2015 में पैगंबर मुहम्मद पर कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले गेलर की हत्या करने की साजिश रचने के सिलसिले में पहले ही लगभग पांच साल कैद की सजा काट चुका है।

# संक्षिप्त समाचार

## अमेरिका में अस्पताल श्रृंखला पर साइबर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सोमवार को एक प्रमुख अस्पताल श्रृंखला के सभी अस्पतालों की कम्प्यूटर प्रणालियां ठप पड़ गई, जिसे कम्पनी ने प्रौद्योगिकी से जुड़ी सुरक्षा समस्या करार दी। इस दौरान सभी डॉक्टरों और नर्सों को ऑनलाइन की जगह हर काम के लिए, कागजों का इस्तेमाल करना पड़ा। यूनिवर्सल हेल्थ सर्विसेज इंक के अमेरिका में 250 से अधिक अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केन्द्र हैं। उसने अपनी वेबसाइट पर सोमवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसका नेटवर्क ऑफलाइन है और डॉक्टर तथा नर्स कागज सहित अन्य स्रोतों का इस्तेमाल कर काम कर रहे हैं। वहीं फॉर्चून 500 कम्पनी ने कहा कि मरीजों का इलाज जारी है। किसी मरीज की जानकारी को कॉपी किए जाने या उसका गलत इस्तेमाल किए जाने का कोई संकेत नहीं है। कम्पनी में करीब 90 हजार कर्मचारी हैं। इस बीच, अमेरिकन हॉस्पिटल एसोसिएशन के वरिष्ठ साइबर सुरक्षा सलाहकार जॉन रिग्गी ने इसे संदिग्ध रैनसमवेयर हमला बताया। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के दौरान अपराधी स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों के नेटवर्क को तेजी से निशाना बना रहे हैं। रैनसमवेयर एक प्रकार का सॉफ्टवेयर है, जिसके जरिए हैकर डेटा चोरी कर लेते हैं और फिर उसे वापस देने के लिए पैसे मांगते हैं। साइबर सुरक्षा कम्पनी एमसिसॉफ्ट द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार पिछले साल अमेरिका में 764 स्वास्थ्य सेवा प्रदाता रैनसमवेयर का शिकार हुए थे।

## चांदी वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे वायदा बाजार में चांदी की कीमत मंगलवार को 330 रुपये की तेजी के साथ 60,726 रुपये किलो रह गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में दिसंबर महीने की डिलिवरी के लिए चांदी 330 रुपये यानी 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 60,726 रुपये किलो हो गई। इसमें 16,371 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू बाजार में तेजी के रुख के कारण कारोबारियों की ताजा लिवाली से मुख्यतः चांदी वायदा कीमतों में तेजी आई। न्यूयार्क में चांदी की कीमत 0.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23.75 डॉलर प्रति औंस बोली जा रही थी।

## सोना वायदा कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** मजबूत हाजिर मांग के कारण सटोरियों ने ताजा सौदों की लिवाली की जिससे वायदा बाजार में सोना मंगलवार को 187 रुपये की तेजी के साथ 50,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एमसीएक्स में अक्टूबर महीने में डिलिवरी वाले सोना अनुबंध की कीमत 187 रुपये यानी 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसमें 336 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों की ताजा लिवाली से सोना वायदा कीमतों में तेजी आई। न्यूयार्क में सोने का भाव 0.20 प्रतिशत बढ़कर 1,886 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## मारुति सुजुकी ने मेल कार्यक्रम के तहत पांच नए स्टार्टअप चुने

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने मेल कार्यक्रम (मोबिलिटी एंड ऑटोमोबाइल इनोवेशन लैब) के तहत पांच नए स्टार्टअप को चुना है। कंपनी ने एक बयान में बताया कि ए पांच नए स्टार्टअप क्लीन स्लेट, पीयर रोबोटिक्स, विकारा, हाइपर रियलिटी और ऊर्जा हैं। इसके साथ ही स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए, शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत पिछले 18 महीनों में कुल 14 स्टार्टअप को चुना जा चुका है।

## वेदांता को बीएसई, एनएसई से डिलिस्टिंग की सैद्धांतिक मंजूरी मिली

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी अनिल अग्रवाल के नियंत्रण वाली वेदांता ने मंगलवार को कहा कि उसे खुद को शेयर बाजार से डिलिस्ट यानी अलग करने के लिए बीएसई और एनएसई से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने बताया कि अंतिम मंजूरी मिलने के बाद वेदांता की मूल कंपनी वेदांता रिसोर्स लिमिटेड (वीआरएल) और उसकी सहायक कंपनियां डिलिस्टिंग पेशकश के बारे में सार्वजनिक घोषणा करेंगी। वेदांता ने शेयर बाजार को बताया, बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने अपने 28 सितंबर 2020 के पत्र में डिलिस्टिंग पेशकश को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। वेदांता रिसोर्सेज और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अप्रत्यक्ष सहायक कंपनियां - वेदांता होल्डिंग्स मॉरिशस और वेदांता होल्डिंग्स मॉरिशस II ने भी मंगलवार को इस पेशकश के संबंध में घोषणा की।

## संयुक्त अरब अमीरात 2024 में चांद पर अंतरिक्ष यान भेजेगा

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) 2024 में चांद पर एक मानवरहित अंतरिक्ष यान भेजेगा। दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने मंगलवार को ट्विटर पर, चांद पर अंतरिक्ष यान भेजने की घोषणा की। इस साल के शुरू में यूएई ने मंगल मिशन की शुरुआत की थी जिसके बाद अल मकतूम की यह घोषणा आई है। अल मकतूम ने कहा कि यान का नाम उनके दिवंगत पिता राशिद के नाम पर होगा। अगर 2024 में, यूएई को कामयाबी हासिल होती है तो वह अमेरिका, सोवियत संघ और चीन के बाद चौथा देश होगा। भारत ने भी कोशिश की थी, लेकिन वह नाकाम रहा था। इसी तरह इजराइल और जापान भी असफल हुए थे।

## जीई टीएंडडी 1,000 करोड़ तक बढ़ा सकती उधारी सीमा

**नई दिल्ली।** बिजली पारेषण और वितरण क्षेत्र की कंपनी जीई टीएंडडी ने बताया कि उसे उधारी सीमा को दोगुना कर 1,000 करोड़ रुपये तक बढ़ाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मिली है। कंपनी ने बताया कि सोमवार को आयोजित कंपनी की 64वीं आम बैठक में एक विशेष प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसके तहत कुल मिलाकर 1,000 करोड़ रुपये तक उधार लेने की इजाजत दी गई। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि आम बैठक में सभी प्रस्तावों को अपेक्षित बहुमत के साथ पारित किया गया।

## सिगाची इंडस्ट्रीज ने आईपीओ के लिए मसौदा प्रस्ताव दाखिल किया

**नई दिल्ली।** हैदराबाद स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज ने लगभग 60 करोड़ रुपये जुटाने के लिए अपने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) का मसौदा प्रस्ताव बाजार नियामक सेबी के पास दाखिल किया है। ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ के तहत 10 रुपये अंकित मूल्य के 28,41,500 ताजा शेयरों की पेशकश की जाएगी। कंपनी माइक्रोक्रिस्टलाइन सेलुलोज (एमसी) का विनिर्माण करती है, जिसका दवा उद्योग में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है। आईपीओ से मिली धनराशि से कंपनी गुजरात में अपने संयंत्रों की क्षमता बढ़ाएगी।

## सेबी ने ब्रिकवर्क रेटिंग्स पर एक करोड़ का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने ब्रिकवर्क रेटिंग्स इंडिया पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर यह जुर्माना एस्सेल ग्रुप कंपनीज के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स (एनसीडी) को साख निर्धारण के मामले में चूक को लेकर लगाया गया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को कहा कि ब्रिकवर्क रेटिंग्स एक अन्य रेटिंग एजेंसी के अप्रैल 2017 में इस प्रतिभूति की रेटिंग घटाए जाने के बाद ग्रेट ईस्टर्न एनर्जी कॉरपोरेशन के एनसीडी की रेटिंग की समीक्षा करने में भी विफल रही। सेबी के अनुसार ब्रिकवर्क रेटिंग्स ने विभिन्न नकारात्मक संकेतों पर सूचना प्राप्त करने को लेकर समय पर कदम नहीं उठाया। इसके उलट उससे सूचना प्राप्त करने का इंतजार किया जिससे चूक को पहचानने में देरी हुई। नियामक ने कहा कि रेटिंग एजेंसी समुचित जांच-पड़ताल करने और निर्गमकर्ता की तरफ से असहयोग का खुलासा करने में देरी की। साथ ही उसने निर्गमकर्ता के निवेशकों और अन्य संबंधित पक्षों को एनसीडी के पुनर्भुगतान दायित्व को पूरा करने के लिए इसके क्रेडिट भुगतान की क्षमता के बारे में आगाह करने में देरी की। एस्सेल ग्रुप की कंपनियों के संदर्भ में पाया गया कि एजेंसी ने एस्सेल कॉरपोरेट रिसोर्सेज प्राइवेट लि. (ईसीआरपीएल) और जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लि. (जेडईईएल) के एनसीडी की रेटिंग की थी। ईसीआरपीएल के एनसीडी की शर्तों के तहत बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में सूचीबद्ध जी के इक्विटी शेयरों के गिरवी के माध्यम से इसमें साख वृद्धि की सुविधा थी। जनवरी 2019 के अंत में जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के शेयरों में गिरावट आई और कई म्यूचुअल फंड ने गिरवी रखे शेयरों को भुनाने से बचने के लिए प्रतिभूतियों के भुगतान बाध्यता के बाद की तारीख के पुनर्निर्धारण को सहमति जताई।

# अब पैसा पानी की तरह नहीं बहता बल्कि पाई-पाई पानी पर लगता है: मोदी

एजेंसी। देहरादून



नमामि गंगे को देश का सबसे बड़ा और विस्तृत नदी संरक्षण कार्यक्रम बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज देश उस दौर से निकल चुका है, जब पैसा पानी की तरह बह जाता था, लेकिन नतीजे नहीं मिलते थे। अब पैसा पानी की तरह नहीं बहता, बल्कि पाई-पाई पानी पर लगाया जाता है। महत्त्वाकांक्षी नमामि गंगे परियोजना के तहत उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश, मुनि की रेती और बद्रीनाथ में सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) और गंगा संग्रहालय समेत छह परियोजनाओं का नई दिल्ली से डिजिटल तरीके से लोकार्पण करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि आज देश उस दौर से बाहर निकल चुका है, जब पैसा पानी की तरह बह जाता था, लेकिन नतीजे नहीं मिलते थे। आज पैसा न पानी की तरह बहता है, न पानी में बहता है, बल्कि पाईपाई पानी पर लगाया जाता है। मोदी ने कहा कि बीते दशकों में गंगा की निर्मलता को लेकर बड़े-बड़े अभियान शुरू किए गए, जिनमें न तो जनभागीदारी थी और न ही दूरदर्शिता और उसका नतीजा यह हुआ कि गंगा का पानी कभी साफ ही नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि अगर गंगाजल की शुद्धता को लेकर वही पुराने तौर तरीके अपनाए जाते तो आज भी हालत उतनी ही बुरी रहती। लेकिन हम नई सोच से आगे बढ़े। हमने नमामि गंगे मिशन को केवल गंगा की साफसफाई तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे देश का सबसे बडा और विस्तृत नदी संरक्षण कार्यक्रम बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने चारों दिशाओं में एक साथ काम आगे बढ़ाया। पहला, गंगा में गंदा पानी रोकने के लिए एसटीपी का जाल बिछाना शुरू किया, दूसरा, ऐसे एसटीपी बनाए, जो अगले 1015 साल की जरूरत भी पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि तीसरा कार्य गंगा के किनारे बसे 100 बड़े शहरों और 5000 गांवों को खुले में शौच से मुक्त करना और चौथा गंगा की सहायक नदियों में भी प्रदूषण रोकने के लिए पूरी ताकत लगाना है।

## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में नमामि गंगे के तहत छह परियोजनाओं का किया लोकार्पण

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महत्कांक्षी परियोजना नमामि गंगे के तहत उत्तराखंड में हरिद्वार, ऋषिकेश और बदरीनाथ में सीवरेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) का डिजिटल लोकार्पण किया। इसके अलावा, उन्होंने हरिद्वार के चंडीघाट में निर्मित गंगा अवलोकन संग्रहालय का भी डिजिटल लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज मां गंगा की निर्मलता सुनिश्चित करने वाले छह बडी परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है जिनमें एसटीपी और म्यूजियम जैसी परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी कुल लागत करीब 521 करोड़ रुपये है।

मोदी ने कहा कि आज 30,000 करोड़ रुपये की लागत से गंगा परियोजनाओं पर काम चल रहा है या पूरा हो चुका है। उत्तराखंड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में इस अभियान के तहत बड़ी परियोजनाएं करीब-करीब पूरी हो चुकी हैं और पिछले छह वर्षों में ही उत्तराखंड में एसटीपी की क्षमता चार गुना हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ से लेकर हरिद्वार तक गंगा नदी में 130 नाले गिरते थे, जिनमें से अधिकतर को रोक दिया गया है। इनमें ऋषिकेश से सटे मुनि की रेती क्षेत्र का चंद्रेश्वर नगर नाला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आज से चंद्रेश्वर नगर में देश का पहला चार मंजिला सीवरेज संयंत्र शुरू हो चुका है। हरिद्वार में भी ऐसे 20 से ज्यादा नालों को बंद किया जा चुका है।

# हाथरस: सामूहिक दुष्कर्म की शिकार लड़की की दिल्ली के अस्पताल में मौत

एजेंसी। हाथरस (उत्तर प्रदेश)



हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 19 वर्षीय दलित लड़की की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। हाथरस के पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने मंगलवार को एजेंसी से बातचीत में इस बात की पुष्टि की कि लड़की की मंगलवार तड़के तीन बजे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद चारों आरोपियों के खिलाफ अब भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) भी जोड़ी जाएगी।

हाथरस जिले के चंदपा थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 14 सितंबर को 19 साल की एक दलित लड़की के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म की वारदात हुई थी। पुलिस ने कहा कि पीड़िता को घटना के बाद अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, सोमवार सुबह उसकी हालत गंभीर होने के कारण इलाज के लिए उसे दिल्ली भेजा गया था। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के अनुसार लड़की जीवन रक्षक प्रणाली पर थी। इससे पहले पुलिस अधीक्षक ने बताया कि था कि वारदात के दौरान लड़की का गला भी दबाया गया था, जिससे उसकी जुबान बाहर आ गई थी और कट गई थी। अलीगढ़ के अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि महिला के पैर पूरी तरह काम नहीं कर रहे थे और हाथ भी आंशिक रूप से लकवाग्रस्त हो गए थे। उत्तर प्रदेश में विपक्षी नेताओं कांग्रेस की प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की मायावती ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। पुलिस अधीक्षक विक्रांतवीर के मुताबिक लड़की ने अपने साथ बलात्कार की वारदात के बारे में पुलिस को पहले कुछ नहीं बताया था मगर बाद में मजिस्ट्रेट को दिए गए बयान में उसने आरोप लगाया कि संदीप, रामू, लवकुश और रवि नामक युवकों ने उससे दुष्कर्म किया था। उन्होंने कहा कि वारदात के दौरान विरोध करने पर जान से मारने की कोशिश करते हुए उसका गला भी दबाया गया था।

### यूपी में हद से ज्यादा बिगड़ी चुकी है कानून व्यवस्था: प्रियंका



कांग्रेस की उप्र प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को एक ट्वीट में कहा, हाथरस की हैवानियत झेलने वाली दलित बच्ची ने सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। दो हफ्ते तक वह अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझती रही। हाथरस, शाहजहांपुर और गोरखपुर में एक के बाद एक दुष्कर्म की घटनाओं ने राज्य को हिला दिया है। उन्होंने दूसरे ट्वीट में कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था हद से ज्यादा बिगड़ चुकी है। महिलाओं की सुरक्षा का नाम-ओ-निशान नहीं है। अपराधी खुले आम अपराध कर रहे हैं। इस बच्ची के कातिलों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ उप्र की महिलाओं की सुरक्षा के प्रति आप जवाबदेह हैं।

### अपराधियों को जल्द सजा मिले: मायावती



बसपा सप्रीमो मायावती ने दोषियों को सख्त सजा दिए जाने की मांग की। उन्होंने हिंदी में ट्वीट कर कहा, यूपी के हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म के बाद दलित पीड़िता की आज हुई मौत की खबर अति दुखद:। सरकार पीड़ित परिवार की हरसंभव सहायता करे व फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर अपराधियों को जल्द सजा सुनिश्चित करें, बीएसपी की यह मांग है।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश ने जताया शोक



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी पीड़िता की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हाथरस की सामूहिक दुष्कर्म एवं दरिंदगी की शिकार एक बेबस दलित बेटी ने आखिरकार दम तोड़ दिया। नम आंखों से पुष्पांजलि, आज की असंवेदनशील सत्ता से अब कोई उम्मीद नहीं बची।

## हाथरस की घटना के लिए योगी सरकार जवाबदेह, मामले की जल्द न्याय सुनिश्चित हो: कांग्रेस



नई दिल्ली। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़ित दलित लड़की की मौत के बाद मंगलवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में राज्य अपराध का गढ़ बन गया और ऐसी घटनाओं के लिए प्रदेश सरकार की जवाबदेही बनती है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यह भी कहा कि इस मामले में त्वरित न्याय सुनिश्चित होना चाहिए और शुरुआत में घटना को आधिकारिक रूप से फर्जी खबर बताने के लिए भाजपा सरकार को माफी मांगनी चाहिए।

गौरतलब है कि हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार 19 वर्षीय दलित लड़की की मंगलवार सुबह दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। सुप्रिया ने संवाददाताओं से कहा, यह घटना उत्तर प्रदेश की सरकार पर बहुत बड़ा कलंक है। इस घटना के सामने आने के बाद आठ दिनों तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। जब मीडिया में खबरे आईं और दबाव बनने लगा तो मामला दर्ज किया गया। यही नहीं, इस घटना को आधिकारिक तौर पर फर्जी खबर बताया गया ताकि लीपापोती की जा सके। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश सरकार समय रहते कदम उठाती तो लड़की की जान बच जाती। कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल किया, इस मामले में कदम उठाने में देरी क्यों की गई? आरोपियों के खिलाफ रासुका क्यों नहीं लगाया जा रहा है?

### देश, सरकारों के लिए शर्म की बात: केजरीवाल



नई दिल्ली। हाथरस में सामूहिक दुष्कर्म की शिकार युवती की मंगलवार को हुई मौत को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश और सरकारों के लिए शर्म की बात करार देते हुए दोषियों को फांसी दिए जाने की मांग की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में चार व्यक्तियों द्वारा दुष्कर्म किए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती 19 वर्षीय दलित महिला की मंगलवार को यहां मौत हो गई। केजरीवाल ने हिंदी में ट्वीट किया, हाथरस की पीड़िता की मौत पूरे समाज, देश और सभी सरकारों के लिए शर्म की बात है। बड़े दु:ख की बात है कि इतनी बेटियों के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं और हम अपनी बेटियों को सुरक्षा नहीं दे पा रहे। दोषियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

## समाजवादी पार्टी ने लगाए भाजपा के यौन उत्पीड़न के आरोपी नेताओं के पोस्टर

आजमगढ़ (यूपी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की तस्वीरें चौक-चौराहों पर सार्वजनिक करने के निर्देश के बाद समाजवादी युवजन सभा ने आजमगढ़ शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहो पर भाजपा के नेताओं के पोस्टर लगा दिए। इन पोस्टरों में भाजपा के उन नेताओं की तस्वीर है, जो कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे रहे हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने सभी पोस्टरों को हटा दिया हैं और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी है। आजमगढ़ समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव का संसदीय क्षेत्र है। पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियों की तस्वीरें चौक-चौराहों पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे। सोमवार को शहर के कलेक्ट्रेट चौराहे के आसपास यौन उत्पीड़न के आरोपी नेताओं के पोस्टर चिपके दिखे। पोस्टर समाजवादी युवजन सभा के लालजीत यादव क्रांतिकारी की तरफ से लगाए गए थे। पोस्टर में यौन उत्पीड़न के आरोपी भाजपा नेताओं के साथ ही बाबा राम रहीम की फोटो लगी थी। यह पोस्टर शहर के कई स्थानों पर लगाए गए थे। आनन-फानन में पुलिस पूरे जिले में लगे पोस्टरों को हटाने में जुटी और कई स्थानों पर लगे पोस्टर को पुलिस ने हटाकर अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य लालजीत यादव क्रांतिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था अब बलात्कारियों के फोटो हर चौक चाराहों पर लगाए जाएगें। इसी के तहत सपा के युवजन सभा के लोगों ने भाजपा के कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के आरोपी नेताओं के पोस्टर लगाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल में स्ट्टा लगाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

संभल (यूपी)। जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगो गिरफ्तार किए गए है। पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के नगर के कायस्थान मोहल्ले में सिकंदर बाबू के मकान में सोमवार रात आईपीएल क्रिकेट मैच पर का सट्टा लगाते तीन लोग रोहित, जीशान और लाखन सिंह को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 12 मोबाइल फोन, तीन कैलकुलेटर , डायरी , रजिस्टर व 1,875 रुपये बरामद किए गए है। इन तीनों ने पूछताछ में बताया कि वे आईपीएल क्रिकेट मैच पर सटटा लगाते थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### निर्माणधीन इमारत के ढहने से तीन मजदूरों की मौत

अहमदाबाद। गुजरात के वडोदरा शहर में सोमवार की रात तीन मंजिला निर्माणाधीन इमारत ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। दमकल विभाग के अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि एक मजदूर को मलबे में से जिंदा निकाला गया। उन्होंने बताया कि वडोदरा के भवमनपुरा इलाके में देर रात करीब साढ़े 12 बजे एक निर्माणाधीन इमारत ढह गई। अधिकारी ने कहा, एक महिला सहित तीन मजदूरों की हादसे में मौत हो गई। वहीं दमकल विभाग ने एक मजदूर को मलबे से जिंदा निकाला।

### जनता एक चुनी हुई सरकार को गिराने का जवाब देगी: कमलनाथ

भोपाल। निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव कराने की घोषणा का प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि उपचुनाव में प्रदेश की जनता लोकतंत्र की हत्या कर एक चुनी हुई सरकार गिराने वालों को कड़ा जवाब देगी। कमलनाथ ने इस बारे में हिंदी में ट्वीट किया, चुनाव आयोग द्वारा मध्यप्रदेश की 28 सीटों पर तीन नवंबर को उपचुनाव की घोषणा का स्वागत। कांग्रेस इन उपचुनावों को लेकर पूरी तरह से तैयार है। हमने अभी तक 24 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए है, शेष नाम भी हम शीघ्र घोषित करेंगे। उन्होंने अपने अगले ट्वीट में कहा, कांग्रेस का परचम इन सीटों पर निश्चित लहराएगा और हम भाजपा को इन सीटों पर परास्त करेंगे। यह उप चुनाव जनादेश का अपमान, संवैधानिक मूल्यों व लोकतंत्र की हत्या करने वालों को कड़े जवाब के रूप में होगा। कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश की जनता एक लोकप्रिय, चुनी हुई, विकास की सोच वाली सरकार का सौदा कर गिराने वालों को इन चुनावों में कड़ा जवाब देगी।

### पायल घोष ने महाराष्ट्र के राज्यपाल से की मुलाकात

मुंबई। अनुराग कश्यप पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली अभिनेत्री पायल घोष ने मंगलवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से मुलाकात की और निर्देशक के खिलाफ कार्रवाई की अपील की। राज भवन ने ट्वीट किया, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले के साथ अभिनेत्री पायल घोष ने राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी से राज भवन में मुलाकात की। घोष ने सोमवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) के अध्यक्ष आठवले के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन किया था और कश्यप की गिरफ्तारी की मांग की थी। अभिनेत्री ने कश्यप पर सात साल पहले उनके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया है।

### खेत में बने गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

बांदा (यूपी)। जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के पवई गांव में बुंदेलखंड़ एक्सप्रेस-वे के निर्माण से खेत में बने गड्ढों में डूबने से मंगलवार को दो बच्चों की मौत हो गई। बिसंडा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पिवई गांव में मंगलवार को सुबह करीब दस बजे श्याम सिंह का बेटा शिवम (8) और प्रमोद विश्वकर्मा का बेटा छोटू (8) बुंदेलखंड़ एक्सप्रेस-वे के निर्माण से खेत में बने गड्ढों में खेल-खेल में नहाने लगे। तभी दोनों गहरे पानी में चले गए, जहां दोनों की डूबने से मौत हो गई है। परिजनों के ढूंढने पर बच्चों के कपड़े खेत की मेड़ में मिले और शव पानी में तैरते पाए गए। दोनों बच्चों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिए गए हैं और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### महिला ने कमल के डंठल से धागा और कपड़ा बनाया

इंफाल। मणिपुर के बिसेनपुर जिले की 27 वर्षीय एक महिला अन्वेषक ने कमल के डंठल से धागा और कपड़ा बनाया है और अब उसी पौधे के डंठल से मास्क बनाने का अनोखा काम कर रही है। राज्य की प्रसिद्ध लोकतक झील के पास थंगा टोंगब्रम इलाके की निवासी टोंगब्रम बिजयशांति ने बताया कि वह 15 महिलाओं के साथ इस परियोजना में शामिल हैं और 20 और महिलाओं को प्रशिक्षित कर रही हैं। लोकतक झील में बड़ी संख्या में कमल के फूल उगते हैं। बिजयशांति ने कहा कि उसने 2018-19 में अपने कारोबार को शुरू करने के लिए कमल के तने से धागा और कपड़ा बनाया। उसके उत्पाद को गुजरात प्रयोगशाला में भेजा गया जिसने इसके लिए हरी झंडी दे दी। वनस्पति विज्ञान में स्नातक शांति ने कहा कि मैंने ज्यादातर इंटरनेट से ही उत्पादन पद्धति के बारे में जाना और मेरे एक शिक्षक ने मुझसे इसे जीविका का स्रोत बनाने के लिए कहा तो 2017-18 में यह काम शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रडियो कार्यक्रम में बिजयशांति के प्रयासों की सराहना की

# बिहार चुनावों में इस बार भी बंगाल के चंद्रकांता खादी की धूम



भागलपुर। बिहार का भागलपुर जिला अपने रेशम और खादी के कपड़ों की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, लेकिन यहां के लोगों का पश्चिम बंगाल के चंद्रकांता खादी के प्रति झुकाव देखते हुए व्यापारियों ने आगामी बिहार चुनावों के लिए सामान मंगाना शुरू कर दिया है। बिहार में 2015 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान चंद्रकांता खादी की जबरदस्त बिक्री हुई थी, इससे व्यापारी इस बार भी आशा लगाए हुए हैं। बिहार में राजनेता और उनके समर्थक बंगाल के हल्की चंद्रकांता खादी से बने धोती, कुर्ता, पायजामा, टोपी, बंडी और गमछा पहनना पसंद करते हैं।

भागलपुर, कहलगांव, मुंगेर, खगड़िया, पूर्णिया, बेगूसराय और बांका के लोगों ने चंद्रकांता खादी के कपड़े मंगाना शुरू कर दिया है। लोग बंगाली कपड़े के लिए भागलपुर खादी ग्राम उद्योग को अपना ऑर्डर दे रहे हैं। व्यापारियों ने विभिन्न रंगों के चंद्रकांता खादी से बने बंडी का भंडारण करना शुरू कर दिया है।

# होशंगाबाद के पास एलपीजी सिलेंडरों से भरे ट्रक में लगी आग

होशंगाबाद (एमपी)। मध्यप्रदेश में होशंगाबाद से लगभग 10 किलोमीटर दूर होशंगाबाद-पिपरिया मार्ग पर तवा नदी के पुल पर रसोई गैस (एलपीजी) के सिलेंडरों से भरे एक ट्रक में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात आग लग गई। हालांकि, इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। बाबई पुलिस थाना के प्रभारी निरीक्षक आशीष पंवार ने मंगलवार को बताया कि घटना सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात लगभग एक से दो बजे के बीच बाबई कस्बे के पास तवा नदी के पुल पर हुई। सिलेंडर फटने और आग लगने से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। हालांकि, अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि घटना के बाद पुल के दोनों और यातायात रोक दिया गया और तीन दमकल वाहनों ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। ट्रक में लगभग 300 से अधिक एलपीजी सिलेंडर भरे हुए थे।

सिलेंडरों की सही संख्या तेल कंपनी के अधिकारियों के आने के बाद ही पता चल सकेगी। पंवार ने बताया कि ट्रक के चालक और क्लीनर का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर विस्तृत जांच कर रही है।

# महबूबा की नजरबंदी के खिलाफ बेटी इल्तिजा की याचिका पर प्रशासन से जवाब तलब

एजेंसी। नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की लोक सुरक्षा कानून के तहत नजरबंदी को चुनौती देने वाली उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की याचिका पर मंगलवार को कहा कि यह हमेशा के लिए चलती रह सकती और इसका कोई न कोई रास्ता खोजना चाहिए। न्यायालय ने इसके साथ ही इल्तिजा की याचिका पर जम्मू कश्मीर प्रशासन से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति ऋषिकेष रॉय की पीठ ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन को इस याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया और जानना चाहा कि इस विशिष्ट कानून के तहत किसी व्यक्ति को कितने समय तक नजरबंद रखा जा सकता है और क्या प्राधिकारियों की योजना पीडीपी की नेता को अभी और नजरबंद रखने की योजना है।

पार्टी की बैठकों में शामिल होने की अनुमति के मुद्दे पर शीर्ष अदालत ने कहा कि पीडीपी की मुखिया को यह अनुरोध संबंधित प्राधिकारियों से करना चाहिए। इस याचिका पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने इल्तिजा की ओर से अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन के इस कथन का संज्ञान लिया कि नजरबंद नेता की पुत्री और दूसरे रिश्तेदारों को उनसे मुलाकात करने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जेल में बंद लोगों को भी अपने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की इजाजत होती है।

# भारत में कोविड-19 से स्वस्थ होने की दर 83 प्रतिशत से अधिक हुई

**कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह संख्या सात हजार से अधिक है।**

एजेंसी। नई दिल्ली



देश में कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या 51 लाख के पार पहुंच गई, जिससे ठीक होने की दर 83 प्रतिशत से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वस्थ होने वाले नए मामलों में से 73 प्रतिशत मामले दस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, ओडिशा, केरल, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश में दर्ज किए गए हैं।

मंत्रालय ने बताया कि सूची में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है जहां एक दिन में लगभग 20 हजार लोग स्वस्थ हुए है जबकि कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में यह संख्या सात हजार से अधिक है। मंत्रालय ने कहा कि स्वस्थ हुए लोगों की संख्या इलाजरत मरीजों से 41.5 लाख (41,53,831) अधिक है। इस बीमारी से ठीक हुए मामलों की संख्या इलाजरत मरीजों की संख्या से 5.38 गुना अधिक हैं। ठीक हुए लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंत्रालय ने बताया कि देश में इस समय 9,47,576 मरीजों का इलाज चल रहा है, जो कुल मामलों का 15.42 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी किए गए अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 से 84,877 लोग स्वस्थ हुए हैं जबकि इसी अवधि में संक्रमण के 70,589 नए मामले सामने आए है। आंकड़ों के अनुसार, संक्रमण से मुक्त होने वाले लोगों की कुल संख्या 51,01,397 हो गई है।

### जगन्नाथ मंदिर के 351 सेवादार कोरोना वायरस से संक्रमित



पुरी। ओडिशा के श्री जगन्नाथ मंदिर के कम से कम 351 सेवादार और 53 कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के प्रशासक अजय जेना ने मंगलवार को बताया कि 12वीं शताब्दी के इस मंदिर में अब तक कुल 404 लोग संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इतने सारे सेवादारों की अनुपस्थिति के बाद भी भगवान जगन्नाथ की पूजा सामान्य रूप से जारी है। कोविड-19 महामारी के कारण जगन्नाथ मंदिर मार्च से ही श्रद्धालुओं के लिए बंद है। अधिकारी ने कहा कि अधिकांश सेवादार संक्रमण की पुष्टि होने के बाद घर पर ही पृथकवास में हैं और पूजा करने के लिए विद्वानों की कमी है। मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ की पूजा के लिए कम से कम 13 पुजारियों की आवश्यकता होती है। इसलिए, अन्य सेवादारों के अलावा 39 पुजारियों की उपस्थिति आवश्यक है। पुरी मंदिर की विशिष्टता यह है कि अनुष्ठान एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं, वे तड़के शुरू होकर देर रात तक चलते हैं।

## आरक्षण नियमों को लेकर उदयनराजे का सुझाव क्रांतिकारी: शिवसेना

मुंबई। आरक्षण के योग्यता और आर्थिक मानदंडों पर आधारित होने के भाजपा नेता तथा सांसद उदयनराजे भोसले के सुझाव को मंगलवार को शिवसेना ने क्रांतिकारी व्यवस्था करार दिया है। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी के वंशज भोसले ने कहा है कि वह जाति आधारित आरक्षण को खत्म करके आर्थिक और योग्यता के मानदंडों पर आधारित आरक्षण के हिमायती हैं। भोसले ने मराठा समुदाय के बीच व्याप्त गहरे असंतोष के विकराल रूप धारण करने की चेतावनी देते हुए रविवार को कहा था कि अगर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार राज्य में मराठा आरक्षण कानून लागू करने में नाकाम रहती है तो सभी समुदायों को मिला आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाना चाहिए। शिवसेना के मुखपत्र सामना में एक संपादकीय में कहा गया है, इन हालात में, सभी समुदायों का आरक्षण समाप्त करके योग्यता आधारित आरक्षण देने की छत्रपति उदयनराजे की अपील क्रांतिकारी है। संपादकीय में कहा गया है कि मुख्यमंत्री तथा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का विचार है कि मराठा और ढांगर समुदायों को उनके हिस्से का आरक्षण मिलना चाहिए। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को आरक्षण देने के

# बाबू पी गए हजारों करोड़ का पानी, नहीं दिया बिल

## जलबोर्ड का 6,811 करोड़ बकाया, रेलवे, सीपीडब्ल्यूडी, दिल्ली पुलिस, डीडीए व तीनों एमसीडी को भेजा नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सरकारी विभागों के बाबू पी गए हजारों करोड़ का पानी, नहीं चुकता किया बिल। दिल्ली जलबोर्ड ने रेलवे, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, दिल्ली् पुलिस, दिल्ली विकास प्राधिकरण और तीनों एमसीडी को नोटस जारी कर का 6,811 करोड़ रुपये बकाया 30 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा है।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्र सरकार के अधीन भारतीय रेलवे पर 3283 करोड़, सीपीडब्ल्यूडी पर 190 करोड़, डीडीए पर 128, दिल्ली पुलिस पर 614 करोड़ रुपये रुपए बकाया है।

वहीं पूर्वी दिल्ली नगर निगम पर 49, उत्तरी निगम 2466 और दक्षिण निगम पर 81 करोड़ रुपए बकाया है।






बकाया भुगतान न होने की स्थिति में विभाग ने सेक्शन-55, सेक्शन-82, सेक्शन-87, सेक्शन-89 और सेक्शन-91 के तहत कार्यवाही कर सकता है। केंद्र सरकार और दिल्ली नगर निगमों को 5 सितंबर को अंतिम शोकॉज नोटिस दिया है। कोविड-19 महामारी के चलते केजरीवाल सरकार लड़ाई लड़ रही है।

इस संघर्ष को और आसान बनाने के लिए केंद्र व तीनों निगमों को 6811 करोड़ रुपए का भुगतान जल्द करना चाहिए। इन विभागों को कई बार बिल और चालान दिए जा चुके हैं, लेकिन आज तक उन्होंने बकाया नहीं दिया। उन्होंने यह भी कहा क सारे वैध भुगतान हैं। विभागों ने कई सालों से यह सुविधाएं दिल्ली जल बोर्ड से ली है। इसमें कुछ बकाए वर्ष 2013, 2014 और वर्ष 2015 के हैं, जो अभी तक भुगतान नहीं किए गए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार के अधीन आने वाली चार एजेंसियां और तीनों एमसीडी इस अप्रत्याशित समय में अपनी जिम्मेदारी अवश्य निभाएंगे। वहीं राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के उपर भी बकाए हैं। हमारा भी अपना वित्तीय दयित्व है, जिसे हमें उसे निभाना है। विभाग के कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट हैं जिन्हें पूरा कर रहे हैं, लेकिन वित्तीय दायित्व को देखते हुए अनुरोध करना चाहते है

### निजीकरण करना चाहते हैं सीएम : भाजपा



नई दिल्ली। प्रदेश भाजपा ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड को निजी कंपनियों के हाथों में देने के लिए आर्थिक संकट का बहाना बना रहे है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने पहले तो अपनी नाकामियों के चलते विभाग की ऐसी हालत कर दी उसके बाद बोर्ड को निजी हाथों में देना चाहती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा केजरीवाल सरकार के सत्ता में आने से पहले दिल्ली जल बोर्ड लगभग 176 करोड़ रुपए के मुनाफे में था और आप सरकार के आने के बाद लगभग 800 करोड़ रुपए के घाटे में आ गया है।

# वेतन मामले में दीवाली पर मिल सकती है अच्छी खबर

### टीचरों, कर्मचारियों को त्योहारी खुशी से वंचित न करे निगम : कोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम को नौ हजार शिक्षकों के बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश देते हुए मंगलवार को कहा कि दीपावली नजदीक है और कोई भी कर्मचारी त्योहार की खुशी से वंचित नहीं रहना चाहिए। दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि सरकार ने तीन सितंबर को उत्तरी दिल्ली नगर निगम को 98.35 करोड़ रुपए जारी किए हैं और यह राशि शिक्षकों के सितंबर तथा अक्टूबर के वेतन को पूरा करेगी। पीठ ने कहा, यह न भूलें कि दीवाली का त्योहार नजदीक है। उत्सव की खुशी से वंचित नहीं करने देंगे।

### दिल्ली सरकार, डीयू और 4 कॉलेजों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने चार महीने से बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग करने वाली शिक्षकों याचिका पर मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के चार कॉलेजों से जवाब तलब किया। ए सभी कॉलेज विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं और आप सरकार उनका पूर्ण वित्त पोषण करती है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद की पीठ ने डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर महाविद्यालय, भगिनि निवेदिता महाविद्यालय, अदिति महाविद्यालय और शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज से शिक्षकों की याचिका पर जवाब देने को कहा है। अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली विश्वविद्यालय (दिविवि) से भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

# एसआई गिरफ्तार-प्रेमिका व ससुर की ली जान

### हत्याकांड को अंजाम देने के बाद सरकारी पिस्टल लेकर फरार था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली से हरियाणा तक ताबड़तोड़ वारदातों को अंजाम देने वाले एसआई संदीप दहिया को पुलिस ने रोहिणी से गिरफ्तार कर लिया है। लाहौरी गेट थाने में तैनात एसआई संदीप 3 दिन से सरकारी पिस्टल के साथ फरार था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा संदीप दहिया से पूछताछ की जा रही है और संबंधित मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। दहिया 21 दिसंबर, 2017 से लाहौरी गेट पुलिस थाने में तैनात था।

वह 2006 में एक कांस्टेबल के रूप में दिल्ली पुलिस में भर्ती हुआ था और एक परीक्षा पास करने के बाद 2010 में उप-निरीक्षक बन गया। दहिया ने गत रविवार को उत्तरी दिल्ली के अलीपुर में अपनी कार में झगड़े के दौरान अपनी महिला मित्र को कथित तौर पर गोली मार दी थी। इस घटना के बाद वह भाग गया और ह रोहतक में घर के बाहर अपने ससुर की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रहीं थी।

## सिसोदिया ने दी कोरोना को मात, निगेटिव रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना-डेंगू से पीड़ित उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई है, जिसके बाद शाम मनीष सिसोदिया को मैक्स साकेत अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

हालांकि डॉक्टर ने उन्हें अभी 7 दिन तक घर पर ही रहने और आराम करने की सलाह दी है। सोमावर को ही जानकारी मिली थी कि मनीष सिसोदिया की तबीयत में सुधार आया था और वो पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे थे। ये भी कहा गया था कि अगर तबीयत ठीक रहती है तो अगले एक या दो दिन में वो अस्पताल से डिस्चार्ज भी हो सकते हैं।

# जेवर एयरपोर्ट के लिए 7 अक्टूबर को होगा करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से जुड़ी अब तक की सबसे बड़ी खबर है। हवाई अड्डे की विकासकर्ता कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नियाल के बीच 7 अक्टूबर को अनुबंध होगा। कोरोना महामारी के चलते कई बार अनुबंध की तिथि बढ़ाई जा चुकी है।

यह अनुबंध लखनऊ या यमुना प्राधिकरण के दफ्तर में किया जाएगा। इस पर फैसला एक-दो दिन में हो जाएगा। इस अनुबंध पर नियाल के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह दस्तखत करेंगे। नोएडा अथॉरिटी की सीईओ ऋ तु महेश्वरी और यूपी नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक सुरेंद्र सिंह बतौर गवाह दस्तखत करेंगे।



जेवर एयरपोर्ट के लिए नियाल ने बीते साल 29 नवंबर को विकासकर्ता कंपनी का चयन कर लिया था। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस एयरपोर्ट को बनाने की जिम्मेदारी स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट एजी को मिली है। कोरोना महामारी के चलते कंपनी के प्रतिनिधि कंसेशन एग्रीमेंट पर दस्तखत करने के लिए भारत नहीं आ पा रहे थे। अब अनुबंध की तारीख तय हो गई है। स्विस कंपनी ने भारत में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी बनाई है। कंसेशन एग्रीमेंट पर यही कंपनी दस्तखत करेगी।

### अरुणवीर सिंह करेंगे दस्तखत, दो बड़े आईएएस बनेंगे गवाह

# दिनदहाड़े ज्वेलरी शोरूम में लूट

### लाखों के आभूषण और डीवीआर भी साथ ले गए बाइक सवार लुटेरे

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली से सटे इंदिरापुरम क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर को स्कूटी व मोटरसाइकिल पर आए पांच बदमाशों ने सरेआम एक ज्वेलरी शोरूम लूट लिया।

दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद ज्वैलर्स में दहशत का माहौल है। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में अविनाश वर्मा को दुर्गा ज्वेलर्स के नाम से शोरूम है। दोपहर उनका स्टाफ लंच पर गया हुआ था और वर्मा अकेले ही शोरूम पर थे। इसी दौरान स्कूटी व मोटर साइकिल पर सवार होकर पांच बदमाश वहां पहुंचे। पहले एक युवक ग्राहक बनकर शोरूम के अंदर घुसा और जेवरात देखने लगा।

इसी दौरान हेलमेट पहने दो अन्य युवक घुस आए और वर्मा पर तमंचे तान दिए। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में रखे सभी जेवरात बैग में भरे और फरार हो गए। इस दौरान दो बदमाश दुकान के बाहर रहे। जिन्होंने मास्क लगा रखा था। वर्मा ने बताया कि बदमाश करीब आठ लाख के जेवरात लूट कर ले गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



लूट के बाद जांच पड़ताल करतीं पुलिस।

**ग्राहक बन निकलवाए थे जेवर**

लुटेरे ग्राहक बनकर आए थे जिसके कारण शोरूम वालों को शक नहीं हुआ। और बिना झिझक जेवर देने लगे। गौरतलब है कि गाजियाबाद में लगातार लूट और डकैती की वारदातें बढ़ती जा रही हैं हाल ही में राजनगर एक्सटेंशन में ज्वेलर्स को निशाना बनाया गया था।

# हाथरस रेपकांड पर प्रदेश का कांग्रेस प्रदर्शन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस ने महिला अध्यक्ष अमृता धवन के साथ पूर्व सांसद उदित राज और पी.एल. पुनिया ने योगी आदित्यनाथ सरकार के खिलाफ विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया क्योंकि हाथरस में दलित लड़की के यौन शोषण की घटना को रोकने में योगी सरकार विफल रही। अमृता धवन ने कहा कि महिलाऐं न तो दिल्ली में और न ही यूपी में सुरक्षित है।

जबकि केजरीवाल राजनीतिक मौके तलाशने के लिए दूसरे राज्यों में महिलाओं के प्रति सहानूभूति दिखाने का ढोंग कर रहे है। वहीं चौ अनिल कुमार ने आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाया कि दलित लड़की के प्रति सहानूभूति जताना केवल हथकंडा है।

### ट्रैक्टर जलाने पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष हिरासत में

दिल्ली पुलिस ने इंडिया गेट के पास ट्रैक्टर जलाने की घटना के सिलसिले में पंजाब युवा कांग्रेस के अध्यक्ष बिरेंदर ढिल्लों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार सुबह राष्ट्रपति भवन और संसद से कुछ सौ मीटर की दूरी पर एक ट्रैक्टर में आग लगा दी थी।

## जून के मुकाबले सितंबर में कम मौते हुईं : सतेंद्र जैन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्एन्द्र जैन ने मंगलवार को कहा कि शहर में जून के मुकाबले सितंबर में कोविड-19 के अधिक मामले सामने आए हैं, लेकिन मृतकों की संख्या एक तिहाई से भी कम रही है। राजधानी में जिस किसी व्यक्ति में संक्रमण के लक्षण देखे जा रहे हैं, उनकी आरटी-पीसीआर जांच की जा रही है। दिल्ली में जून की तुलना में सितंबर में संक्रमण के काफी अधिक मामले सामने आए हैं। हालांकि इस महीने जो मौतें हुईं, वे जून में हुईं मौतों की एक तिहाई भी नहीं है। प्रतिदिन औसतन 10,000 से अधिक आरटी-पीसीआर जांच की जा रही हैं।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में पहुंची

**नई दिल्ली।** राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। अगले दो दिन तक वायु गुणवत्ता इसी श्रेणी में रहेगी। दिल्ली ने सुबह साढ़े 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 170 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच अच्छी, 51 से 100 संतोषजनक , 101 से 200 मध्यम , 201 से 300 खराब , 301 से 400 बेहद खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर मानी जाती है। सफर ने कहा, हवा के प्रवाह की अनुकूल स्थिति को देखते हुए अगले दो दिनों तक राजधानी दिल्ली में एक्यूआई के मध्यम श्रेणी में रहने की संभावना है।

# भूखंड लकी ड्रॉ का होगा फेसबुक लाइव

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना प्राधिकरण की अपैरल, हैंडीक्राफ्ट और एमएसएमई और टॉय सिटी की योजना के भूखंडों का आवंटन 9 अक्टूबर को किया जाएगा।


प्राधिकरण इस बार आवंटन का फेसबुक पर लाइव प्रसारण भी करेगा। कोविड-19 के चलते इस बार ड्रा में कुल आवंटियों में से केवल 10 प्रतिशत को बुलाया जाएगा। बुलाने वाले आवंटियों का चयन लाटरी से किया जाएगा।

यमुना प्राधिकरण ने अपैरलए हैंडीक्राफ्ट और एमएसएमई पार्क के लिए योजना निकाली थी। इसके साथ टवाय सिटी की योजना भी आई थी। इसमें से 4 हजार वर्ग मीटर के नीचे के भूखंड के लिए ड्रा निकाला जाएगा। इसका ड्रा 9 अक्टूबर को निकाला जाएगा। निवेश सेल के प्रभारी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि ड्रा से पहले सभी आवेदकों की सूची प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। एक अक्टूबर से आवेदक अपना नाम देख सकते हैं। अगर किसी को आपत्ति है तो वह 5 अक्टूबर तक दे सकता है। 7 अक्टूबर तक सभी आपत्तियों का निस्तारण कर दिया जाएगा। 9 अक्टूबर को ड्रा निकाला जाएगा। कोविड के चलते केवल 10 प्रतिशत आवेदक भी बुलाए जाएंगे।



# रामलीला मंचन: कलाकार हैं तैयार, अनुमति का इंतजार

### पूर्व कांग्रेस सांसद जेपी अग्रवाल ने पीएम नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लगाई गुहार



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोरोना काल में शहर से लेकर देहात तक रामलीला का मंचन अधर में लटका है। रामलीला कमेटियों को प्रशासनिक अनुमति का इंतजार है ताकि उसी के अनुरूप आयोजन हो सके लेकिन अनुमति मिलने में देरी से

### अनलॉक- 4 में धीरे-धीरे सभी चीजों को खोल दिया गया है। बिहार में चुनावों की घोषणा हुई।

नाराज पूर्व कांग्रेस सांसद जय प्रकाश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जल्द रामलीला मंचन की मंजूरी देने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि देशभर में सदियों से रामलीला का मंचन होता आ रहा है। वह चाहते हैं कि इस साल भी इसका आयोजन होना चाहिए। इसके साथ संस्कृति और लोगों की आस्था भी जुड़ी है। आज तक कभी ऐसा नहीं हुआ है कि किसी भी कारणवश, रामलीला के मंचन को रोका जाए। जय प्रकाश अग्रवाल ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि अनलॉक- 4 में धीरे-धीरे सभी चीजों को खोल दिया गया है। बिहार में चुनावों की घोषणा हुई।

संसद का मानसून सत्र चला, प्रदेशों में बाजार खुलने लगे। मेट्रो दौड़ने लगी। आम लोगों की सुविधा के लिए डीटीसी बसों का परिचालन रात्रि 12 बजे तक किया गया। इन सभी को संज्ञान में रखते हुए, जैसे जन जीवन को पटरी पर लाया जा रहा है। उसी तरीके से सशर्त रामलीला के मंचन को भी मंजूरी दी जानी चाहिए ।

जेपी ने कहा कि देशभर की रामलीला कमेटियों की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध करते है कि रामलीला के मंचन को सुचारू रूप से सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए मंचन की स्वीकृति दें। वह भरोसा दिलाते हैं, केंद्र सरकार, कोरोना महामारी को देखते हुए, जो भी मापदंड तय करेंगी। उसे देशभर की कमेटियां स्वीकार करेंगी। मालूम हो कि श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के बाद शारदीय नवरात्रि शुरू हो जाते हैं।

इन्हीं दिनों होता है रामलीला महोत्सव का आयोजन। दुर्गा नवमी पर काली प्रदर्शन व दशमी को रावण दहन होता है। इस बार कोरोना महामारी के चलते मार्च से लॉकडाउन के कारण सरकार ने सभी धार्मिक आयोजनों पर रोक लगा दी थी, धार्मिक स्थल भी बंद रहे। बाद में बेशक ये खोल दिए गए, लेकिन अभी धार्मिक आयोजनों को लेकर सरकार के दिशा निर्देशों का इंतजार है। इस बार अधिकमास के कारण नवरात्रि 17 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं।

## अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर जिले के बॉटनिकल गार्डन के पास मंगलवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि सोमवार देर रात सेक्टर-22 में हुए सड़क हादसे में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। सेक्टर-39 क्षेत्र के बॉटनिकल गार्डन के पास मंगलवार सुबह को विनीता नामक महिला पैदल जा रही थी। तभी एक स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर-22 के पास ट्रैक्टर चालक को एक अन्य ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के हरौला गांव में हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाएं और बरौला गांव में हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

### शोध छात्रों को जेएनयू में आने दिया जाए : छात्रसंघ



नई दिल्ली। जेएनयू छात्र संघ ने मंगलवार को मांग की कि शोध विद्यार्थियों को सभी कोविड-19 दिशा-नियमों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय लौटने की अनुमति दी जाए। छात्र संघ ने कहा कि कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के दौरान अपने घर लौटते समय एम. फिल और पीएचडी के कई छात्र अपने लैपटॉप और शोध सामग्री छोड़ गए थे और वे अपने प्रोजेक्ट पर काम नहीं कर पा रहे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षाओं की तारीखें बिना किसी तैयारी के तय कर दी गईं, जो कि अन्य विश्वविद्यालयों की परीक्षा तिथियों से टकरा रही हैं। जेएनयू की प्रवेश परीक्षाएं पांच से आठ अक्टूबर के बीच आयोजित की जाएंगी।

### शिक्षक ने निरीक्षक कार्यालय पर दिया धरना

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक महासभा के तत्वाधान में वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय गाजियाबाद पर मौन धारण करते हुए सांकेतिक धरना दिया। बाद में जिला विद्यालय निरीक्षक रवि दत्त को एक ज्ञापन दिया। जिसमें करोना कॉल में वित्तविहीन विद्यालयों के अध्यापकों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार से मानदेय की मांग की गई और जब तक मानदेय ना दिया जाए तब तक 15 हजार प्रति माह के हिसाब से भुगतान मांगा। धरने का संचालन आदर्श जनता इंटर कॉलेज के शिक्षक प्रेम चौधरी ने किया। अध्यक्षता राजवीर सिंह बैसला ने की।

### आईपीएल पर सट्टा लगाने वाला गैंग गिरफ्तार

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले अन्तर्राज्यीय स्तर के तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये सटोरियों के पास दो एप्पल मोबाइल, एक वीवो, एक लावा, एक एमआई फोन के अलावा एक स्वीफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है। एसपी सिटी अभिषेक वर्मा ने बताया कि पकड़े गये सटोरियों के नाम हर्ष कुमार, कुणाल व मोनू निवासी गण दिल्ली है। उन्हें अभय खंड दो से पकड़ा गया।

### विवाहिता की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

गाजियाबाद। लोनी थाना क्षेत्र के सिरौली गांव में विवाहिता कि संदिग्ध मौत का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरु कर दी है। उधर परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक नजमा उर्फ रियाज उर्फ आरिफा उम्र 28 वर्ष पुत्री मुस्तफा निवासी गांव दहेपा हापुड की शादी दो वर्ष पूर्व आरिफ पुत्र सलीम निवासी गांव सिरौली के साथ हुई थी। सुबह संदिग्ध परिस्तिथियों में नजमा उर्फ आरिफा की मौत हो गई।


### आप विधायक से याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप विधायक प्रीति तोमर से उस याचिका पर मंगलवार को जवाब मांगा, जिसमें उनपर नामांकन पत्र में अपनी शैक्षणिक योग्यता के बारे में गलत जानकारी देने का आरोप लगाते हुए हुए त्रिनगर विधानसभा क्षेत्र से उनके निर्वाचन को चुनौती दी गई है। मामले से जुड़े एक वकील ने यह जानकारी दी। प्रीति, दिल्ली के पूर्व मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर की पत्नी हैं, जिन्हें उच्च न्यायालय ने 2015 के विधानसभा चुनाव में नामांकन पत्र के साथ फर्जी डिग्री दाखिल करने का दोषी पाया था और आप विधायक के तौर पर उनका चुनाव रद्द कर दिया था। याचिकाकर्ता के वकील अनिल सोनी ने बताया कि न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने प्रीति और निर्वाचन अधिकारी (आरओ) को नोटिस जारी कर मामले की अगली सुनवाई की तारीख नौ दिसम्बर को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्वाचन अधिकारी को आप विधायक के नामांकन दस्तावेज को सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने अपनी शैक्षणिक योग्यता के संबंध में जानकारी दी है। अदालत ने यह आदेश त्रिनगर निर्वाचन क्षेत्र के नवीन पाराशर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि आप विधायक ने एमएससी और बीएड की डिग्री रखने के बारे में गलत जानकारी दी।



# महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर 10 अक्टूबर से शुरू होगा

**अमनप्रीत सिंह।** नई दिल्ली



**महिला** पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर अंतत: 10 अक्टूबर से लखनऊ के भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में शुरू होगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी और साथ ही चेताया कि जो पहलवान शिविर में हिस्सा नहीं लेंगी उनके नाम पर राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए विचार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से शुरू होना था, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इसे टाल दिया गया।

स्थिति उस समय और खराब हो गई जब ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके देश के चार पहलवानों में से दो विनेश फोगाट और दीपक पूनिया कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए जिससे कई पहलवान डर गए। स्थिति का आकलन करने और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की सलाह पर डब्ल्यूएफआई ने छह ओलंपिक भार वर्ग में शिविर शुरू करने का मन बना लिया है जिसमें 50 किग्रा, 53 किग्रा, 57 किग्रा, 62 किग्रा, 68 किग्रा और 76 किग्रा वर्ग शामिल हैं। यह शिविर 31 दिसंबर तक चलेगा। कुश्ती उन नौ खेलों में शामिल है, जिसे साइ ने अपनी खेला इंडिया फिर से पहल के तहत पांच अक्टूबर से खेल गतिविधियां बहाल करने के लिए चुना है। डब्ल्यूएफआई के सहायक सचिव विनोद तोमर ने एजेंसी को बताया, हम लखनऊ में 10 अक्टूबर से शिविर शुरू कर रहे हैं। शिविर में पहलवानों की संख्या पहले के समान रहेगी, छह ओलंपिक भार वर्ग में तीन-तीन खिलाड़ी शिविर में हिस्सा लेंगी। पहलवानों को 14 दिन के पृथकवास से गुजरना होगा और परीक्षण में नेगेटिव आने के बाद ही उन्हें ट्रेनिंग की इजाजत दी जाएगी। यह पूछने पर कि क्या सभी शीर्ष पहलवान शिविर से जुड़ने के लिए राजी हो गई हैं, तोमर ने कहा, सभी को आना होगा। जो शिविर में नहीं आएंगी उन्हें हटा दिया जाएगा और चयन के लिए उनके नाम पर विचार नहीं होगा। यह पूछने पर कि क्या विनेश शिविर से जुड़ने पर राजी हो गई हैं, तोमर ने कहा कि डब्ल्यूएफआई उनकी जरूरतों का इंतजाम करने का प्रयास कर रहा है।

### कोरोना के साथ सीखना होगा जीना

तोमर ने कहा, वह विदेश में ट्रेनिंग करना चाहती है लेकिन मौजूदा स्थिति में हम शिविर में उसे ट्रेनिंग के लिए अच्छे जोड़ीदार देंगे। शिविर के स्थगित होने से पहले 2018 विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता पूजा ढांडा ने कहा था कि हमें कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा इससे संकेत मिलते हैं कि उन्हें शिविर शुरू होने पर इससे जुड़ने में कोई समस्या नहीं है। एक उभरती हुई पहलवान के कोच ने हालांकि कहा कि उनकी शिष्या शिविर से जुड़ेगी लेकिन सिर्फ इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय टीम में स्थान दांव पर लगा है। नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर कोच ने कहा, पहलवान के माता पिता से बात करने के बाद हमने उसे भेजने का फैसला किया है। लेकिन अब भी उनके दिमाग में कोरोना वायरस संक्रमण का डर है। हम मना नहीं कर सकते, हम शिविर से बाहर नहीं होना चाहते क्योंकि ऐसा करने पर महासंघ उसे राष्ट्रीय चयन ट्रायल के लिए नहीं बुलाएगा। शिविर से जुड़ने को लेकर अंदेशा जता चुकी दिव्या काकरान के पिता सूरज ने बताया कि वह शिविर में हिस्सा लेंगी। सोनीपत में इस महीने की शुरुआत में शुरू हुए पुरुष शिविर को भी 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।

# प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने से मजबूत बनी महिला हॉकी टीम : दीपिका



**नई दिल्ली।** पूर्व हॉकी खिलाड़ी दीपिका ठाकुर का मानना है कि अच्छा खेल दिखाने की प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार मैच खेलने से भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और वह अगले साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक खेलों में शीर्ष चार में जगह बना सकती है।

भारतीय महिला हॉकी ने पिछले कुछ वर्षों में शीर्ष टूर्नामेंटों में अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। उसने 2018 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता और लगातार दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। दीपिका ने कहा कि महिला टीम यह साबित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि वह भी पुरुष टीम की तरह टूर्नामेंट जीत सकती है। हमने 2017 में एशिया कप जीता, लंदन में विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और एशियाई खेलों में रजत पदक हासिल किया। उन्होंने कहा कि ये सभी बहुत अच्छे परिणाम हैं। यह कोचिंग स्टाफ और महासंघ के सामूहिक प्रयास से ही संभव हो पाया। हॉकी इंडिया ने यह सुनिश्चित किया कि महिला हॉकी टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मैच खेलने को मिलें तथा एसीटीसी (अभ्यास और प्रतियोगिता के लिए वार्षिक कैलेंडर) टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। रियो ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रही दीपिका ने 2016 में एशियाई चैंपियन्स ट्राफी को जीतने में अहम योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं बहाल होने पर भारतीय टीम अच्छी वापसी कर सकती है। उन्होंने कहा कि मेरा पक्का विश्वास है कि टीम वापसी कर सकती है।

# राजस्थान रॉयल्स के सामने होगी केकेआर की कड़ी परीक्षा

**एजेंसी।** दुबई



**कोलकाता** नाइटराइडर्स (केकेआर) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर बनाए रखना है, तो उसे बेहतरीन फार्म में चल रहे राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। रॉयल्स को शुरू से छुपा रुस्तम माना जा रहा था और उसने टूर्नामेंट की शुरुआत में ही अपना यह लक्षण जगजाहिर कर दिया। पिछले मैच में उसने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 224 रन के रिकार्ड लक्ष्य को हासिल किया। रॉयल्स ने अपने दोनों मैच जीते हैं और उसने बड़ी आसानी से 200 रन की संख्या को पार किया है। उसकी इन सफलताओं में संजू सैमसन और राहुल तेवतिया का योगदान अहम रहा है, जो अब तक स्टार खिलाड़ियों पर भारी पड़े हैं।

हरियाणा के आलराउंडर तेवतिया ने किंग्स इलेवन के खिलाफ पिछले मैच में 31 गेंदों पर 53 रन बनाकर मैच का पासा पलट दिया था। उनकी इस पारी से रॉयल्स ने तीन गेंद शेष रहते हुए ही 224 रन का लक्ष्य हासिल कर दिया था। तेवतिया ने एक समय 19 गेंदों पर आठ और फिर 23 गेंदों पर 17 रन बनाए थे, लेकिन अचानक ही उनके अंदर का आक्रामक बल्लेबाज जाग उठा और उन्होंने तेज गेंदबाज शेल्डन कोटरेल के एक ओवर में पांच छक्के लगाकर मैच का नक्शा बदल दिया। लेकिन रॉयल्स की पहली दो जीत के नायक केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन रहे। उन्होंने लगातार दो अर्धशतक जमाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 214.86 है। इससे उन्होंने भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के स्थान के लिए फिर से अपना दावा पेश कर दिया है। कप्तान स्टीव स्मिथ ने भरोसमंद की भूमिका निभाई है। उन्होंने दो अर्धशतक लगाए हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज जोस बटलर से टीम को धमाकेदार पारी का इंतजार है। ऐसी स्थिति में अगर केकेआर को रॉयल्स की बराबरी करनी है या उससे आगे निकलना है तो उसके सबसे बड़े स्टार आंद्रे रसेल और इंग्लैंड के विश्वकप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मोर्गन और रसेल को अभी तक कम मौके मिले हैं क्योंकि उन्हें बल्लेबाजी क्रम में पांचवें और छठे नंबर पर उतारा गया। केकेआर का टीम प्रबंधन इस मैच में उन्हें ऊपरी क्रम में उतार सकता है विशेषकर कैरेबियाई क्रिकेटर को जिन्होंने पिछले सत्र में 204.81 के स्ट्राइक रेट से 510 रन बनाए थे।

केकेआर को अपने पहले मैच में मुंबई इंडियन्स से हार का सामना करना पड़ा लेकिन दूसरे मैच में उसने सनराइजर्स हैदराबाद की गलतियों का फायदा उठाकर अच्छी वापसी की। प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के नाबाद अर्धशतक और मोर्गन की तूफानी पारी से केकेआर ने दो ओवर शेष रहते ही 145 रन के लक्ष्य को हासिल कर दिया था। लेकिन रॉयल्स की बल्लेबाजी को देखते हुए कोई भी लक्ष्य सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। इसके अलावा सत्र के दोनों सुपर ओवर दुबई में खेले गए हैं। यह स्थान दोनों टीमों के लिए नया है क्योंकि वे इस सत्र में यहां अपना पहला मैच खेलेंगी। रिकार्ड के लिए बता दें कि अब तक यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने सभी पांचों मैच जीते हैं।

### टीमें

**कोलकाता नाइटराइडर्स:** दिनेश कार्तिक (कप्तान और विकेटकीपर), आंद्रे रसेल, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्यूसन, नितीश राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, रिंकू सिंह, संदीप वॉरियर, शिवम मावी, शुभमन गिल, सिद्धेश लाड, सुनील नारायण, पैट कमिन्स, इयोन मोर्गन, वरुण चक्रवर्ती, टॉम बैंटन, राहुल त्रिपाठी, क्रिस ग्रीन, एम सिद्धार्थ, निखिल नाइक, अली खान।

**राजस्थान रॉयल्स:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), जोस बटलर, रॉबिन उथप्पा, संजू सैमसन, बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, यशस्वी जायसवाल, मनन वोहरा, कार्तिक त्यागी, आकाश सिंह, ओशन थॉमस, एंड्रयू टाय, डेविड मिलर, टॉम कुरेन, अनिरुद्ध जोशी, श्रेयस गोपाल, रेयान पराग, वरुण आरोन, शशांक सिंह, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, मयंक मारकंडे।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम 07:30 बजे से शुरू होगा।**

# हैदराबाद ने दिल्ली के सामने रखा 163 रन का लक्ष्य



**एजेंसी।** अबुधाबी


**इंडियन** प्रीमियर लीग के 13वें सीजन का 11वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच अबूधाबी में खेला गया। इस मुकाबले में दिल्ली के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। ऐसे में हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 162 रन बनाए। अब जीत के लिए दिल्ली के सामने 163 रन का लक्ष्य है।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम के लिए डेविड वार्नर और जॉनी बेयरेस्टो ने ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली। दोनों ने पावरप्ले के 6 ओवर में बिना विकेट खोकर 38 रन बनाए। वार्नर और बेयरेस्टो ने टीम के लिए 9.3 ओवर में 77 रन जोड़े, लेकिन वार्नर 33 गेंदों में 45 रन बनाकर अमित मिश्रा की गेंद पर कैच आउट हो गए हैं। मिश्रा ने अगले ही ओवर में मनीष पांडे को 3 रन के निजी स्कोर पर चलता किया।

हैदराबाद की ओर से जॉनी बेयरेस्टो ने 44 गेंदों में 2 चौके और 1 छक्के की मदद से अर्धशतक बनाया। हालांकि, 53 रन के निजी स्कोर पर वे रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। केन विलियमसन 26 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल समद 11 रन बनाकर और अभिषेक शर्मा 1 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली की ओर से कगिसो रबाडा और अमित मिश्रा ने दो-दो विकेट चटकाए। इस मुकाबले के लिए दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव हुआ है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने टीम में दो बदलाव किए हैं। दिल्ली ने इशांत शर्मा को टीम में शामिल किया है, जबकि आवेश खान को बाहर किया है। वहीं, हैदराबाद ने 18 साल के युवा अब्दुल समद के साथ-साथ केन विलियमसन को प्लेइंग इलेवन में जगह दी है। हैदराबाद ने मोहम्मद नबी और रिद्धिमान साहा को बाहर रखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्बर लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारी



**पेरिस।** तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एंजेलिक कर्बर को लगातार दूसरे साल फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। जर्मनी की 18वीं वरीय खिलाड़ी को 19 साल की स्लोवेनिया की काजा युवान ने 6-3, 6-3 से हराया। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कर्बर ने फ्रेंच ओपन के अलावा तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। रोलां गैरो पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2012 और 2018 में रहा जब वह क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वेतलाना कुज्नेत्सोवा को भी हार का सामना करना पड़ा। फ्रेंच ओपन 2009 की चैंपियन को रूस की हमवतन अनास्तासिया पावलुचेनकोवा ने तीन सेट में 6-1, 2-6, 6-1 से शिकस्त दी। फ्रेंच ओपन 2016 चैंपियन गरबाइन मुगुरुजा भी कर्बर और कुज्नेत्सोवा की सूची में शामिल होने से बच गई। उन्होंने तमारा जिदानसेक को 7-5, 4-6, 8-6 से हराया।

### पिलिसकोवा फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची



**पेरिस।** विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी और यहां दूसरी वरीयता प्राप्त कैरोलिना पिलिसकोवा ने मायर शेरिफ को 6-7 , 6-2, 6-4 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह पक्की की। शेरिफ रोलां गैरां में मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने वाली मिस्र की पहली खिलाड़ी हैं। उन्होंने 2017 में रोलां गैरां में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की खिलाड़ी को पहले सेट में कड़ी टक्कर दी। पिलिसकोवा दूसरे दौर में लाटविया की जेलेना ओस्टापेंको को सामना करेंगी। फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन ओस्टापेंको ने पहले दौर में अमेरिका की मैडिसन ब्रेंगले को आसानी से 6-2, 6-1 से हराया।

### डैथ ओवरों में गेंदबाजी के लिए हास्य की समझ जरूरी: क्रिस

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और किंग्स इलेवन पंजाब के तेज गेंदबाज क्रिस जोर्डन का मानना है कि डैथ ओवरों का दबाव झेलने के लिए गेंदबाज में हास्य की समझ होना जरूरी है। डैथ ओवरों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जोर्डन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में महंगे साबित हुए थे और एक ओवर में 30 रन दे डाले थे। इसके एक सप्ताह बाद पंजाब के ही शेल्डन कोटरेल के ओवर में राहुल तेवतिया ने पांच छक्के लगाकर राजस्थान रॉयल्स को चमत्कारिक जीत दिलाई। जोर्डन ने कहा कि शेल्डन के साथ जो हुआ, वह किसी के भी साथ हो सकता है। डैथ ओवरों में गेंदबाजी के लिए हंसी मजाक जरूरी है क्योंकि आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हिटर्स के सामने गेंद डाल रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि उस समय हर बल्लेबाज छक्के लगाना चाहता है। ऐसे में गेंदबाज का शांत बने रहना जरूरी है। उसे अपने काम पर फोकस करना चाहिए और मैं इसी सोच के साथ गेंद डालता हूं। जोर्डन ने कहा कि इस प्रारूप में बल्लेबाज अविश्वसनीय शॉट लगा जाते हैं। ऐसे में हंसी मजाक से ही आप तनाव से मुक्त रह सकते हैं। हम लोग वैसे भी ऐसे दौर में जी रहे हैं (कोरोना महामारी के कारण) कि मैदान पर खेलने का मौका मिलना ही एक वरदान है।

### इंग्लैंड की वेस्टइंडीज पर एक और आसान जीत

**डर्बी।** विकेटकीपर बल्लेबाज एमी जोन्स और कप्तान हीथर नाइट की शानदार बल्लेबाजी से इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को यहां चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 44 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 166 रन बनाए और इसके बाद वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 122 रन पर रोक दिया। इंग्लैंड ने इस तरह से श्रृंखला में 4-0 से बढ़त बना दी है। इंग्लैंड की बल्लेबाजी का आकर्षण एमी जोन्स का अर्धशतक रहा। उन्होंने 37 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 55 रन बनाए और कप्तान हीथर नाइट (30 गेंदों पर 42) के साथ चौथे विकेट के लिए 65 रन जोड़कर टीम को शुरुआती झटकों से उबारा। इन दोनों के अलावा सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट (27) और कैथरीन ब्रंट (नाबाद 25) ही दोहरे अंक में पहुंच पाई। वेस्टइंडीज के लिए एलिया एलिन ने 25 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में नियमित अंतराल में विकेट गंवाए। उसकी तरफ से चेडिया नेशन ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए सराह ग्लेन ने 15 रन देकर दो और ब्रंट ने 21 रन देकर दो विकेट लिए। पांचवां और अंतिम मैच 30 सितंबर को खेला जाएगा।

# बेलिंडा क्लार्क ने सीए के पद से इस्तीफा दिया

**एजेंसी।** सिडनी



आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क ने मंगलवार को घोषणा की कि वह क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की सामुदायिक क्रिकेट की कार्यकारी महाप्रबंधक के अपने पद से इस्तीफा दे रही हैं। बेलिंडा की अगुआई में आस्ट्रेलिया में दो विश्वकप खिताब जीते और इस खिलाड़ी ने अपने देश की ओर से 15 टेस्ट तथा 118 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह पिछले ढाई साल से यह भूमिका निभा रही थीं और 30 नवंबर को अपने पद से हट जाएंगी। यह 50 साल की पूर्व खिलाड़ी हालांकि आईसीसी टी-20 विश्वकप स्थानीय आयोजन समिति की निदेशक बनी रहेंगी।

क्रिकेट.कॉम.एयू ने बेलिंडा के हवाले से कहा कि खेल के लिए काम करने के अपने समय का मैंने लुत्फ उठाया और सीए के साथ 20 साल के बीच यह अध्याय खत्म हो रहा है, क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के साथ छह साल और आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) की महिला समिति की लंबे समय से सदस्य होने के नाते, मैं खेल को कुछ वापस देने के नई तरीके ढूंढने के लिए प्रतिबद्ध हूं जिसने मुझे इतना कुछ दिया। वर्ष 2018 से आईसीसी की क्रिकेट समिति की भी सदस्य बेलिंडा ने कहा कि वह युवा लड़कियों में नेतृत्व क्षमता के विकास के अपने काम पर ध्यान लगाएंगी।

## गुस्तावसन ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम के कोच बने

**सिडनी।** ओलंपिक और विश्वकप जीतने वाली अमेरिका की महिला फुटबॉल टीम के पूर्व सहायक कोच टोनी गुस्तावसन को मंगलवार को चार साल के लिए ऑस्ट्रेलियाई महिला फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनाया गया। टीम 2023 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला विश्वकप में उनकी निगरानी में खेलेगी। गुस्तावसन टोक्यो ओलंपिक, 2022 एशियाई कप और 2024 पेरिस ओलंपिक के अभियान में भी टीम के साथ रहेंगे। स्वीडन के 47 साल के गुस्तावसन 2012 और फिर 2014 से 2019 तक अमेरिकी महिला फुटबॉल टीम के सहायक कोच रह चुके हैं। उनके रहते हुए टीम ने 2012 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जबकि 2015 एवं 2019 विश्वकप का खिताब हासिल किया। वह 2012 से 2014 तक स्वीडन की टायरेसो एफएफ महिला टीम के कोच रहे, जिसने 2014 में महिला चैंपियन्स लीग का खिताब जीता।

# कड़ा अभ्यास करने के लिए खिलाड़ियों पर प्रयोग होंगे बैटरी संचालित मॉस्क

**फिलेम दीपक सिंह।** नई दिल्ली

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) ओलंपिक की तैयारियों में जुटे अपने खिलाड़ियों का कड़ा अभ्यास सुनिश्चित करने के लिए बैटरी से संचालित मास्क का परीक्षण के तौर पर उपयोग करेगा। यह मास्क आईआईटी खड़गपुर के पूर्व छात्रों ने तैयार किया है और इसके बारे में दावा किया गया है कि इसको पहनने वाला अधिकतम ऑक्सीजन ग्रहण करता है।

आईओए ने आईआईटी खड़गपुर के पीयूष अग्रवाल के साथ करार किया है, जो पीक्यूआर टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं और जिन्हें कवच मास्क प्रोजेक्ट के तहत सरकार से पैसा भी मिला है। उनका स्टार्ट अप वर्तमान समय में आईआईटी दिल्ली से संबद्ध है। इस मास्क का ब्रांड नाम मोक्ष है। अग्रवाल पिछले दो वर्षों से मॉस्क के डिजाइन और निर्माण कार्य से जुड़े हुए हैं। उन्होंने प्रदूषण संबंधी मास्क से इसकी शुरुआत की थी। आईओए महासचिव राजीव मेहता ने कहा कि बैटरी से संचालित मास्क का पहले ओलंपिक की तैयारियों में लगे कुछ खिलाड़ियों पर ट्रायल किया जाएगा। इसमें से प्रत्येक मास्क की कीमत 2200 रुपये के लगभग है।

खिलाड़ियों को अगर सांस लेने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती है और इसके साथ ही आईओए चिकित्सा आयोग से मंजूरी मिलने के बाद ओलंपिक में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी और अन्य भी इसका उपयोग करेंगे। मेहता ने कहा, मैं पहले खिलाड़ियों का अभ्यास बहाल करने को लेकर बेहद सतर्कता बरत रहा था लेकिन अब जबकि खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरू कर दिया है और हम नहीं जानते कि यह महामारी कब खत्म होगी तो हमें सर्वश्रेष्ठ संभावित उपायों के बारे में सोचना होगा और मॉस्क का यह विचार हमें अच्छा लगा जो कड़े अभ्यास के लिए सुरक्षित लगता है। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी ट्रायल में सहज महसूस करते हैं, तो हम शुरू में 1000 मॉस्क का आर्डर देंगे। हम शुरू में ट्रायल के लिए 10-15 खिलाड़ियों को मास्क देने की उम्मीद कर रहे हैं। हम 10 दिन के अंदर ट्रायल शुरू कर देंगे।

# न्यूजीलैंड के गर्मियों का कार्यक्रम जारी विंडीज के खिलाफ श्रृंखला से सत्र शुरू

**एजेंसी।** आकलैंड



**न्यूजीलैंड** कोरोना वायरस के कारण ब्रेक के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत नवंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के साथ करेगा। देश के क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घरेलू सत्र का कार्यक्रम जारी किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने घोषणा की कि नवंबर में वेस्टइंडीज और पाकिस्तान की मेजबानी के बाद फरवरी में आस्ट्रेलिया जबकि मार्च में बांग्लादेश की मेजबानी की जाएगी।

सरकार ने अब तक शुरुआती दो टीमों को ही आने की इजाजत दी है, लेकिन एनजेडसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड वाइट को भरोसा है कि अन्य टीमों की मेजबानी को भी हरी झंडी मिल जाएगी। वाइट ने बयान में कहा कि पिछले छह या सात महीनों की अनिश्चितता और मुश्किलों को देखते हुए आज की घोषणा करते हुए मैं रोमांचित हूं। उन्होंने कहा कि इन दौरों की मेजबानी दो कारणों से हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है: अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट राजस्व देता है जिससे न्यूजीलैंड में क्रिकेट का पूरा खेल चलता है और साथ ही यह अहम है कि हम खेल के प्रशंसकों और खेल का ध्यान रखें, विशेषकर इस मुश्किल समय में। न्यूजीलैंड घरेलू सत्र की शुरुआत वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के साथ करेगा जिसकी शुरुआत 27 नवंबर से ईडन पार्क में होगी। श्रृंखला के अन्य दो मैच बे ओवल में 29 और 30 नवंबर को खेले जाएंगे। न्यूजीलैंड की टीम इसके बाद दो टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगी।

# 'डिविविलियर्स के विकेटकीपिंग करने से आरसीबी में संतुलन आता है'

**एजेंसी।** दुबई

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के स्पिनर वाशिंगटन सुंदर टीम के अपने सुपरस्टार साथी एबी डिविलियर्स से काफी प्रभावित हैं और उनका मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के इस आक्रामक बल्लेबाज के विकेटकीपिंग सहित कई काम करने की क्षमता से उनकी इंडियन प्रीमियर लीग टीम में संतुलन आता है। डिविलियर्स ने सोमवार को गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आरसीबी की जीत के दौरान विकेटकीपर की भूमिका निभाई थी। वह खराब फॉर्म के जूझ रहे जोश फिलिप की जगह विकेटकीपिंग करने उतरे थे। डिविलियर्स ने 24 गेंद में अर्धशतक भी जड़ा जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।



मैच के बाद सुंदर ने कहा कि वह हैरान हैं कि क्या इस दुनिया में ऐसा भी कोई काम है जो डिविलियर्स नहीं कर सकते। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले 36 साल के डिविलियर्स के संदर्भ में सुंदर ने कहा कि मुझे एक ऐसी चीज बताइए जो वह नहीं कर सकता, टीम को उससे जो भी जरूरत होती है वह उसे करता है। उसे ऐसा करने में खुशी होती है और वह आरसीबी के लिए वर्षों से ऐसा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे काफी संतुलन मिलता है और उसके विकेटकीपिंग करने से गेंदबाजों को भी मदद मिलती है और टीम के लिए फायदे की स्थिति होती है। सोमवार के मैच के संदर्भ में सुंदर ने कहा कि तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने सुपर ओवर में सिर्फ सात रन देकर अपने जज्बे का परिचय दिया। सुंदर ने कहा कि वह (सैनी) शानदार प्रदर्शन कर रहा है, इस साल ही नहीं बल्कि पिछले कुछ वर्षों से। वह काफी अच्छा है और वह लगातार मजबूत हो रहा है।

### अपने प्रदर्शन से संतुष्ट है सुंदर

उन्होंने कहा कि जब हार्दिक (पंड्या) और पोलार्ड सुपर ओवर में क्रीज पर थे तब सिर्फ सात रन देना शानदार है। इससे उसके जज्बे का पता चलता है और उसमें सफलता की कितनी भूख है, उसे श्रेय जाना चाहिए। मैच में जहां 400 से अधिक रन बने वहीं सुंदर ने अपने चार ओवर में 12 रन देकर एक विकेट चटकाया और वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि इस मैच के लिए मैं रणनीति बनाकर आया था और मुझे खुशी है कि मुझे यह भूमिका मिली। मैंने पावरप्ले में गेंदबाजी का लुत्फ उठाया। जब दो दिग्गज बल्लेबाज खेल रहे हों और सर्कल के बाहर सिर्फ दो क्षेत्ररक्षक हों तो काफी मजा आता है। सुंदर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कप्तान मुझ पर इतना भरोसा करते हैं।



# ऑनलाइन क्लासेस के बीच बच्चों की आंखों की ऐसे करें केयर

**ऑनलाइन क्लासेस के दौरान बच्चों की पोजिशन काफी अहम है। आप यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा फोन को अपनी आंखों के बहुत पास नहीं रखता है क्योंकि इससे उसकी आंखों को तनाव हो सकता है और आंखों की मांसपेशियों की थकान हो सकती है।**

पिछले कुछ समय में देश में बच्चों के पढ़ने का तरीका काफी बदल गया है। अब बच्चों की क्लासेस स्कूल की कक्षाओं में नहीं हो रही हैं, बल्कि बच्चे घर पर ही स्क्रीन के सामने बैठकर पढ़ाई करने लगे हैं। यकीनन बच्चों की पढ़ाई का नुकसान न हो, ऐसे में ऑनलाइन क्लासेस का सहारा लेना अच्छा विचार है। लेकिन इसके नकारात्मक पहलुओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लंबे समय तक स्क्रीन के सामने बैठे रहने से बच्चों की आंखों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।



### सही हो पोजिशन

आई केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि ऑनलाइन क्लासेस के दौरान बच्चों की पोजिशन काफी अहम है। आप यह सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा फोन को अपनी आंखों के बहुत पास नहीं रखता है क्योंकि इससे उसकी आंखों को तनाव हो सकता है और आंखों की मांसपेशियों की थकान हो सकती है। लैपटॉप या डेस्कटॉप का उपयोग करते समय, सुनिश्चित करें कि मॉनिटर आंख के स्तर पर है। इस तरह आंखों को अपेक्षाकृत कम नुकसान होता है।

### आंखों को झपकाए

यह एक ऐसा स्टेप है, जो आंखों के लिए बेहद जरूरी है और पैरेंट्स को ही इसे बच्चों को सिखाना होगा। आई केयर एक्सपर्ट की मानें तो स्क्रीन टाइम के दौरान बच्चों को अपनी आंखों को बीच-बीच में ब्लिंक करना चाहिए। उन्हें कहें कि हर आधे घंटे में वह कम से कम दस बार अपनी आंखों को जरूर झपकाएं। इससे उन्हें आंखों में रूखेपन व इचिनेस जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।



### कम करें टाइमिंग

चूंकि इन दिनों बच्चे वैसे ही स्क्रीन पर काफी समय व्यतीत कर रहे हैं। ऑनलाइन क्लासेस लेने से लेकर होमवर्क आदि भी अब स्क्रीन पर ही होने लगे हैं। जिसके कारण उनका स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है। ऐसे में उनकी आंखों की रक्षा के लिए आप उनका स्क्रीन टाइम कम करें। मसलन, उसे अलग से खेलने या टाइम पास करने के लिए टीवी देखने या फिर फोन पर गेम खेलना कम करें। इससे भी उनकी आंखों को कम नुकसान होगा।

## कॉन्टैक्ट लेंस का करते हैं इस्तेमाल, तो इससे हो सकती हैं यह बीमारियां

**कॉन्टैक्ट** लेंस का इस्तेमाल इन दिनों काफी बढ़ गया है। जहां कुछ लोगों के लिए हरदम चश्मा पहनना सुविधाजनक नहीं होता, ऐसे में वह कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करते हैं। इसके अलावा, कुछ लोग बतौर फैशन भी इसे इस्तेमाल करते हैं। कॉन्टैक्ट लेंस के कलर के कारण न सिर्फ उनकी आंखें सुंदर लगती हैं, बल्कि पूरे चेहरे का लुक भी बदल जाता है। हो सकता है कि अब तक आप भी ऐसा करते आए हों। लेकिन इनके साथ एक समस्या यह भी है कि इन्हें हरदम नहीं पहना जा सकता। इसके अलावा, अगर आप इसकी सफाई नहीं करते या फिर सही तरह से देखभाल नहीं करते तो इससे आंखों के संक्रमण होने की संभावना रहती है।

**जो लोग लगातार कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं और उसका पूरा ध्यान नहीं रखते तो ऐसे में उन्हें केराटाइटिस अर्थात कॉर्निया के संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। इसे कॉर्नियल अल्सर भी कहा जाता है। वायरस, बैक्टीरिया, कवक आदि केराटाइटिस का कारण बन सकता है।**

### होती हैं यह बीमारियां

आई केयर एक्सपर्ट बताते हैं कि जो लोग लगातार कॉन्टैक्ट लेंस का इस्तेमाल करते हैं और उसका पूरा ध्यान नहीं रखते तो ऐसे में उन्हें केराटाइटिस अर्थात कॉर्निया के संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। इसे कॉर्नियल अल्सर भी कहा जाता है। वायरस, बैक्टीरिया, कवक आदि केराटाइटिस का कारण बन सकता है। इसके अलावा, जब आप कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं, उन्हें कंजक्टिवाइटिस होने का खतरा अधिक रहता है। ये संक्रमण आपकी आंख के सफेद हिस्से और आपकी पलकों के अंदर को कवर करने वाली पतली झिल्ली में बैक्टीरिया या वायरस से आते हैं।

### पहचानें लक्षण

आई केयर एक्सपर्ट कहते हैं कि आंखों का संक्रमण होने पर आपको कुछ लक्षण नजर आते हैं। अगर आपको उनमें से कोई लक्षण नजर आता है तो आपको तुरंत कॉन्टैक्ट लेंस पहनना बंद कर देना चाहिए और आई केयर एक्सपर्ट को दिखाना चाहिए। इस लक्षणों में प्रमुख है रेडनेस, सूजन, आंखों के बार-बार आंसू आना या चिपचिपापन, धुंधला नजर आना, लाइट सेंसेटिविटी, आंखों में खुजली या जलन का अहसास और आंखों में दर्द होना। हो सकता है कि आप इन्हें हल्के में लें लेकिन वास्तव में यह काफी गंभीर हो सकता है और अपनी आंखों की रक्षा के लिए आपको तुरंत उपचार ही आवश्यकता हो सकती है।

## कोलन कैंसर और आपका आहार कैसे एक दूसरे को करते हैं प्रभावित

**कोलन कैंसर और आपके द्वारा लिया गया आहार दोनों एक दूसरे को कर सकते हैं प्रभावित, जानें क्या है स्वस्थ रहने का तरीका।**

**कोलोरेक्टल** कैंसर अमेरिका में पुरुषों और महिलाओं में  तीसरा सबसे अधिक पाया जाने वाला कैंसर है। स्वस्थ जीवन शैली के विकल्प, जैसे फलों और सब्जियों में उच्च आहार खाने और अपने लाल और प्रसंस्कृत मीट के सेवन को सीमित करने से कैंसर का खतरा कम हो सकता है। इसके साथ ही पर्याप्त व्यायाम करना, शराब को सीमित करना, तंबाकू के सेवन से बचना और स्वस्थ वजन बनाए रखना भी कैंसर से बचाने में मददगार हो सकता है। लेकिन कोलन कैंसर आपके आहार को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है।



### डेयरी प्रोडक्ट से बढ़ता है खतरा

कैल्शियम एक खनिज है, जो स्वस्थ हड्डियों को बनाए रखने और रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण होता है। कुछ कैंसर अनुसंधान अध्ययनों के मुताबिक, कैल्शियम का कम स्तर और कैल्शियम का कम सेवन कोलोरेक्टल कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। विटामिन डी आपके शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करने के लिए काम करता है। इस बारे में डॉक्टर से पूछें कि क्या कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थ और कैल्शियम की खुराक आपके लिए सही हैं। आपको बता दें कि कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करने के लिए दूध, दही, पनीर, मक्खन और आइसक्रीम शामिल हैं।

### साबुत अनाज ज्यादा खाएं

साबुत अनाज ज्यादा खाने से आपको फायदा मिल सकता है। सभी साबुत अनाज के एक प्रकार है क्योंकि इसे संसाधित या परिष्कृत नहीं किया जाता है। साबुत अनाज फाइबर, मैग्नीशियम, और दूसरे विटामिन और पोषक तत्व प्रदान करते हैं जो कई पुरानी बीमारियों के खतरे को कम करते हैं। साबुत अनाज आपके कोलन में कैंसर पैदा करने वाले यौगिकों को पिघला देता है और आपको नियमित रखने में भी मदद करता है।

### डाइट में बीन्स शामिल करें

ब्लैक बीन्स, सोयाबीन, फवा बीन्स, गार्बनोज बीन्स, लीमा बीन्स, एडजुकी बीन्स, सोयाबीन और किडनी बीन्स समेत ज्यादा बीन्स खाने से आपको कोलन कैंसर से बचने में काफी मदद मिल सकती है। लेकिन जब आप कोलन कैंसर की चपेट में आते हैं तो आपको भूख की कमी का शिकार होना पड़ता है जिसके कारण आप पर्याप्त भोजन नहीं ले पाते। इसलिए अगर आप पहले ही बीन्स का सेवन करते हैं तो आप कोलन कैंसर से बच सकते हैं। बीन्स पौधे के खाद्य पदार्थ हैं जो फाइबर, बी विटामिन, विटामिन ई और प्रोटीन जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, ये सभी स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं और कई गंभीर बीमारियों के शिकार से बचाती हैं।

### मछली और कोलन कैंसर

सैल्मन जैसी वसायुक्त मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड, वसा की प्रचुर मात्रा होती है जो आपके हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है और कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद कर सकती है। मछली का तेल कैप्सूल लेना ओमेगा-3 फैटी एसिड के आपके सेवन को बढ़ाने का एक और अच्छा तरीका है। कुछ प्रकार के मछली के तेल विटामिन-डी के साथ होते हैं जो हड्डियों को भी बढ़ावा देने का काम करते हैं। मछली का नियमित रूप से सेवन कर आप कोलन कैंसर के खतरे से बच सकते हैं।

### प्रोसेस्ड मीट से बिगड सकती है कैंसर की स्थिति

अगर आप कोलन कैंसर का शिकार हैं तो इस स्थिति में आपको प्रोसेस्ड मीट का सेवन बिलकुल त्याग देना चाहिए जिससे की आपके कैंसर की स्थिति ज्यादा न बिगड़ें। आपको बता दें कि प्रोसेस्ड मीट पशु आधारित प्रोटीन है जिसे स्मोक्ड, नमकीन, संरक्षित, या जोड़ा रसायनों के साथ ठीक किया गया होता है। इसमें शामिल है हॉट डॉग, हैम, बोलोग्ना, बेकन और लंच मीट। कई अध्ययनों से पता चला है कि जो लोग इन उत्पादों को खाते हैं उनमें कोलन कैंसर और पेट के कैंसर की दर उन लोगों की तुलना में ज्यादा होती है जो मांस का सेवन नहीं करते हैं।

## पांच प्रकार की होती हैं पाचन से जुड़ी समस्याएं

कई बार हमारे पाचन तंत्र में गड़बड़ी के कारण कुछ समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं। जिस की वजह से हमारा पाचन तंत्र ठीक से काम नहीं कर पाता और हमारा खाना पचने में दिक्कत महसूस करता है। ज्यादातर लोग इसके बारे में बात नहीं करना चाहते हैं, लेकिन गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्या होना आम है। यहां सबसे अधिक प्रचलित पाचन स्थितियों, लक्षणों और उपलब्ध सबसे प्रभावी उपचारों में से कुछ के विषय में जानिए विस्तार से। यदि आपको संदेह है कि आपके पास इन में से कोई भी एक परेशानी है, तो संबंधित चिकित्सक से मिलने में हिचकिचायें नहीं।

### गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स रोग


जब पेट में मौजूद एसिड आप की खाने वाली नली में वापिस आ जाता है, तो उसे एसिड रिफ्लक्स कहा जाता है। आप को अपनी छाती के बीच में थोड़ा बहुत दर्द या जलन महसूस होगा। यह अक्सर खाना खाने के बाद या रात में होता है। जिन चीजों को खाने से आप को छाती में दर्द या जलन होती है या आप की सांसों से गंदी बदबू आती है, उन चीजों को न खाएं। वर्ना आप को यह रोग होने की संभावना हो सकती है। इसे ठीक करने के लिए आप को अपनी लाइफस्टाइल में भी कुछ बदलाव करने होंगे।

### पित्ताशय की पथरी

यह एक किस्म के पत्थर होते हैं जो आप के गाल ब्लैडर में जमा हो जाते हैं। पित्त की पथरी तब बन सकती है जब आपके पित्त में बहुत अधिक कोलेस्ट्रॉल या अपशिष्ट होता है, या यदि आपका पित्ताशय ठीक से खाली नहीं होता है। जब पित्त पथरी आपके पित्ताशय की थैली से आपकी आंतों तक जाने वाली नलिकाओं को अवरुद्ध करती है, तो वे आपके ऊपरी-दाएं पेट में तेज दर्द पैदा कर सकती हैं। दवा कभी-कभी पित्ताशय को नष्ट कर देती है, लेकिन अगर वह काम नहीं करता है, तो अगला कदम पित्ताशय की थैली को हटाने के लिए सर्जरी है।

### सीलिएक रोग

यह आप को ग्लूटेन से होने वाली एक गंभीर संवेदनशील बिमारी होती है। यदि आप अधिक ग्लूटेन खाएंगे तो आप के इम्यून सिस्टम में एक प्रकार का अटैक होगा जिससे आप की विली नष्ट हो जाएंगी। विली आपकी छोटी आंतों में उंगली के समान प्रोट्रूशियंस है, जो आपके द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों से पोषक तत्वों को अवशोषित करने में मदद करते हैं। बच्चों में पेट में दर्द और सूजन, दस्त, कब्ज, उल्टी और वजन कम आदि लक्षण हो सकते हैं। वयस्कों में एनीमिया, थकान, हड्डी की हानि, अवसाद और दौरे आदि लक्षण मिलते हैं।



**कई पाचन रोगों के लक्षण समान होते हैं। यहां उन्हें कैसे पहचाना जाए और कब डॉक्टर से संपर्क करें जाने।**

### क्रोहन रोग

क्रोहन जीआई पथ के किसी भी हिस्से को प्रभावित कर सकता है, लेकिन आमतौर पर टर्मिनल इलियम को प्रभावित करता है, जो छोटे आंत्र के अंत और बृहदांत्र की शुरुआत को जोड़ता है। क्रोहन के सबसे आम लक्षण हैं पेट में दर्द, दस्त, मलाशय से खून आना, वजन कम होना और बुखार। इसका उपचार लक्षणों पर निर्भर करता है और इसमें सामयिक दर्द निवारक, प्रतिरक्षाविज्ञानी और शल्यचिकित्सा शामिल हो सकती हैं। डेयरी उत्पादों, कार्बोनेटेड पेय, शराब, कॉफी, कच्चे फल और सब्जियां, लाल मांस, और फैटी, तली हुई, मसालेदार या गैस बनाने वाले खाद्य पदार्थ आदि का सेवन न करने से यह रोग ट्रिगर होने से रोकने में मदद मिलती है।

### अल्सरेटिव कोलाइटिस

अल्सरेटिव कोलाइटिस के लक्षण बहुत हद तक क्रोहन के समान होते हैं, लेकिन प्रभावित पाचन तंत्र का हिस्सा पूरी तरह से बड़ी आंत है। जिसे बृहदांत्र भी कहा जाता है। यदि आप को पेट में तेज दर्द व मल में खून, अचानक से बाउल मूवमेंट्स आदि लक्षण दिखने लगे तो आप को तुरन्त अपने डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इसको ठीक करने के लिए आप डॉक्टर्स द्वारा सुझाई गई दवाइयां लेनी चाहिए। यदि वह दवाइयां काम नहीं करती हैं तो आप को सर्जरी भी करवानी पड़ सकती है।